CMYK

अधिकतम : 30°C
न्यूनतम : 18°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, रविवार 31 मई 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 292 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2083 13 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित





देश को अब एक शिक्षित प्रधानमंत्री की जरूरत: केजरीवाल पेज 2



विनेश फोगाट एशियन गेम्स ट्रायल्स में हारीं खेल टाइम्स



ट्रम्प की ईरान बैठक रही बेनतीजा, नहीं हो सका कोई फैसला या समझौता पेज 2



श्रद्धा कपूर का माइकल जैक्सन के गाने पर फनी डांस वायरल बॉलीवुड

## संक्षिप्त समाचार

### बंगाल में टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी से मारपीट



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के सोनारपुर दक्षिण में टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी से शनिवार शाम को मारपीट हुई है। वे यहां चुनावी हिंसा के पीड़ित टीएमसी कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे थे। आरोप है कि वहां पहुंचते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया और नारेबाजी करते हुए उनके साथ मारपीट कर दी। लोगों ने उन पर पत्थर, जूते और अंडे फेंके, उनकी शर्ट फाड़ दी। अभिषेक को हेलमेट पहनाकर वहां से निकाला गया। पूर्व सीएम ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक ने कहा कि देखो उन्होंने मेरे साथ क्या किया है। यह पहले से प्लान था। इलाके में कोई पुलिस नहीं है। वे मुझे मारना चाहते हैं। हेलमेट की वजह से सिर बच गया। ऐसे हमलों से हम डरेंगे नहीं। पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई है।

### नीट व सीबीएसई के बाद सीयूईटी एग्जाम में भी गड़बड़ी

**नई दिल्ली।** 30 मई को तकनीकी गड़बड़ी की वजह से कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट-अंडरग्रेजुएट यानी सीयूईटी-यूजी की पहली शिफ्ट की परीक्षा दो घंटे देर से शुरू हुई। परीक्षा सुबह 9 बजे शुरू होनी थी, लेकिन ये बाद में दिन में 11 बजे से शुरू हो सकी। देश के कई परीक्षा केंद्रों पर सर्वर और सिस्टम में आई दिक्कतों की वजह से पेपर टाइम पर शुरू नहीं हो सका। कई जगह छात्रों को घंटों इंतजार करना पड़ा, जबकि कुछ केंद्रों पर छात्रों का दावा है कि 4 घंटे इंतजार के बाद परीक्षा रद्द कर दी गई है। सीयूईटी एक कंप्यूटर बेस्ड एग्जाम है, जिसे नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए कराती है। एनटीए के मुताबिक, टीसीएस यानी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की ओर से तकनीकी गड़बड़ी के चलते एग्जाम देर से शुरू हुआ।

# राजस्थान के 5 जिलों में रेतीला बवंडर, दिन में छाया अंधेरा

## यूपी-बिहार में आंधी-तूफान से अब तक 48 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** राजस्थान के 5 जिलों श्रीगंगानगर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़ और सीकर में शनिवार दोपहर रेतीला तूफान आया है। इसके कारण करीब 200 वर्ग किलोमीटर एरिया प्रभावित हुआ।

हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर के रेतीले तूफान की शुरुआत हुई। इस दौरान 60 से 80 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चली। रेतीले तूफान के कारण दिन में ही अंधेरा छा गया। तूफान के कारण दिन में लोगों को वाहनों की हेडलाइट जलानी पड़ गई। इसके कई वीडियो सामने आए हैं। इनमें लोग भागकर घरों में जाते दिखे और घरों को बंद कर लिया। स्थानीय लोगों ने कहा कि ऐसा रेतीला तूफान पहले कभी नहीं देखा। धूल का गुबार 80-100 फीट ऊंचा था। हालांकि तूफान की ऊंचाई का आधिकारिक आंकड़ा सामने नहीं आया है। इधर तूफान के असर से कई पेड़ उखड़ गए, लाइट पोल टूट गए। फिलहाल किसी की मौत की जानकारी सामने नहीं आई है। दरअसल पाकिस्तान से उठे तूफान का असर राजस्थान के बॉर्डर वाले जिलों पर हुआ है। उप्र में पिछले 24 घंटों में छह और लोगों की मौत के बाद आंधी-तूफान से मरने वालों की संख्या 31 हो गई है। उधर बिहार में आंधी-तूफान से अब तक 17 लोगों की जान चली गई है। यूपी के 46 जिलों में आंधी-तूफान का अलर्ट जारी किया गया है।



पाकिस्तान से उठे तूफान ने बदला मौसम, 60 से 80 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली आंधी, करीब 200 वर्ग किलोमीटर का एरिया हुआ प्रभावित


# उप्र में महंगी बिजली का करंट

## जून के बिल में लगेगा 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के करोड़ों बिजली उपभोक्ताओं को जून माह में अधिक बिजली बिल का सामना करना पड़ सकता है। उत्तर प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने वितरण कंपनियों को मार्च 2026 के बढ़े हुए विद्युत खरीद और पारेषण व्यय की भरपाई के लिए जून 2026 के बिलों में 10 प्रतिशत ईंधन एवं विद्युत क्रय समायोजन अधिभार (फ्यूल सरचार्ज) वसूलने के निर्देश दिए हैं।

शुक्रवार देर रात जारी आदेश के अनुसार मार्च 2026 के लिए निर्धारित यह अधिभार जून के बिजली बिलों में जोड़ा जाएगा। सूत्रों के अनुसार जुलाई माह में भी इसी प्रकार का 10 प्रतिशत अधिभार वसूला जा सकता है, जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ने की आशंका है। प्रदेश में लगभग 3.73 करोड़ बिजली उपभोक्ता हैं और इस निर्णय का सीधा असर घरेलू, व्यावसायिक तथा अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष तथा राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने इस निर्णय का विरोध करते हुए कहा कि फरवरी 2026 में भी 10 प्रतिशत फ्यूल सरचार्ज लगाया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि भीषण गर्मी, बिजली संकट, महंगाई तथा पेट्रोल-डीजल और दैनिक उपभोग की वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के बीच बिजली दरों में यह अतिरिक्त वृद्धि आम उपभोक्ताओं के लिए बड़ी परेशानी साबित होगी। वर्मा ने दावा किया कि विद्युत नियामक आयोग (यूपीईआरसी) के टैरिफ आदेश में स्वीकृत वास्तविक विद्युत क्रय लागत 4.94 रुपये प्रति यूनिट थी, जबकि मार्च 2026 में बिजली खरीद की कीमत लगभग 5.86 रुपये प्रति यूनिट दर्शाकर उपभोक्ताओं पर करीब 1,610 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ डाला गया है। उन्होंने मांग की कि मार्च 2026 में महंगी बिजली किन निजी विद्युत उत्पादक कंपनियों से खरीदी गई और किन परिस्थितियों में खरीदी गई, इसकी निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। उपभोक्ता परिषद का आरोप है कि मार्च माह के फ्यूल सरचार्ज में पूर्व अवधि के लगभग 1,400 करोड़ रुपये के दावों को भी शामिल किया गया है, जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त भार बढ़ा है। उपभोक्ता परिषद ने यह भी दावा किया कि प्रदेश की बिजली कंपनियों के पास पहले से ही 51,000 करोड़ रुपये से अधिक का उपभोक्ता अधिशेष (कंज्यूमर सरप्लस) उपलब्ध है। ऐसे में अतिरिक्त अधिभार लगाने से पहले मामले को उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के समक्ष रखा जाना चाहिए था।



इसी प्रकार का 10 प्रतिशत अधिभार जुलाई में भी वसूला जाएगा!

# राजीव कृष्ण ही होंगे यूपी के परमानेंट DGP

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी को 4 साल के इंतजार के बाद परमानेंट (स्थायी) पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मिलने जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, मौजूदा कार्यवाहक डीजीपी राजीव कृष्ण ही यूपी के नए परमानेंट डीजीपी होंगे।

राज्य सरकार जल्द ही इसका आदेश जारी कर सकती है। यूपीएससी की गाइडलाइन और सुप्रीम कोर्ट के नियमों के मुताबिक, वह कम से कम 2 साल तक यूपी के डीजीपी रहेंगे। राजीव कृष्ण एक जून, 2025 से कार्यवाहक डीजीपी की कमान संभाल रहे हैं। दरअसल, यूपी सरकार ने परमानेंट डीजीपी को लेकर यूपीएससी को 19 आईपीएस के नाम भेजे थे।



- रेणुका मिश्रा व पीयूष आनंद को छोड़ा पीछे
- चार साल इंतजार करने के बाद नाम हुआ फाइनल

### डीके शिवकुमार होंगे कर्नाटक के 24वें मुख्यमंत्री

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार अब राज्य के 24वें मुख्यमंत्री बनेंगे। बेंगलुरु में शनिवार को कांग्रेस विधायक दल की बैठक में उन्हें विधायक दल का नेता चुना गया। 28 मई को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले सिद्धारमैया ने उनके नाम प्रस्ताव रखा। इसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। कांग्रेस नेता चंद्रशेखर के मुताबिक, शपथ ग्रहण 3 जून को लोक भवन के ग्लास हाउस में होगा। सूत्रों के मुताबिक सीएम के साथ-साथ कैबिनेट भी बदलेगी। मौजूदा कैबिनेट से 10 मंत्री हटाए जा सकते हैं। इसमें सिद्धारमैया व मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे भी शामिल होंगे। 4 डिप्टी सीएम भी बनाए जा सकते हैं। शिवकुमार सीएम रोटेशनल फॉर्मूला के तहत मुख्यमंत्री बनाए गए हैं।

S. D. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
(Approved by AICTE & Affiliated to AKTU, College Code 083) (BTEUP. College Code 1528)
THE S.D. DEGREE COLLEGE
(Approved by AICTE & Affiliated to Maa Shakumbhari University, College Code 760)
BUILDING ENGINEERS FOR TOMORROW
FIRST INSTITUTE IN U.P. TO LAUNCH A ROCKET!
APPLY NOW



ADMISSIONS OPEN 2026-27
PROGRAM OFFERED
B.TECH | M.TECH COMPUTER SCIENCE & ENGINEERING | DIPLOMA CS | CE | ME | EE | MBA
STRIVING FOR EXCELLENCE
B.TECH SPECIALIZATIONS:
Data Science
Artificial Intelligence
Computer Science & Engineering
Electronics & Comm. Engg.
Electrical Engineering
Civil Engineering
Mechanical Engineering
PROFESSIONAL COURSES:
BCA BACHELOR OF COMPUTER APPLICATIONS
BBA BACHELOR OF BUSINESS ADMINISTRATION
B.Sc BACHELOR OF SCIENCE — MATHS, PHYSICS, CHEMISTRY, MICROBIOLOGY, BOTANY & ZOOLOGY
BA BACHELOR OF ARTS — HINDI, ENGLISH SOCIOLOGY, EDUCATION, HISTORY, DRAWING & POLITICAL SCIENCE
B.Com. BACHELOR OF COMMERCE
Transport and Hostel Facilities Available
Internal Research Projects 820+ | Books and Journals 37500+ | Internships 7800+ | Alumni Network 11500+ | MoUs 35+ | Research Publications 1200+ | Social Events 1200+
For Enquiries: 9258256931-39
www.sdcetmzn.org
Jansath Road, Muzaffarnagar, U.P.
Follow on @sdcetofficial @sdcetEnggMBA
SCAN QR CODE

# फर्जी मुकदमों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वैवाहिक विवादों में झूठे और दुर्भावनापूर्ण आपराधिक मामलों के बढ़ते चलन पर कड़ी चिंता जताई। अदालत ने कहा कि अदालतों और वकीलों दोनों की जिम्मेदारी है कि वे व्यक्तिगत रंजिश निकालने के लिए आपराधिक कानून के दुरुपयोग को हतोत्साहित करें।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने पति और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ दर्ज 10 से अधिक आपराधिक मामलों को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की। इन मामलों में पोक्सो कानून और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत दुष्कर्म के आरोप भी शामिल थे। अदालत ने टिप्पणी की कि, वैवाहिक विवादों के क्षेत्र में तुच्छ और झूठे आरोपों पर आधारित दुर्भावनापूर्ण मुकदमों को न्यायालयों और बार के सदस्यों द्वारा हतोत्साहित किया जाना चाहिए। अधिवक्ताओं को अपने मुवक्किलों को जीवनसाथी के खिलाफ तुच्छ आपराधिक कार्यवाही शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करने के बजाय ऐसा न करने की सलाह देनी चाहिए। पीठ ने अचिन गुप्ता बनाम हरियाणा सरकार के एक मामले में की गई टिप्पणी का भी जिक्र किया। उस फैसले में कहा गया था कि वकीलों पर सामाजिक जिम्मेदारी है कि वे पारिवारिक जीवन के सामाजिक ताने-बाने को टूटने से बचाएं। अदालत ने कहा था कि छोटे-छोटे विवादों को बढ़ा-चढ़ाकर आपराधिक शिकायतों का रूप नहीं दिया जाना चाहिए।



कोर्ट ने पति पर लगे दुष्कर्म समेत 10 केस किए खारिज

मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुठ्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)
डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.E.A., M.I.P.S, Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997892556, 9997411423

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### कपास के अक्टूबर तक आयात पर सीमा शुल्क में पूरी तरह छूट

**नई दिल्ली।** घरेलू कपड़ा उद्योग के लिए कपास की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से, केंद्र ने कपास के आयात पर लगने वाले सभी सीमा शुल्कों से अस्थाई रूप से छूट दे दी है। शनिवार को जारी एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार यह छूट 1 जून, 2026 से 30 अक्टूबर, 2026 तक लागू रहेगी। सरकार का कहना है कि इस अस्थाई शुल्क छूट से कपड़ा और परिधान क्षेत्र में कच्चे माल की लागत कम होने की उम्मीद है, जिससे निर्माताओं और उपभोक्ताओं को लक्षित राहत मिलेगी और साथ ही घरेलू किसानों के हितों का भी ध्यान रखा जाएगा।

### अफगानिस्तान में शरणार्थियों का ट्रक पलटा, 22 की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के लघमान प्रांत के सोरखाकन इलाके में अफगान शरणार्थियों को ले जा रहा एक ट्रक शनिवार सुबह पलट गया, जिसमें कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 36 अन्य घायल हो गए। नांगरहार के सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रमुख, मौलवी अमीनउल्लाह शरीफ ने पज्वोक समाचार एजेंसी को यह जानक. ारी दी। एक प्रवासी वाहन के पलटने से महिलाओं एवं बच्चों सहित 22 लोगों की मौत हो गई।

### पूर्व सांसद नीलम सोनकर को राहत

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ जिले की एक अदालत ने भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद नीलम सोनकर को दो पुराने चुनावी मामलों में बड़ी कानूनी राहत प्रदान की है। अदालत ने दोनों मामलों में अभियोजन पक्ष की ओर से मुकदमे वापस लेने की अनुमति देते हुए नीलम सोनकर सहित सभी आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया।

# चार शांतिरक्षकों को सम्मानित करेगा यूएन

## इनमें भारतीय मेजर अभिलाषा बराक भी शामिल

**संयुक्त राष्ट्र, वार्ता**



संयुक्त राष्ट्र(यूएन) ने 'अंतर्राष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक दिवस' के अवसर पर सेवा, साहस और बलिदान के लिए भारत की मेजर अभिलाषा बराक सहित चार यूएन शांतिरक्षकों को सम्मानित करने की घोषणा की है।

यह पुरस्कार आगामी पांच जून को न्यूयॉर्क में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किए जाएंगे। भारतीय सेना की मेजर अभिलाषा बराक को उनके असाधारण कार्य और अनुकरणीय नेतृत्व के लिए यूएन मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर पुरस्कार से नवाजा जाएगा। उन्होंने शांति मिशन के दौरान महिलाओं के अधिकारों और उनकी सुरक्षा की पुरजोर वकालत करते हुए जमीनी स्तर पर अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वैश्विक मंच पर उनके इस अद्वितीय योगदान को सराहते हुए ही उन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चुना गया है।

वर्तमान में मेजर अभिलाषा बराक दक्षिणी लेबनान में तैनात संयुक्त राष्ट्र मिशन की भारतीय बटालियन में सामुदायिक संपर्क टीम की कमांडर और लैंगिक समन्वय अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं। उन्होंने वहां व्यापक जनसंपर्क अभियानों का सफल नेतृत्व करते हुए पांच हजार से अधिक महिलाओं और लड़कियों तक अपनी पहुंच बनाई है। मेजर बराक ने विपरीत परिस्थितियों में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई नवाचार-आधारित उपाय भी शुरू किए हैं। इस वर्ष तीन अन्य अंतर्राष्ट्रीय शांतिरक्षकों को भी सम्मानित किया जा रहा है। इनमें यूक्रेन के सर्गेई प्रिखोदको को मरणोपरांत प्रतिष्ठित 'कैप्टन म्बाए डियान पदक' से सम्मानित किया जाएगा।

वहीं उरुग्वे के सार्जेंट मातियास रेएस को भी 'कैप्टन म्बाए डियान पदक' प्रदान किया जाएगा, जबकि जर्मनी की इंस्पेक्टर स्टेफनी कोनिग्स को सर्वश्रेष्ठ महिला पुलिस अधिकारी के पुरस्कार से विभूषित किया जाएगा।

# ट्रम्प की ईरान के साथ बैठक बेनतीजा खत्म

**वाशिंगटन, वार्ता**

ईरान अमेरिका समझौते को लेकर विशेष कक्ष में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक के दो घंटे लंबी चलने के बाद भी दुनिया को सिर्फ इंतजार ही हाथ लगा है।

इस बैठक में खाड़ी में चल रही जंग को लेकर आखिरी फैसले पर बातचीत हुई और अंतिम फैसले का भरोसा दिया गया, लेकिन यह बैठक आखिरकार बेनतीजा खत्म हो गई। जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस के खास कमरे, सिचुएशन रूम में अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम की बैठक बुलाई, तो बनाए गए माहौल से यह उम्मीद की जा रही थी कि वे किसी फैसले के साथ बाहर आएंगे। उन्होंने दिन की शुरुआत में ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर इसके संकेत भी दिए थे कि ईरान के साथ एक अस्थाई व नाजुक समझौते पर अंतिम फैसला होने वाला है, लेकिन दो घंटे बाद वे बिना कुछ बोले बाहर निकल गए और दुनिया इंतजार करती रह गई। बैठक के बाद कोई घोषणा नहीं की गई और न ही किसी समझौते की पुष्टि हुई। व्हाइट हाउस के एक



**नहीं हो सका कोई फैसला या समझौता, दुनिया को सिर्फ इंतजार**

अधिकारी ने केवल इतना संक्षिप्त आश्वासन दिया कि ट्रम्प केवल वही समझौता करेंगे, जो अमेरिका के लिए अच्छा हो और उनकी शर्तों को पूरा करता हो, जो कि तथ्य से ज्यादा एक रणनीतिक रुख को दर्शाता है।

राष्ट्रपति ट्रम्प ने बाद में ट्रुथ सोशल के जरिए कहा कि अगले नोटिस तक कोई धनरा. शि ली या दी नहीं जाएगी और बहुत कम महत्व की अन्य वस्तुओं पर सहमति बन गई है। हालांकि यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि क्या वे होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने और परमाणु वार्ता शुरू करने के लिए ईरान के साथ उभर रहे समझौते पर हस्ताक्षर करने की योजना बना रहे हैं। इस बैठक में विदेश मंत्री मार्को रुबियो और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए, जिसका मुख्य फोकस दो जुड़े हुए लक्ष्यों पर था, रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलना और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर औपचारिक बातचीत की दोबारा शुरुआत करना। ट्रम्प ने अपने शुरुआती पोस्ट में जलमार्ग को खोलने के साथ-साथ कई कड़ी मांगें रखी थीं। ईरान ने अमेरिका की इन मौजूदा शर्तों पर किसी भी समझौते को सार्वजनिक रूप से खारिज कर दिया है। ईरानी अधिकारियों का कड़ा रुख है कि जब तक विदेशी बैंकों में जब्त पड़ी उनकी लगभग बारह बिलियन डॉलर की संपत्ति को जारी नहीं किया जाता, तब तक कोई सार्थक बातचीत शुरू नहीं हो सकती। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि किसी भी सहमति पत्र को अंतिम रूप नहीं दिया गया है और न ही इस बात की कोई पुष्टि है कि निचले स्तर के वार्ताकारों द्वारा चर्चा किए जा रहे इस मसौदे को ईरान के सर्वोच्च नेतृत्व ने मंजूरी दी है।

## यूपी के 46 जिलों में आंधी-तूफान का अलर्ट, 14 जिलों में होगी भारी बारिश

# बारिश व आंधी से 31 लोगों की मौत, परिंदे भी मरे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** नौतपा की भीषण गर्मी के बीच उत्तर प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। मौसम विभाग ने शनिवार के लिए प्रदेश के 46 जिलों में तेज आंधी, मेघगर्जन और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि 14 जिलों में भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है।

गुरुवार देर रात से सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ तथा बंगाल की खाड़ी एवं अरब सागर से आ रही नम हवाओं के प्रभाव से प्रदेष्ठा के अनेक हिस्सों में तेज हवाएं, गरज-चमक और बारिश हुई। राजधानी लखनऊ सहित पश्चिमी एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में मौसम सुहावना हो गया। तराई क्षेत्र में भी अच्छी वर्षा दर्ज की गई,



**मुजफ्फरनगर समेत 46 जिलों में हवाओं के साथ वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी, चित्रकूट में पेड़ गिरने से 500 तोते मरे**

जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में ओलावृष्टि हुई। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश के कई जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से आठ डिग्री सेल्सियस तक नीचे दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटों में छह और लोगों की मौत के बाद आंधी-तूफान से मरने वालों की संख्या बढ़कर 31 हो गई है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सहारनपुर सबसे अधिक वर्षा वाला जिला रहा, जहां 32 मिमी बारिश हुई। हाथरस में 30 मिमी तथा बिजनौर, हमीरपुर और जालौन में 20-20 मिमी वर्षा दर्ज की गई। सीतापुर, बदायूं और झांसी समेत कई जिलों में ओलावृष्टि भी हुई। मौसम विभाग ने शनिवार के लिए बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, सोनभद्र, मिर्जापुर, संत रविदास नगर (भदोही), देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीता. पुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर जिलों में 50 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं, मेघगर्जन और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा बांदा, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहज. हांपुर, संभल, बदायूं, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर जिलों में भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है। चित्रकूट में आंधी-बारिश की चपेट में आकर करीब 500 तोते मारे गए हैं। पेड़ों के गिरने और तेज हवाओं से पक्षियों के झुंड बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।

### मानसून में 35 करोड़ पौधे लगाएगी योगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में हरित आवरण बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से योगी सरकार ने पौधरोपण महाभियान-2026 की तैयारियां तेज कर दी हैं। मानसून सत्र के दौरान जनसहभागिता के माध्यम से प्रदेश में 35 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए 1900 से अधिक नर्सरियों में 52.44 करोड़ पौधे तैयार किए जा रहे हैं। वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अधिकारियों के अनुसार पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में 242 करोड़ से अधिक पौधों का रोपण किया जा चुका है।

# सूर्या चौहान हत्याकांड के दोषियों को सजा मिले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने गाजियाबाद जिले के खोड़ा क्षेत्र में नौजवान सूर्या चौहान के हत्यारों को कड़ी सजा देने की मांग की है। सुश्री मायावती ने हत्या की घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे अति दुखद और चिंताजनक बताया और प्रदेश सरकार से त्वरित कार्रवाई की मांग की।

सोशल मीडिया पर जारी बयान में मायावती ने कहा कि यूपी के जिला गाजियाबाद में खोड़ा के एक नौजवान युवक सूर्या चौहान की हुई हत्या की घटना अति दुखद व चिंताजनक है। इस तरह की घटनाएं आएदिन सामने आ रही हैं, जिनकी रोकथाम के लिए शासन और प्रशासन को ठोस कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने मांग की कि इस हत्याकांड में



**मायावती ने चौहान की हत्या को बताया दुखद**

शामिल अपराधियों की पहचान कर उन्हें कानूनी रूप से कड़ी सजा दी जाए। उन्होंने यह भी चेताया कि जैसे-जैसे चुनाव का समय नजदीक आता जाएगा, ऐसी घटनाओं के व्यापक दुष्परिणाम होंगे। अतः सरकार पूरी तरह सतर्क रहे।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 75867.80
निफ्टी 23907.15

सोना 156000 प्रति 10 ग्राम
चांदी 263000 प्रति किलो

# भारतीय अर्थव्यवस्था का परिदृश्य मजबूत सतर्कता की जरूरत: वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली, वार्ता**

वित्त मंत्रालय ने विभिन्न संकेतकों के हवाले से भारतीय अर्थव्यवस्था के परिदृश्य को मजबूत बताया, लेकिन साथ ही पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर सतर्कता की आवश्यकता पर भी जोर दिया। वित्त मंत्रालय की शनिवार को जारी मासिक रिपोर्ट के अनुसार सेवा क्षेत्र का निर्यात मजबूत है, देश के पास विदेशी मुद्रा भंडार का पर्याप्त भंडार है और बाजार में स्थिरता है, जो एक मजबूत आधार प्रदान करता है। रिपोर्ट में कहा गया है, निकट भविष्य में देश का (आर्थिक) परिदृश्य मजबूत है, लेकिन सतर्कता की जरूरत है।

वैश्विक माहौल में चुनौतियां बढ़ने का जिक्र करते हुए मंत्रालय ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी हुई हैं, वित्तीय परिस्थितियां प्रतिकूल हो रही हैं और दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि की रफ्तार सुस्त पर रही है। ये सभी कारक भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए नकारात्मक हैं। रिपोर्ट में पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद घरेलू उद्योगों,



**कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी हुई हैं, वित्तीय परिस्थितियां प्रतिकूल हो रही हैं**

विषेशकर निर्यातकों की मदद के लिए सरकार द्वारा किए गए उपायों का भी जिक्र किया गया है। इनमें एमएसएमई के लिए 2.55 लाख करोड़ की इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम 5.0 और कोल/लिगनाइट गैसीफिकेशन स्कीम शामिल हैं। मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रिपोर्ट की मुख्य बातें साझा करते हुए सिर्फ मार्च तक के आंकड़ों का उल्लेख किया है। औद्योगिक उत्पादन के अप्रैल के आंकड़े महीने के अंतिम कार्यदिवस पर 29 मई को जारी किए जाने थे, लेकिन ये अभी जारी नहीं हुए हैं। खुदरा और थोक मुद्रास्फीति के अप्रैल के आंकड़े जारी हो चुके हैं, लेकिन मुख्य बातों में मार्च के आंकड़ों को रखा गया है।

### इस हफ्ते सोने-चांदी में गिरावट रही

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में इस हफ्ते गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,654 रुपए गिरकर 1.56 लाख रुपए हो गया है। इससे पहले ये बीते सप्ताह यानी 23 मई को 1. 58 लाख रुपए पर था। वहीं चांदी 2.66 लाख रुपए किलो से गिरकर 2.63 लाख रुपए पर आ गई है। यानी इसकी कीमत 2,650 रुपए कम हुई। सोने में इस साल की शुरुआत में तेजी दिखी थी, लेकिन पिछले कुछ हफ्तों में मुनाफावसूली और वैश्विक कारणों से इसमें गिरावट आई है। चांदी में सोने के मुकाबले ज्यादा उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। यह अपने ऑलटाइम हाई से काफी नीचे आई है। आमतौर पर जंग के माहौल में सोने-चांदी के दाम बढ़ते हैं, लेकिन इस बार स्थिति थोड़ी अलग है।

# उप्र के 1.40 लाख से अधिक स्कूलों का होगा सेफ्टी ऑडिट

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश सरकार ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रदेश के सभी सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में व्यापक सुरक्षा ऑडिट एवं जोखिम आकलन (रिस्क असेसमेंट) कराने का निर्णय लिया है। इस पहल के तहत राज्य के 1,40,555 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया जाएगा।

अधिकारियों के अनुसार इस अभियान में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट, माध्यमिक विद्यालयों तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों को शामिल किया गया है। सरकार का उद्देश्य लाखों विद्यार्थियों को



अधिक सुरक्षित और संरक्षित शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराना है। योजना के तहत प्रदेश के सभी जिलों में विद्यालयों का वैज्ञानिक एवं तकनीकी मानकों के आधार पर निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान विद्यालय भवनों की संरचनात्मक स्थिति, अग्नि सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा, आपदा प्रबंधन की तैयारी, स्वच्छता सुविधाएं, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था तथा परिसर की समग्र सुरक्षा व्यवस्था का विस्तृत परीक्षण किया जाएगा। साथ ही संभावित जोखिमों की पहचान कर उनके निवारण के लिए विस्तृत सुझाव भी तैयार किए जाएंगे। इस परियोजना के क्रियान्वयन के लिए बेसिक शिक्षा विभाग और माध्यमिक शिक्षा विभाग ने शुक्रवार को केंद्र सरकार के गवर्नमेंट ई- मार्केटप्लेस (जेम) पोर्टल के माध्यम से चयनित एजेंसी बेनेट कोलमैन एंड कंपनी लिमिटेड (बीसीसीएल) के साथ समझौता किया। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी, प्रभारी निदेशक माध्यमिक शिक्षा सुरेंद्र कुमार तिवारी, निदेशक बेसिक शिक्षा प्रताप सिंह बघेल तथा बीसीसीएल के मुख्य व्यवसाय अधिकारी कुलदीप पाठक और मुख्य प्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख बृजेश कुमार मिश्रा उपस्थित रहे।


स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# देश को अब एक शिक्षित प्रधानमंत्री की जरूरत : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रीप पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) पेपर लीक पर रोक लगाने के लिए उठाए जा रहे निष्प्रभावी कदमों के लिए केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि निश्चित रूप से अब देश को एक शिक्षित प्रधानमंत्री की जरूरत है।

आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पेपर लीक और इसे रोकने के लिए उठाए जा रहे निष्प्रभावी कदमों के लिए केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि निश्चित रूप से अब देश को एक शिक्षित प्रधानमंत्री की जरूरत है। मौजूदा केंद्र सरकार नीट पेपर लीक की जड़ तक पहु. चने के बजाय अनपढ़ों जैसी बात कर रही है। सरकार कह रही है कि नीट में पेपर लीक रोकने के लिए वायु सेना के जहाज इस्तेमाल किए जाएंगे। क्या इससे पेपर लीक रूकेगा? उन्होंने कहा



**पेपर लीक मामले पर आप ने पीएम को घेरा**

कि वास्तविकता तो यह है कि पेपर लीक रोकने की सरकार की नीयत ही नहीं है। आज देश की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह माफिया के चंगुल में आ चुकी है। अगर व्यवस्था को ठीक करना है, तो सबको मिलकर कुछ करना होगा। अकेले किसी के कुछ करने से नहीं होगा। केजरीवाल ने शनिवार को एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि मैं खुद आईआईटी से इंजीनियर हूं, पढ़ा-लिखा हूं। इसलिए शिक्षा के महत्व को समझता हूं। उन्होंने कहा कि मैं मानता हूं कि जब तक हर बच्चे को अच्छी शिक्षा नहीं मिलेगी, तब तक देश तरक्की नहीं कर सकता। शुक्रवार को हमारे देश की सरकार ने एलान किया है कि अब नीट के पेपर को लीक होने से बचाने के लिए एयरफोर्स के जहाज और एयरफोर्स के बुलेट प्रूफ ट्रकों से उसे ट्रांसपोर्ट करेंगे। यह क्या मजाक बना रखा है? क्या हमें बेवकूफ समझा जा रहा है? केजरीवाल ने कहा कि पूरी दुनिया में इतने बड़े-बड़ पेपर होते हैं, लेकिन क्या कहीं सुना है कि एयरफोर्स से उन्हें ट्रांसपोर्ट किया जाता है? क्या कहीं इस किस्म की नौटंकी सुनी है? केवल और केवल इस सरकार को नौटंकी करनी आती है। यह दिखाने के लिए कि हमने कितना बड़ा कदम ले लिया। पेपर लीक होने से बचाने के लिए हम यह सब कर रहे हैं। सिस्टम को ठीक करने का सरकार का कोई इरादा नहीं है।

# खेत बचाओ अभियान एक जून से 30 तक देशभर में चलेगा: शिवराज चौहान

**नई दिल्ली, वार्ता**

उर्वरकों के संतुलित इस्तेमाल, मिट्टी की जांच, जैविक खाद को बढ़ावा देने के मकसद से केंद्रीय कृषि मंत्रालय का 'खेत बचाओ अभियान' एक जून से 30 जून तक देशभर में चलेगा। अभियान का लक्ष्य है कि खेत बचे, लागत संभले, मिट्टी सुधरे, किसान जागरूक बने और गांव स्तर पर कृषि प्रबंधन की नई संस्कृति विकसित हो।

एक सरकारी विज्ञप्ति में शनिवार को यह जानकारी दी गई। इसमें बताया गया है कि केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'खेत बचाओ अभियान' को खेत, किसान और गांव को जोड़ने वाला व्यापक राष्ट्रीय अभियान बनाने का संदेश दिया है। इस अभियान की तैयारी के संबंध में चौहन ने यहां एक उच्चस्तरीय बैठक लेकर अभियान का फोकस संतुलित एवं विवेकपूर्ण उर्वरक उपयोग, मौसम की चुनौती के मद्देनजर समय पर किसान सलाह, पंचायत स्तर पर सक्रिय



**खेत में जाकर किसान का दी जाएगी स्थिति विशेष की सलाह**

भागीदारी और योजनाओं के लाभ को सीधे गांव तक पहुंचाने पर रखने की बात कही। श्री चौहान ने कहा कि जून महीने भर चलने वाले 'खेत बचाओ अभियान' को प्रभावी और परिणामकारी बनाने के लिए इसका फोकस खेत बचाने, लागत संतुलित करने और किसान को सही समय पर सही मार्गदर्शन देने पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह अभियान ऊपर से नीचे तक नहीं, बल्कि पंचायत से लेकर राज्य और केंद्र तक साझी भागीदारी के मॉडल पर चलेगा। उन्होंने सबसे खास बल इस बात पर दिया कि रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित उपयोग को कम करना अभियान का प्रमुख उद्देश्य होगा। किसानों को मिट्टी की जांच, संतुलित और सही मात्रा में खाद तथा अन्य कृषि आगतों के उपयोग के बारे में जागरूक करने, हरी खाद, जैविक और जैव- उत्पादों के उपयोग को बढ़ाने तथा एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन के बारे में बताने का लक्ष्य रखा गया है। कृषि मंत्री ने कहा कि आने वाले समय को लेकर जो मौसम संबंधी चिंता जताई जा रही है, उसके मद्देनजर किसानों को व्यावहारिक सलाह दी जाएगी कि वे क्या करें, क्या न करें, कौन-सी फसल लें, कहां फसल विविधीकरण अपनाएं और कम पानी या जोखिम की स्थिति में कौन-से विकल्प बेहतर रहेंगे। अभियान का उद्देश्य केवल संदेश देना नहीं, बल्कि खेत-स्तर पर किसान को स्थिति-विशेष के अनुरूप सलाह देना होगा। बैठक में यह भी कहा कि पंचायत स्तर पर इस अभियान को मजबूत आधार दिया जाएगा। पंचायत स्तर पर मशीनों का वितरण, योजनाओं का लाभ और जहां संभव हो वहां सरकारी कार्यक्रमों का प्रत्यक्ष लाभ भी इसी अभियान के अंतर्गत जोड़ा जाएगा। चौहान ने यह भी कहा कि अभियान को केवल विभागीय दायरे में सीमित नहीं रखा जाएगा।

### बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष से मांगे एक करोड़

**नागपुर।** भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी को व्हाट्सएप मैसेज के जरिए से जान से मारने की धमकी दी गई है। अज्ञात व्यक्ति ने उनसे 1 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी है। शुरुआती जांच में यह नंबर जम्मू-कश्मीर का बताया जा रहा है, हालांकि साइबर टीम की मदद से आरोपियों की तलाश जारी है। सिद्दीकी को 25 से 27 मई के बीच मोबाइल नंबर 8899162823 से धमकी भरे संदेश आए। आरोपी ने यूपीआई और बैंक ट्रांसफर के जरिए 50 लाख से 1 करोड़ रुपये तक की मांग की। उसी संदेश में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, सचिन पायलट और उदय भानु चिब को बम से उड़ाने की भी बात कही गई है। आरोपी ने दावा किया कि इन नेताओं ने उसका अपमान कर पार्टी से निकाल दिया, जिसका बदला वह लेना चाहता है।

# विकसित भारत 140 करोड़ भारतीयों का संकल्प : नबीन



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** विकसित भारत 2047 ट्रांसफॉर्मेटिव रोल ऑफ हायर एजुकेशन विषय पर अकादमिक कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कहा कि, विकसित भारत 2047 का सपना अब केवल सरकार का नहीं बल्कि समस्त 140 करोड़ देशवा. सियों का संकल्प बन गया है।
वहीं उन्होंने अपनी जन्मभूमि बिहार को ज्ञान और उत्तराखंड को ज्ञान एवं अध्यात्म का अद्भुत संगम बताया।
शिवालिक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विषय प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने में उच्च शिक्षा संस्थानों की भूमिका रहा। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार, कौशल विकास तथा उद्यमिता को नई ऊँचाइयों तक ले जाना होगा।
अपने संबोधन में नितिन नबीन ने कहा कि वे ज्ञान की भूमि से आते हैं और देवभूमि उत्तराखंड में ज्ञान तथा अध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने जनता से निरंतर संवाद और संवेदनशील नेतृत्व के माध्यम से प्रदेश को नई दिशा दी है। कहा कि उत्तराखंड ने सदैव देश को वीर सैनिक दिए हैं और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विकसित भारत 2047 का सपना अब केवल सरकार का नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का संकल्प बन चुका है।
आज मेक इन इंडिया और वोकल फॉर लोकल जैसे अभियानों के माध्यम से भारत पुन: आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। नितिन नबीन ने कहा कि कोविड महामारी के दौरान भारतीय वैज्ञानिकों, डॉक्टरों और शोधकर्ताओं ने विश्व को भारत की क्षमता का परिचय कराया। भारत की शोध परंपरा और अध्यात्म दोनों विश्व के लिए अमूल्य धरोहर हैं।
उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस युग में भारत केवल मानव संसाधन उपलब्ध कराने वाला देश नहीं बल्कि वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में भी उभर रहा है। देश में सेमीकंडक्टर उद्योग की कई इकाइयां स्थापित की जा रही हैं, जिससे तकनीकी आत्मनिर्भरता को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद स्टार्टअप और यूनिकॉर्न संस्कृति ने युवा भारत को नई पहचान दी है। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, शिवालिक समूह के चेयरमैन सुनील कुमार, वाइस चेयरमैन अजय कुमार, विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर, मुन्ना सिंह चौहान, सविता कपूर, आईआईटी रोपड़ के निदेशक प्रो. राजीव आहूजा, यूटीयू की कुलपति प्रो. त्रिप्ता ठाकुर, हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रकाश सिंह डॉ. दुर्गेश पंत, प्रो. सुरेखा डंगवाल, सुरेंद्र मित्तल, कुसुम कंडवाल, विश्वास डावर, मीता सिंह एवं शिक्षाविद्, जनप्रतिनिधि एवं बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

### कहा- अंतिम गांव तक विकास पहुंचाना ही वास्तविक राष्ट्र निर्माण

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कहा वि कहा कि डिजिटल क्रांति के साथ-साथ भारत की संस्कृति, अध्यात्म और राष्ट्रीय सुरक्षा को भी समान महत्व देना होगा। अंतिम गांव तक विकास पहुंचाना ही वास्तविक राष्ट्र निर्माण है। उन्होंने युवाओं, विशेषकर जेन-जी पीढ़ी को नवाचार, उद्यमिता और राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का आह्वान किया तथा राजनीति में युवाओं की बढ़ती भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में केंद्र सरकार की पहलों की सराहना करते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को और अधिक अवसर प्रदान करेगा। उत्तराखंड में होमस्टे नीति, ऑल वेदर रोड परियोजना, समान नागरिक संहिता और हरिद्वार कॉरिडोर जैसी पहलों की भी उन्होंने प्रशंसा की।

**विकसित भारत 2047 ट्रांसफॉर्मेटिव रोल ऑफ हायर एजुकेशन विषय पर अकादमिक कॉन्क्लेव का आयोजन, मुख्यमंत्री धामी रहे मौजूद**

### डॉ. रावत ने राज्य सरकार की उपलब्धियों को रखा सामने

कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने राज्य सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि पूर्ण साक्षरता, घर-घर बिजली, पानी और सड़क पहुंचाने की दिशा में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। प्रति व्यक्ति आय पिछले वर्षों में उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है। भीख मांगने वाले लगभग 1700 बच्चों को शिक्षा और संरक्षण उपलब्ध कराने के लिए छात्रावासों में रखा गया है। आयुष्मान योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपये तक की नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है और लाखों लोग इसका लाभ उठा चुके हैं। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा को रोजगार और उद्यमिता से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है।

## रूद्रप्रयाग में सिलेरियो कार खाई में गिरी, तीन की मौत, पांच घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** जनपद रुद्रप्रयाग के कोतवाली ऊखीमठ क्षेत्रान्तर्गत भीरी-पेलिंग मोटर मार्ग पर शनिवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ एवं डीडीआरएफ की टीमों ने मौके पर पहुंचकर संयुक्त रेस्क्यू अभियान चलाया और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार करीब 12:15 बजे सूचना मिली कि भीरी-पेलिंग मोटर मार्ग पर एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया है।
सूचना पर पुलिस उपाधीक्षक रुद्रप्रयाग विकास पुंडीर के नेतृत्व में कोतवाली ऊखीमठ पुलिस, एसडीआरएफ तथा डीडीआरएफ की टीमें तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुईं। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। मौके पर पहुंची टीमों ने पाया कि वाहन संख्या न्ञ13ठ-4293 (सिलेरियो) सड़क से लगभग 50 फीट नीचे गहरी खाई में गिरकर एक पेड़ पर अटका हुआ था। वाहन बांसवाड़ा क्षेत्र से पेलिंग/उथिंड गांव की ओर जा रहा था। संयुक्त रेस्क्यू अभियान के दौरान वाहन में फंसे लोगों को बाहर निकालकर तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि भेजा गया। दुर्घटना में पांच लोग घायल हुए हैं, जिनमें रेशमा देवी, दक्षित (5 वर्ष), सान्वी (3 वर्ष), विहान (8 वर्ष) तथा वैभव (10 वर्ष) शामिल हैं। सभी घायलों का उपचार चिकित्सकीय निगरानी में किया जा रहा है। वहीं हादसे में महेन्द्र सिंह (68 वर्ष), उनके पुत्र अंजन सिंह (42 वर्ष) तथा संगीता देवी (32 वर्ष) की मृत्यु हो गई। पुलिस द्वारा आवश्यक कानूनी कार्यवाही पूर्ण कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया।
पुलिस के अनुसार दुर्घटना में घायल एवं मृतक सभी व्यक्ति उथिंड गांव के निवासी हैं। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। हादसे की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। स्थानीय लोगों ने मृतकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। दुर्गम क्षेत्र में समय रहते चलाए गए संयुक्त रेस्क्यू अभियान की स्थानीय लोगों ने सराहना की है। पुलिस, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ एवं ग्रामीणों के समन्वित प्रयासों से घायलों को शीघ्र अस्पताल पहुंच. ाकर उनकी जान बचाने का प्रयास किया गया।

## जोशी के नेतृत्व में रिटायर्ड सैन्य अफसरों ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से की मुलाकात



**देश की सुरक्षा और अखंडता बनाए रखने में सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों की भूमिका अतुलनीय : नवीन**

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी के नेतृत्व में आज बीजापुर गेस्ट हाउस में उत्तराखंड के रिटायर्ड सैन्य अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से शिष्टाचार भेंट कर उनका उत्तराखंड आगमन पर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत भी उपस्थित रहे।
इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को प्रथम विश्व युद्ध के महानायक एवं गढ़वाल राइफल्स के वीर योद्धा गब्बर सिंह नेगी की स्मृति से जुड़ा स्मृति चिन्ह भेंट कर उत्तराखंड की गौरवशाली सैन्य परंपरा से अवगत कराया।
भेंटवार्ता के दौरान पूर्व सैनिकों एवं सैन्य अधिकारियों ने उत्तराखंड की वीरभूमि की सैन्य विरासत, पूर्व सैनिकों के कल्याण तथा राष्ट्र निर्माण में सैनिकों के योगदान से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पूर्व सैनिकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा और अखंडता बनाए रखने में सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों की भूमिका अतुलनीय है। इस अवसर पर मेजर जनरल प्रबोध सरन राणा, मेजर जनरल अभय कार्की, मेजर जनरल एस.एस. नेगी, ब्रिगेडियर के.जी. बहल, कर्नल आर.एस. भण्डारी, कर्नल पवन वाही, कर्नल शर्मा, कर्नल आर.एस. क्षेत्री, कैप्टन दिनेश प्रधान, नायब सुबेदार विक्रम कण्डारी, कैप्टन बिष्ट एवं पीटीआर शमशेर सिंह बिष्ट सहित अनेक पूर्व सैन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# उत्तराखण्ड शिक्षा, ज्ञान और अध्यात्म की परंपरा का रहा है केंद्र : सीएम धामी



**राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भारतीय शिक्षा प्रणाली के प्राचीन गौरव को पुनर्स्थापित करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को शिवालिक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, देहरादून में विकसित भारत 2047 के निर्माण में उच्च शिक्षा का महत्त्व विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत के निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में शिक्षा, नवाचार, अनुसंधान और कौशल विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन हुए हैं, जो भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।
मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 भारतीय शिक्षा प्रणाली के प्राचीन गौरव को पुनर्स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। यह नीति विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नवाचार, अनुसंधान एवं व्यावहारिक कौशल को बढ़ावा देने के साथ उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों को केवल शिक्षण केंद्र नहीं, बल्कि ज्ञान, अनुसंधान और नवाचार के उत्कृष्ट केंद्रों के रूप में विकसित किया जाना चाहिए।
मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज विश्व का प्रमुख स्टार्टअप हब बन रहा है तथा डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों ने भारत की विकास यात्रा को नई गति प्रदान की है। उन्होंने कहा कि आज भारत विज्ञान, प्रौद्योगिकी, रक्षा, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर अपनी सशक्त पहचान बना रहा है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड शिक्षा, ज्ञान और अध्यात्म की समृद्ध परंपरा का केंद्र रहा है। राज्य सरकार शिक्षा में नवाचार, डिजिटल लर्निंग और भारतीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राज्य में स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लाइब्रेरी, ऑनलाइन शिक्षण सुविधाओं के विस्तार के साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और डेटा साइंस जैसे आधुनिक विषयों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दून विश्वविद्यालय में स्थापित सेंटर फॉर हिंदू स्टडीज भारतीय ज्ञान परंपरा के अध्ययन और अनुसंधान को नई दिशा देगा।
मुख्यमंत्री ने कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में युवाओं को भविष्य के अनुरूप कौशल, नवाचार और नेतृत्व क्षमता से युक्त बनाना आवश्यक है। इसके लिए राज्य सरकार उद्योगों एवं शैक्षणिक संस्थानों के बीच समन्वय, इंटर्नशिप, इंडस्ट्री-लिंक्ड पाठ्यक्रमों तथा स्टार्टअप एवं इन्क्यूबेशन सेंटरों को प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य युवाओं को केवल रोजगार तलाशने वाला नहीं, बल्कि रोजगार सृजित करने वाला बनाना है।मुख्यमंत्री ने उपस्थित शिक्षाविदों, विशेषज्ञों एवं प्रबुद्धजनों का आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने ज्ञान और अनुभव को विक. सित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाएं।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, शिवालिक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के अध्यक्ष सुनील कुमार, उपाध्यक्ष अजय कुमार, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति सहित विभिन्न क्षेत्रों के शिक्षाविद, विशेषज्ञ एवं प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

### हिंदी पत्रकारिता दिवस पर पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित

**ऋषिकेश।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की ओर से पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल, वरिष्ठ समाज सेवी बचन पोखरियाल, श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष राजीव खत्री, ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट के अध्यक्ष हरिओम शर्मा, श्रमजीवी पत्रकार यूनियन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व ऋषिकेश प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र चमोली, पूर्व अध्यक्ष श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ऋषिकेश राजेश शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया।
समारोह में ऋषिकेश प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष आशीष डोभाल, वरिष्ठ पत्रकार मनोज राणा, सुदीप कपरूवाण को सम्मानित किया गया।

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दिया प्रभावी प्रस्तुतिकरण पर जोर

## विपक्ष के नकारात्मक एजेंडे को ध्वस्त करने का दिया मार्गदर्शन



**मिशन हैट्रिक में जुटने का आहवान, मीडिया टीम जनता और सरकार के मध्य संवाद का प्रभावी माध्यम**

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संगठन की मीडिया टीम को सरकार और जनता के मध्य सेतु तथा संवाद का सशक्त माध्यम बताते हुए मिशन 2027 में प्रचंड जीत के लिए जुटने के निर्देश दिए। जिसमें उन्होंने प्रिंट, इलेक्ट्रानिक, और सोशल मीडिया के तमाम माध्यमों पर संगठन और सरकार का प्रभावी प्रस्तुतीकरण के साथ विपक्ष के नकारात्मक एजेंडे को ध्वस्त करने का मार्गदर्शन दिया।
अपने तीन दिवसीय उत्तराखंड प्रवास में अंतिम बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कैंट स्थित बीजापुर सेफ हाउस में शामिल हुए। जिसमें पार्टी की मीडिया, सोशल मीडिया और आईटी टीम के प्रदेश पदाधिकारियों ने सहभागिता की।

### जीत की हैट्रिक नए रिकॉर्ड के साथ सामने आए: धामी

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा कि मीडिया, सोशल मीडिया डबल इंजन सरकार के कार्यों एवं उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। मीडिया की कार्यक्षमता और प्रदर्शन, चुनाव में हमारी जीत के अंतर को तय करने का काम करता है। लिहाजा हम सबको समन्वय बनाते हुए कार्य करना है ताकि जीत की हैट्रिक नए रिकॉर्ड के साथ सामने आये।
इस अवसर पर नबीन ने सभी लोगों से प्रदेश में चल रहे राजनैतिक नैरेटिव को लेकर विस्तृत जानकारी ली। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत, प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, तरुण बंसल, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ,प्रदेश प्रवक्ता के रूप में कैबिनेट मंत्री खजान दास, सह मीडिया प्रभारी राजेंद्र नेगी, विकास तिवारी, प्रदेश प्रवक्ता मथुरा दत्त जोशी, कुंवर जपेंद्र सिंह, गुरविंदर सिंह चंडोक, नवीन ठाकुर, हनी पाठक, कमलेश रमन एवं सोशल मीडिया संयोजक हिमांशु संगथानी और आईटी प्रभारी प्रवीण लेखवार समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# धामी सरकार के कार्यों से संतुष्ट नजर आए नवीन



अपने तीन दिवसीय प्रवास के दौरान कई बार की राज्य सरकार की तारीफ

**भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने चारधाम यात्रा प्रबंधन को भी सराहा , समान नागरिक संहिता लागू करने के निर्णय को ऐतिहासिक बताया**

एस. आलम अंसारी

**देहरादून।** उत्तराखंड दौरे में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व एवं राज्य सरकार के कार्यों की मुक्त कंठ से तारीफ की। पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष धामी सरकार के कार्यों से प्रभावित और संतुष्ट नजर आए।
शनिवार को देहरादून में आयोजित प्रबुद्ध गोष्ठी में उन्होंने खुले मंच से धामी सरकार की कार्यशैली और विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड में विकास कार्य सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। सरकार ने कई ऐसे निर्णय लिए हैं, जिन्होंने पूरे देश का ध्यान खींचा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने विशेष रूप से समान नागरिक संहिता लागू करने के निर्णय को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति के सम्मान, महिला अधिकारों और सामाजिक समानता की दिशा में उत्तराखंड ने पूरे देश को नई दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने साहसिक नेतृत्व का परिचय देते हुए ऐसे निर्णय लिए हैं, जो आने वाले समय में देश के लिए मॉडल साबित होंगे, उनके नेतृत्व में 2027 में उत्तराखंड में तीसरी बार सरकार बनेगी।
उन्होंने चारधाम यात्रा के सफल संचालन, आधारभूत संरचना विकास, पर्यटन विस्तार और जनहित से जुड़े कार्यों की भी सराहना की। साथ ही कहा कि उत्तराखंड में विकास और सुशासन का जो मॉडल तैयार हो रहा है, वह जनता के बीच भाजपा के प्रति विश्वास को और मजबूत कर रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में मिशन हैट्रिक के नजरिए से भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के इस दौरे को संगठन और सरकार दोनों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उनके वक्तव्यों से यह स्पष्ट संदेश गया है कि पार्टी नेतृत्व को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व और कार्यशैली पर पूर्ण भरोसा है। आगामी चुनावों में संगठन सरकार के विकास कार्यों को लेकर जनता के बीच जाएगा।
भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरा शनिवार को खत्म हो गया है। उनका यह दौरा 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों के दृष्टिगत उनका यह दौरा संगठनात्मक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अपने दौरे के दौरान उन्होंने प्रदेश कोर कमेटी, सांसदों, विधायकों, पार्टी पदाधिकारियोंए जिला पंचायत अध्यक्षों महापौरों, नगर पालिका अध्यक्षों, युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं एवं संगठन से जुड़े विभिन्न पदाधिकारियों के साथ व्यापक संवाद किया। उन्होने सभी को मिशन 2027 का नवीन मत्र दिया।

MOTHERHOOD UNIVERSITY, Roorkee
ENLIGHTENING WORLD



Lead the Way
Announcement for Admission in
Ph.D. PROGRAM
Regular & Part Time
Academic Session : 2026-27
For the Batch JUNE 2026

Last Date for Application Form June 27, 2026
Date of Entrance Exam (RAT) June 30, 2026 (Tuesday)
Timing: 10:00 AM to 12:00 PM

EXAMINATION CENTRE
Main Campus : Roorkee-Dehradun Road, Village-Karoundi, Post-Bhagwanpur, Tehsil-Roorkee, District-Haridwar, Uttarakhand - 247661

SEATS ARE VACANT IN THE FOLLOWING STREAMS
- Botany
- Chemistry
- Mathematics
- Computer Science
- IT
- Commerce
- Management
- Education
- Pharmaceutical Sciences
- Sociology
- Economics
- Law

SCAN TO APPLY

ELIGIBILITY
Candidate must have a Master's degree with minimum 55% marks or Equivalent Grade (5% relaxation for SC/ST/OBC and Physically Handicaped)

FOR MORE INFORMATION AND TO REGISTER ONLINE VISIT
https://mhu.edu.in/directorate-of-research/

HOW TO APPLY
- Apply Online or Download Application Form from our website and Visit University Campus and submit the duly filled application form along with requisite self attested documents and DD of Rs. 3000/- in favour of Motherhood University Payable at Bhagwanpur, Roorkee Latest by June 27, 2026.

NOTE
- As per the U.G.C. Public Notice No. F4-1 (UGC-NET, view Committe)/2024 (NET)/140648 on dated March 27, 2024, the preference in the Ph.D. admission form the academic session 2026-27 will be given to the NET score candidates.
- The candidate who have qualified NET/JRF/GATE are exempted from the Entrance Exam however they need to fill the application form before the last date of filling the form.
- 26% rebate on tuition fee to premanent residents of Uttarakhand State only.
- 40% Seats of Total intake are reserved for the permanent residents of Uttarakhand State only.

1800-120-8667 | 70608 00458 / 70600 30078
www.mhu.edu.in | directorresearch@motherhooduniversity.edu.in

# निगम कर्मियों ने पार्षद के खिलाफ खोला मोर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर निगम श्रीनगर के वार्ड संख्या-40 के पार्षद संदीप रावत और निगम अधिकारियों-कर्मचारियों के बीच विवाद शनिवार को खुलकर सामने आ गया। पार्षद द्वारा निगम कर्मचारियों पर लगाए गए आरोपों के विरोध में निगम के अधिकारी और कर्मचारी एकजुट होकर धरने पर बैठ गए। कर्मचारियों ने पार्षद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए सार्वजनिक माफी मिलने तक उनके वार्ड में किसी भी प्रकार के कार्य में सहयोग न करने की चेतावनी दी है। निगम कर्मचारियों ने महापौर और नगर आयुक्त को सौंपे ज्ञापन में आरोप लगाया कि पार्षद संदीप रावत ने 25 मई को आयोजित जिलाधिकारी के जनता दरबार में निगम कार्मिकों के खिलाफ निराधार और बेबुनियाद शिकायतें दर्ज कर उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया। कर्मचारियों का कहना है कि वे जनहित में कार्यालय समय के बाद तथा अवकाश के दिनों में भी कार्यों का निस्तारण करते हैं, इसके बावजूद उन पर लगाए गए आरोप अनुचित हैं। विवाद बढ़ने पर महापौर आरती भंडारी ने मामले की जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति गठित कर दी है। समिति में वरिष्ठ पार्षद शंकर मणि मिश्रा, दिनेश पटवाल और प्रवेश चमोली के साथ सहायक नगर आयुक्त रविराज बंगारी तथा गायत्री बिष्ट को शामिल किया गया है। समिति को पूरे प्रकरण की जांच कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। धरने के दौरान महापौर आरती भंडारी और नगर आयुक्त नुपुर वर्मा ने कर्मचारियों और अधिकारियों से वार्ता कर स्थिति को शांत करने का प्रयास किया। कई घंटों की समझाइश के बाद कर्मचारियों ने धरना स्थगित कर दिया, लेकिन अपनी मांगों पर अड़े रहे। कर्मचारियों ने स्पष्ट कहा कि जब तक पार्षद संदीप रावत सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते, तब तक उनके वार्ड में किसी भी विकास कार्य या निगमीय गतिविधि में सहयोग नहीं किया जाएगा। कर्मचारियों का आरोप है कि पार्षद लगातार सूचना के अधिकार (आरटीआई) के माध्यम से कर्मचारियों पर अनावश्यक दबाव बनाते हैं। उनका कहना है कि निगम कर्मी सीमित संसाधनों के बावजूद जनता की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं, लेकिन उन पर लगाए गए आरोपों से पूरे कर्मचारी वर्ग की भावना आहत हुई है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। धरने में सहायक नगर आयुक्त रविराज बंगारी, गायत्री बिष्ट, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक शशि पंवार, अधिशासी अभियंता पवन कोठियाल, कनिष्ठ अभियंता सूरज, सफाई कर्मचारी हेड दाताराम, श्यामलाल, राजेश कुमार, संजीव कुमार, लिपिक भूपेन्द्र, अमरजीत, बीएल शाह, सुनीता जोशी, वंदना, शिवानी सहित आदि शामिल थे।



दिया धरना, कर्मचारी बोले, पार्षद सार्वजनिक रूप से माफी मांगे

## शहर की सीमा पर वाहनों की पार्किंग व्यवस्था की मांग

**श्रीनगर।** होटल एसोसिएशन श्रीनगर ने चारधाम यात्रा के दौरान रात्रि 10 बजे के बाद यात्रा वाहनों को श्रीनगर में रुकवाने के नगर निगम के निर्णय का स्वागत करते हुए महापौर से शहर की सीमा पर वाहनों की पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। महापौर को सौंपे पत्र में एसोसिएशन के अध्यक्ष अप्पल रावत ने कहा कि बदरीनाथ-केदारनाथ की ओर जाने वाले वाहनों को स्वीत पुल मेडिकल गेट के समीप तथा ऋषिकेश की ओर लौटने वाले वाहनों को कीर्तिनगर पुल के पास रोका जाए। इससे यात्रियों को श्रीनगर क्षेत्र के होटलों में सुविधानुसार ठहरने का अवसर मिलेगा और स्थानीय पर्यटन एवं व्यवसाय को भी बढ़ावा मिलेगा। एसोसिएशन ने यह भी सुझाव दिया कि जिन यात्रियों की बुकिंग मलेथा क्षेत्र के होटलों में पहले से हो, उन्हें वहां तक जाने की अनुमति दी जाए।

## बड़कोट पुलिस ने 1.30 लाख की स्मैक संग दो तस्कर दबोचे

**चारधाम यात्रा में नशा तस्करों पर शिकंजा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** चारधाम यात्रा-2026 के दौरान नशा तस्करी के खिलाफ उत्तरकाशी पुलिस का अभियान लगातार जारी है। पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी श्रीमती कमलेश उपाध्याय के निर्देशन में यात्रा मार्गों पर संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों एवं नशा तस्करों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में पुलिस उपाधीक्षक बड़कोट श्री चंचल शर्मा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक बड़कोट सुभाष चन्द्र के नेतृत्व में बड़कोट पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है।

शुक्रवार देर रात्रि राजत्तर-राजगढ़ी बस स्टॉप के समीप चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने दो संदिग्ध युवकों को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान अभियुक्त प्रवेश सिंह चौहान के कब्जे से 2.40 ग्राम तथा मक्खन सिंह के कब्जे से 2.03 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। कुल 4.43 ग्राम स्मैक की अनुमानित कीमत करीब 1.30 लाख रुपये बताई गई है।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कोतवाली बड़कोट में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21/60 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त में प्रवेश सिंह चौहान (25 वर्ष), मक्खन सिंह (25 वर्ष), जनपद उत्तरकाशी शामिल हैं। अभियुक्त से 4.43 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई है जिसकी अनुमानित कीमत 1.30 लाख रुपए है। पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी ने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान नशा तस्करी एवं अन्य अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। यात्रियों की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए उत्तरकाशी पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## रामलीला के नौवें दिन की लीला में रावण-अंगद संवाद का मंचन

**पूर्व कैबिनेट मंत्री डा. हरक सिंह रावत रहे मुख्य अतिथि**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** बौराड़ी स्टेडियम में आयोजित टिहरी की ऐतिहासिक रामलीला के नवमें दिन की लीला का मंचन रावण-अंगद संवाद से शुरू किया गया। इसके बाद मेघनाद-लक्ष्मण युद्ध, लक्ष्मण मूर्छा और हनुमान जी के संजीवनी बूटी लाकर लक्ष्मण के प्राण बचाने के मार्मिक प्रसंग दर्शाए गए। मंचन के दौरान दर्शकों ने विशेष रूप से अंगद व मेघनाद के पात्रों के सशक्त अभिनय की जमकर सराहना की।

रामलीला के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री डा. हरक सिंह रावत रहे। पूर्व मंत्री डा. हरक सिंह रावत ने राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न जैसे भाइयों के आदर्श संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि राम युग में रिश्तों को सर्वोच्च महत्व दिया जाता था। उन्होंने केदारनाथ आपदा व कोरोना काल के विभिन्न उदाहरणों का उल्लेख करते हुए वर्तमान समय में पारिवारिक व सामाजिक रिश्तों में आ रहे बदलावों पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने रामलीला समिति व सभी कलाकारों की प्रशंसा करते हुए उनके समर्पण और उत्कृष्ट मंचन की सराहना भी की। इस अवसर पर रामलीला समिति की ओर से दो दिन पूर्व हुई भारी वर्षा के कारण स्टेडियम में हुए जलभराव का वीडियो भी अतिथियों को दिखाया गया और समस्या के स्थायी समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई का आग्रह किया।

## पत्रकारिता की विश्वसनीयता व निष्पक्षता बनाए रखने की जरूरत: डा. हरक सिंह

**पत्रकारिता की चुनौतियां विषय पर विचार संगोष्ठी आयोजित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** हिंदी पत्रकारिता दिवस पर न्यू टिहरी प्रेस क्लब सभागार में सोशल मीडिया के दौर में पत्रकारिता की चुनौतियां विषय पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व कैबिनेट मंत्री डा. हरक सिंह रावत ने प्रतिभाग करते हुए कहा कि पत्रकारिता की विश्वसनीयता व निष्पक्षता बनाए रखने की जरूरत है। इसके लिए पत्रकारों को चाहिए कि पत्रकारिता के मानकों पर खरा उतरने के लिए काम करें। पत्रकारिता को देश के आईने के रूप में सामने रखें।

शुक्रवार को आयोजित गोष्ठी में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रताप नगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि पत्रकारों को सोशल मीडिया के दौर में तटस्थता बनाए रखने की जरूरत है। इसके लिए पत्रकारों को बिना किसी भेद-भाव के किसी भी तरह से प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना काम करना होगा। पत्रकारिता के बाजारीकरण के बीच संवेदनशीलता के साथ पत्रकारों के कड़े मानकों को आगे बढ़ाना होगा।

संगोष्ठी में हिंदी पत्रकारिता दिवस पर डा. हरक सिंह रावत और विधायक विक्रम सिंह नेगी ने पत्रकारों को सम्मानित भी किया। पत्रकारिता दिवस पर प्रेस क्लब में हर्षोल्लास के साथ अतिथियों के साथ पत्रकारों ने हिन्दी पत्रकारिता दिवस मनाया।

इस मौके पर स्थानीय कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। कार्यक्रम में प्रेस क्लब के अध्यक्ष अनुराग उनियाल, महामंत्री विजय गुसाईं, देवेंद्र दुमोगा, गोविंद बिष्ट, विक्रम सिंह विष्ट, धीरेंद्र भंडारी, ज्योति डोभाल, विजयपाल राणा, ओम रमोला, सूर्य प्रकाश रमोला, गंगा थपलियाल, मुकेश रतूड़ी आदि ने डा. हरक सिंह रावत व विधायक विक्रम सिंह नेगी का शाल ओढ़ाकर व पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुरारी लाल खंडवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश राणा, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशा रावत, नागरिक मंच के अध्यक्ष सुंदर लाल उनियाल, चंडी प्रसाद डबराल, देवेंद्र नौडियाल आदि मौजूद रहे।

## एक नजर .......

### 100 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद एक तस्कर गिरफ्तार

**नई टिहरी।** कोतवाली नरेंद्रनगर पुलिस, सीआइयू व एएनटीएफ की संयुक्त टीम ने पिकअप वाहन में हरियाणा मार्का की 100 पेटी अंग्रेजी शराब (बीयर) की तस्करी करते बिजनौर के एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित युवक उक्त शराब को यात्रा मार्गों सहित धनोल्टी व काणाताल क्षेत्र में पर्यटकों को सप्लाई के लिए ले जा रहा था।शनिवार को कोतवाली नरेंद्रनगर पुलिस, सीआइयू व एएनटीएफ की संयुक्त टीम ने आपरेशन प्रहार के तहत गुजराडा रोड पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध पिकअप वाहन संख्या यूके07 सीडी 3293 को रोककर चेक किया गया। तलाशी लेने पर वाहन से हरियाणा मार्का की 100 पेटी बीयर बरामद की गई। प्रारंभिक पूछताछ में यह तथ्य सामने में आया कि उक्त शराब को यात्रा मार्ग सहित धनोल्टी और काणाताल जैसे प्रमुख पर्यटन क्षेत्रों में अवैध रूप से खपाने के उद्देश्य से ले जाया जा रहा था। पुलिस ने वाहन चालक अक्षय सिंह निवासी ग्राम कमगारपुर, मंडावली, बिजनौर, उत्तर प्रदेश, हाल निवासी महादेवपुरम, निकट व्हाइट हाउस, डेंसो चौक, सिडकुल, हरिद्वार के खिलाफ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है। वहीं, वाहन को मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज किया गया है। एसएसपी श्वेता चौबे ने कहा कि टिहरी पुलिस की आपरेशन प्रहार के तहत नशा तस्करी व अन्य आपराधिक गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### अधिष्ठाता पृथ्वी विज्ञान के पद पर प्रो. महावीर नेगी हुए नियुक्त

**नई टिहरी।** एचएनबी गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय में डीन अर्थ साइंस अर्थात अधिष्ठाता पृथ्वी विज्ञान के पद पर प्रो. महावीर सिंह नेगी नियुक्त हुए हैं। वे अगले तीन वर्ष तक इस पद पर रहेंगे। प्रो. नेगी गढ़वाल विश्वविद्यालय में ही पूर्व में भूगोल विषय के विभागाध्यक्ष (एचओडी) और छात्र कल्याण के अधिष्ठाता (डीन आफ स्टूडेंट वेलफेयर) भी रह चुके हैं। विश्वविद्यालय के श्रीनगर परिसर के साथ ही वे टिहरी परिसर में भी भूगोल विषय के प्राध्यापक रह चुके हैं। 1990 के दशक में देशभर में चले संपूर्ण साक्षरता अभियान में प्रो. ओमकृष्ण बेलवाल के साथ मिलकर गढ़वाल मंडल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और साक्षरता जत्था का निर्देशन किया। उत्तराखंड राज्य आंदोलन में भी सक्रिय रहे। मूल रूप से रुद्रप्रयाग जनपद (पूर्ववर्ती टिहरी जनपद, जखोली ब्लाक) के निवासी हैं।

### जिला पंचायत अध्यक्ष इशिता सजवाण ने जनसंवाद कर सुनी समस्याएं

**नई टिहरी।** जिला पंचायत अध्यक्ष टिहरी इशिता सजवाण ने जनसंवाद कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत जसपुर, भंडारगांव, बड़ा स्यूटा व छोटा स्यूटा में क्षेत्रवासियों से संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। इस मौके पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र की आवश्यकताओं व जनभावनाओं के अनुरूप काम किया जाएगा। ग्रामीणों के साथ क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों व आगामी योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इशिता के जनसंवाद कार्यक्रम में क्षेत्र के समग्र विकास, जनसुविधाओं के विस्तार व जनसहभागिता को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया। ग्रामीणों ने विभिन्न स्थानीय समस्याओं व आवश्यकताओं को प्रमुखता से रखा। जिनके समाधान को सकारात्मक पहल का आश्वासन जिला पंचायत अध्यक्ष इशिता सजवाण ने दिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान जसपुर स्वाति नेगी, क्षेत्र पंचायत सदस्य लक्ष्मी डोभाल, ग्राम प्रधान भंडारगांव प्रवीण भंडारी, ग्राम प्रधान बड़ा स्यूटा जसपाल नेगी, ग्राम प्रधान छोटा स्यूटा दर्शनी देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य अनीता भंडारी आदि मौजूद रही।

## अतिक्रमण माफियाओं के बुलंद हौसले, प्रशासन को दिखाया ठेंगा

**चिरंजीव सेमवाल**

**पुरोला (उत्तरकाशी)।** नगर क्षेत्र में प्रशासन द्वारा हटाए गए अतिक्रमण को दोबारा खड़ा किए जाने का मामला चर्चा का विषय बन गया है। घटना ने प्रशासनिक कार्रवाई की प्रभावशीलता और अवैध कब्जों पर नियंत्रण को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, 15 मई को तहसील प्रशासन, नगर पालिका परिषद, पुलिस एवं सिंचाई विभाग की संयुक्त टीम ने सार्वजनिक मार्ग, शौचालय तथा आम रास्ते पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की थी। यह कार्रवाई उपजिलाधिकारी पुरोला के निर्देशों के अनुपालन में गठित समिति की देखरेख में संपन्न हुई थी। मौके पर तहसीलदार, थानाध्यक्ष, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी तथा सिंचाई विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।



प्रशासनिक कार्रवाई को खुली चुनौती! पुरोला में हटाया गया अतिक्रमण फिर खड़ा, उठे कई सवाल

प्रशासन ने कार्रवाई के दौरान अधिकांश अतिक्रमण हटाते हुए आमजन के आवागमन को सुचारू बनाने का दावा किया था। वहीं संबंधित अतिक्रमणकर्ता ने शेष निर्माण स्वयं हटाने के लिए 15 दिन का समय मांगा था, जिसे प्रशासन ने मानवीय आधार पर स्वीकार करते हुए निर्धारित अवधि के भीतर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। साथ ही चेतावनी भी दी गई थी कि आदेश का पालन न होने पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

हालांकि अब आरोप हैं कि निर्धारित अवधि के बाद न केवल अतिक्रमण पूरी तरह नहीं हटाया गया, बल्कि हटाए गए हिस्सों में दोबारा निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया है। इससे स्थानीय नागरिकों में नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन की मौजूदगी में हटाया गया अतिक्रमण कुछ ही दिनों में फिर खड़ा हो जाए तो इससे कानून के प्रति लोगों का विश्वास प्रभावित होता है।स्थानीय नागरिकों का मानना है कि सार्वजनिक भूमि और आम रास्तों पर हो रहे अतिक्रमण के मामलों में प्रभावी एवं स्थायी कार्रवाई आवश्यक है। उनका कहना है कि समय रहते कठोर कदम नहीं उठाए गए तो अवैध कब्जों को बढ़ावा मिल सकता है और भविष्य में ऐसी घटनाएं और बढ़ सकती हैं। क्षेत्रवासियों का यह भी कहना है कि नगर क्षेत्र में इस प्रकार के कई मामले लंबे समय से चर्चा में रहे हैं, जिन पर प्रभावी कार्रवाई की अपेक्षा की जा रही है। अब सभी की निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं कि दोबारा खड़े हुए निर्माण और अतिक्रमण के इस प्रकरण में आगे क्या कदम उठाए जाते हैं।

फिलहाल यह मामला नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग प्रशासन से स्पष्ट एवं ठोस कार्रवाई की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

## श्रीनगर में व्यवसायिक शुल्क को लेकर व्यापारियों में रोष

**महापौर को ज्ञापन सौंप व्यवसायिक कर समाप्त करने की मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** व्यापार सभा श्रीकोट एवं होटल एसोसिएशन श्रीनगर ने दुकानों पर लगाए जा रहे अत्यधिक व्यवसायिक शुल्क का विरोध दर्ज किया है।

इस संदर्भ में व्यापारियों ने महापौर को भेजे ज्ञापन में कहा कि पहाड़ी क्षेत्र में मैदानी इलाकों की तर्ज पर इस तरह का कर थोपना तर्कसंगत नहीं है। कहा कि यहां व्यवसाय का सीजन सीमित समय के लिए ही रहता है। ज्ञापन में होटल एसोसिएशन श्रीनगर के अध्यक्ष अप्पल रतूड़ी, व्यापार सभा के अध्यक्ष नरेश नौटियाल ने कहा कि श्रीनगर में बड़े-बड़े मॉल और ऑनलाइन कारोबार के कारण स्थानीय व्यापार पहले ही प्रभावित है। ऐसे में नए व्यवसायिक शुल्क से व्यापारियों पर अतिरिक्त बोझ बढ़ रहा है। कहा कि नगर निगम बने एक वर्ष से अधिक समय बीतने के बावजूद व्यापारियों की मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है, मुख्य बाजार में शौचालय की व्यवस्था नहीं है और कूड़ा निस्तारण भी सही ढंग से नहीं हो रहा है, मुख्य बाजार में कूड़ा उठाने वाली गाड़ी केवल शाम के समय एक बार आती है, जिससे व्यापारियों और स्थानीय लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है। उन्होने महापौर से व्यापारियों पर लागू किया गया व्यवसायिक कर समाप्त कर पूर्व की व्यवस्था बहाल की जाए।

## राज्य आंदोलनकारी विमला कोठियाल का निधन पर शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलन की वरिष्ठ आंदोलनकारी और निर्भीक जननेता विमला कोठियाल के निधिन पर विभिन्न सामाजिक संगठनों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। लंबे समय से अस्वस्थ चल रही विमला कोठियाल ने शुक्रवार को बेस अस्पताल श्रीकोट में अंतिम सांस ली। उनके निधन को सामाजिक, राजनीतिक और आंदोलनकारी जगत के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। विमला कोटियाल लंबे समय तक महिला मंच से सक्रिय रूप से जुड़ी रहीं। सामाजिक कार्यकर्ता अनिल स्वामी ने बताया कि उत्तराखंड राज्य आंदोलन के दौरान विमला कोठियाल ने श्रीनगर और आसपास के क्षेत्रों में महिलाओं को संगठित कर आंदोलन को नई दिशा देने का कार्य किया। अपनी प्रखर वाक्पटुता, स्पष्टवादिता और साहसिक नेतृत्व के कारण विमला कोटियाल की अलग पहचान थी। उनके निधन पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णानंद मैठाणी, दिनेश असवाल, वासुदेव कंडारी, अनिल स्वामी, दिनेश पंवार, उम्मेद सिंह मेहरा, अनूपश्री पांथरी, प्रवेश जोशी, देवेंद्र मणि मिश्रा सहित आदि ने शोक व्यक्त किया है।

## न्यू कमलेश्वर में गड्ढों में तब्दील सड़कें बनीं हादसों का कारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर निगम श्रीनगर के अंतर्गत न्यू कमलेश्वर मोहल्ले में सड़कों की बदहाल स्थिति और जलभराव की समस्या से स्थानीय लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। बारिश के दौरान सड़कों पर बने गहरे गड्ढों में पानी भर जाने से पैदल राहगीरों और वाहन चालकों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खराब जल निकासी व्यवस्था के कारण हर बारिश के बाद सड़कें तालाब का रूप ले लेती हैं। स्थानीय निवासी लाल सिंह नेगी ने बताया कि समस्या को लेकर कई बार नगर निगम प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कहा कि सड़क पर बने गहरे गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है। विशेष रूप से वृद्धजन, महिलाएं और स्कूली बच्चों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि जलभराव के कारण न केवल दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है, बल्कि मच्छरों के पनपने और संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी मंडरा रहा है।



जलभराव होने से रहागीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा

नागरिकों ने मोहल्ले की जर्जर सड़कों की मरम्मत कराने तथा प्रभावी जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग उठाई है। लाल सिंह नेगी ने नगर निगम आयुक्त एवं महापौर आरती भंडारी से शीघ्र हस्तक्षेप कर समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में हालात और अधिक गंभीर हो सकते हैं, इसलिए समय रहते सड़क सुधार और नालियों की सफाई का कार्य कराया जाना आवश्यक है। कहा कि यदि जल्द से मांग पर कार्यवाही नहीं होती है तो स्थानीय लोग आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## केदारनाथ धाम पैदल मार्ग पर श्रद्धालुओं की कठिन परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा अपने चरम पर है, लेकिन बढ़ती श्रद्धालु संख्या के बीच 19 किलोमीटर लंबे पैदल मार्ग पर व्यवस्थाएं दबाव में नजर आने लगी हैं। यात्रा मार्ग के कई हिस्सों में लग रहे लंबे जाम और अव्यवस्थाओं के वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिससे यात्रा प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। वहीं तुंगनाथ धाम में यात्रियों के बीच मारपीट के वीडियो सामने आने से भी व्यवस्थाओं पर चर्चा तेज हो गई है।



कई स्थानों पर लंबा जाम, सुरक्षा व्यवस्थाओं पर उठ रहे सवाल

जानकारी के अनुसार भीमबली, लिनचोली, जंगलचट्टी सहित कई संवेदनशील स्थानों पर मार्ग अत्यंत संकरा होने के कारण यात्रियों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। एक ओर हजारों श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन के लिए पैदल यात्रा कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर घोड़ा-खच्चर, पालकी एवं स्थानीय सेवा प्रदाताओं की आवाजाही से कई स्थानों पर भीड़ का दबाव बढ़ रहा है। परिणामस्वरूप श्रद्धालुओं को घंटों तक जाम में फंसकर आगे बढ़ने का इंतजार करना पड़ रहा है।

वायरल वीडियो में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एक-दूसरे के पीछे लंबी कतारों में खड़े दिखाई दे रहे हैं। विशेष रूप से भीमबली और लिनचोली क्षेत्र में स्थिति अधिक चुनौतीपूर्ण बताई जा रही है, जहां मार्ग की सीमित चौड़ाई के कारण आवाजाही बार-बार बाधित हो रही है। सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, महिलाओं और छोटे बच्चों के साथ यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं को उठानी पड़ रही है।

यात्रियों का कहना है कि मार्ग के कई हिस्सों में सुरक्षा व्यवस्थाएं अपेक्षित स्तर की नहीं हैं। पहाड़ी कटाव वाले क्षेत्रों और गहरी खाइयों के समीप पर्याप्त बैरिकेडिंग एवं सुरक्षा प्रबंधों का अभाव दिखाई देता है। लगातार बढ़ रही भीड़ के बीच संकरे रास्तों पर किसी भी प्रकार की आपात स्थिति गंभीर रूप ले सकती है।

श्रद्धालुओं द्वारा यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि भीड़ नियंत्रण और यात्री प्रबंधन के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस एवं सुरक्षा कर्मियों की तैनाती नहीं दिखाई दे रही है। कई यात्रियों ने लंबे इंतजार, थकान, ऑक्सीजन की कमी तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की शिकायतें भी सामने रखी हैं। चारधाम यात्रा के चरम सीजन में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु केदारनाथ धाम पहुंच रहे हैं। ऐसे में विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते भीड़ प्रबंधन, मार्ग सुरक्षा, आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं और निगरानी तंत्र को और अधिक सुदृढ़ नहीं किया गया, तो भविष्य में किसी अप्रिय घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने प्रशासन से मांग की है कि संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाए, मजबूत बैरिकेडिंग की व्यवस्था की जाए तथा पैदल मार्ग पर प्रभावी भीड़ नियंत्रण तंत्र लागू कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

फिलहाल केदारनाथ पैदल मार्ग पर बढ़ती भीड़, लगते जाम और सामने आ रही अव्यवस्थाएं श्रद्धालुओं के लिए चिंता का विषय बनी हुई हैं। अब सभी की निगाहें प्रशासनिक कदमों और यात्रा प्रबंधन को बेहतर बनाने के प्रयासों पर टिकी हैं। वहीं, पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने बताया कि केदारनाथ पैदल मार्ग पर यात्रियों की सुरक्षा को लेकर हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। तीर्थ यात्रियों को पैदल मार्ग पर संकरे जगहों पर लाइन बनाकर चलने को कहा जा रहा है। साथ ही हर समय बारिश पर भी नजर बनाए जाने को कहा है।

## जिला जज ने एसओएस चिल्ड्रन विलेज, बौराड़ी का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला जज नितिन शर्मा के निर्देशन में सचिव दयाराम ने शनिवार को बाल देखरेख संस्थान, एसओएस चिल्ड्रन विलेज, बौराड़ी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि चिल्ड्रन विलेज में बालक व बालिकाओ का अलग-अलग आवासीय भवन में देखभाल किया जा रहा है। वर्तमान में यहां 14 बालिका व 24 बालक कुल 38 बच्चे निवासरत हैं।

निरीक्षण के दौरान संस्था प्रभारी शशांक चतुर्वेदी ने बताया कि जिला बाल कल्याण समिति से पूर्व में प्राप्त आदेश पर चिल्ड्रन विलेज में छह से 12 वर्ष तक की आयु के बच्चों का प्रवेश लिया जाता है और बच्चे 21 वर्ष की उम्र तक संस्था की देखरेख में रहते हैं। कमरों के निरीक्षण दौरान सभी कमरे, किचन व बाथरूम साफ-सुथरे पाए गए। बच्चों के कपड़े, तौलिये आदि भी साफ-सुथरे मिले। इंचार्ज चतुर्वेदी ने बताया कि सुबह सभी बच्चों को नाश्ता कराया जाता है। सभी बच्चे नजदीकी विद्यालयों सरस्वती शिशु मंदिर और सरस्वती विद्या मंदिर में शिक्षण के लिए जाते हैं। विद्यालय से लौटने पर बच्चों को दोपहर का भोजन कराया जाता है। बच्चों के मनोरंजन के लिए टीवी व इनडोर गेम में कैरम, लूडो, शतरंज आदि का प्रबंध किया गया है। प्राधिकरण सचिव दयाराम ने कुछ बच्चों से एकांत में अलग-अलग वार्ता भी की। उनसे संस्थान में किसी प्रकार के दुर्व्यवहार, मार-पीट, उत्पीड़न आदि के बारे में जानकारी चाही।

# एमडीडीए ने 50 बीघा क्षेत्र में की अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माणों और अनधिकृत प्लॉटिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कई स्थानों पर ध्वस्तीकरण एवं सीलिंग अभियान चलाया। संयुक्त सचिव प्रत्यूस सिंह के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में करीब 50 बीघा से अधिक क्षेत्र में विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया गया, जबकि मसूरी रोड स्थित एक अवैध निर्माण को सील कर दिया गया।

एमडीडीए की प्रवर्तन टीम ने तपा. वन एनक्लेव क्रॉस-11 रोड, देहरादून में गिरी द्वारा लगभग 20 से 25 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ कार्रवाई की। जांच में पाया गया कि संबंधित भूमि पर विकास प्राधिकरण की स्वीकृति के बिना प्लॉटिंग का कार्य किया जा रहा था। जिसे ध्वस्त कर दिया गया इसके बाद सहस्त्रधारा रोड स्थित ब्राह्मणवाला खाला क्षेत्र के मन्दाकिनी विहार में बरुण खन्ना, बडोला एवं अन्य लोगों द्वारा करीब 20 से 25 बीघा क्षेत्र में की जा रही अवैध प्लॉटिंग पर भी कार्रवाई की गई। प्राधिकरण की टीम ने मौके पर पहुंचकर प्लॉटिंग से संबंधित संरचनाओं और विकास कार्यों को हटाते हुए ध्वस्तीकरण अभियान चलाया।



बिना अनुमति विकसित की जा रही कॉलोनियों पर चला बुलडोजर, मसूरी रोड पर अवैध निर्माण सील

### नियमों के विरुद्ध निर्माण करने वालों पर जारी रहेगी सख्त कार्रवाई : तिवारी

मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण क्षेत्र में सुनियोजित विकास सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। बिना स्वीकृति किए जा रहे निर्माण और अवैध प्लॉटिंग न केवल विकास मानकों का उल्लंघन हैं, बल्कि भविष्य में नागरिक सुविधाओं और शहरी व्यवस्थाओं पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। प्राधिकरण को विभिन्न क्षेत्रों में अनधिकृत गतिविधियों की शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनके सत्यापन के बाद यह कार्रवाई की गई है। हम नागरिकों से अपील करते हैं कि किसी भी भूमि या संपत्ति में निवेश करने से पहले उसकी वैधानिक स्थिति की जांच अवश्य करें। अवैध कॉलोनियों और निर्माण गतिविधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध निर्माण/ प्लॉटिंग के खिलाफ चलाया जा रहा नियमित अभियान : बर्निया

प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण और अनधिकृत प्लॉटिंग के खिलाफ नियमित प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। जिन मामलों में नियमों का उल्लंघन पाया जा रहा है, वहां तत्काल कार्रवाई की जा रही है। नागरिक किसी भी निर्माण से पहले आवश्यक स्वीकृतियां अवश्य प्राप्त करें।

वहीं गल्जवाड़ी, मसूरी रोड क्षेत्र में सुरेन्द्र पाण्डेय द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण को नियमों के विप. रीत पाए जाने पर सील कर दिया गया।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि संबंधित निर्माण के खिलाफ नियमानुसार आगे की कार्रवाई भी की जाएगी। शहर और आसपास के क्षेत्रों में अनधिकृत कॉलोनियों तथा बिना स्वीकृति निर्माण गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्राधिकरण ने आमजन से भूमि खरीदने अथवा निर्माण कार्य शुरू करने से पहले सभी वैधानिक अनुमतियों की जांच करने की अपील की है। यह कार्रवाई सहायक अभियंता शैलेन्द्र सिंह रावत, अवर अभियंता उमेश वर्मा, विदिता कुमारी, गौरव तोमर एवं पुलिस बल की मौजूदगी में संपन्न कराई गई।

**सूचना**

मेरी भू-स्वामी का बैनामा जो कि सुनील कुमार व विनोद कुमार ने महेन्द्र कुमार जिन्दल पुत्र श्री जगदीश प्रसाद निवासी-41 एल०आई०सी० डी०डी० कॉलोनी देहरादून से क्रय कि थी जिसका वही नं0-1 जिल्द 2 के पृष्ट न0-280 ए०डी०एफ० 1 जिल्द नं0-319 पृष्ठ 297 से 312 मैं नं0-347 पर दिनांक 23/04/2003 को दर्ज है। यह कि दूसरा बैनामा जो कि महेन्द्र कुमार जिन्दल ने श्री भंगू पुत्र श्री गन्नू व सुमेर चन्द, विजय कुमार व अजय कुमार पुत्रगण स्व० बुद्ध निवासीगण ग्राम छरबा, जिला देहरादून से जो भूमि क्रय कि गयी थी उसका वहीं नं0-2 जिल्द नं0-2 पृष्ठ सं0-150 ए०डी०एफ०-1 जिल्द नं0-256 पृष्ठ 363 से 378 में नं0-2570 दिनांक 30/007/2002 पर दर्ज व अंकित है। उक्त दोनों बैनामा कहीं रास्तें में गिरकर गुम हो गये है जिसका मेरे द्वारा कोई दुप्रयोग नहीं किया है। उक्त दस्तावेजों काफी तलाशने पर भी प्राप्त नहीं हुए मेरे को भय है कि उक्त दोनों रजिस्ट्री जिस किसी अन्य व्यक्ति को प्राप्त होगी उसका गलत उपयोग कर सकता है।

**कृष्णा देवी पत्नी श्री कमलजीत सिंह निवासी-ग्राम छरबा, तहसील विकासनगर, Mob:- 9760088591**

## सल्ट में दर्दनाक सड़क हादसे में चालक की मौत

**अल्मोड़ा।** जिले के सल्ट विकासखंड क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में डंपर चालक की मौत हो गई। महरौली-चित्तौड़गढ़ क्षेत्र में अनियंत्रित होकर डंपर गहरी खाई में जा गिरा, जिससे चालक की मौके पर ही जान चली गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी कि महरौली के समीप एक डंपर दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में गिर गया है। सूचना मिलते ही पुलिस और राहत-बचाव दल घटनास्थल के लिए रवाना हो गया।

**न्यायालय श्रीमान असिस्टेंट कलेक्टर ( प्र0 श्रे0 ) महोदय ( बा0 ) पौड़ी गढ़वाल**

**रा0 वाद सं०      सन् 2026**

**वादी** - श्री सोबन सिंह नेगी उम्र 54 पुत्र स्व0 जगत सिंह
निवासी - ग्राम पौड़ी, पो०ओ० पौड़ी, पट्टी नान्दलस्यूँ, तहसील पौड़ी, जिला पौड़ी गढ़वाल ।

**-बनाम-**

**प्रतिवादीगण**- उत्तराखण्ड सरकार द्वारा कलेक्टर महोदय पौड़ी गढ़वाल व अन्य ।

**नोटिस / समन बनाम** 1. उत्तराखण्ड सरकार द्वारा कलेक्टर महोदय पौड़ी गढ़वाल, 2. नगर पालिका परिषद पौड़ी द्वारा अधिशासी अधिकारी 3. यशोदा पत्नी सुरेन्द्र सिंह, 4. भूपेन्द्र सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह, 5. महेन्द्र सिंह रौथाण पुत्र वीरेन्द्र सिंह रौथाण 6. श्रीमती वसन्ती देवी पत्नी चन्द्रमोहन सिंह 7. दिगम्बर प्रसाद पुत्र केदारदत्त 8. भरत सिंह पुत्र विजय सिंह 9. शरद सिंह पुत्र विजय सिंह 10. सजीव सिंह पुत्र विजय सिंह 11. सुन्दर सिंह पुत्र गोपी सिंह 12. श्रीमती कबूतरी देवी पत्नी श्री हंसलाल 13. परवीन्द्र सिंह पुत्र उम्मेद सिंह 14. विमल चन्द्र पुत्र अनन्तराम 15. गुलाब सिंह पुत्र अमर सिंह 16. दुर्गाराणा श्री आलम सिंह 17. यशवन्त सिंह पुत्र चन्द्र सिंह 18. चण्डी प्रसाद पुत्र फतेराम निवासी - रतूड़ी भवन कण्डोलिया रोड पौड़ी, तहसील पौड़ी, जिला पौड़ी गढ़वाल 19. सुरेश चन्द्र पुत्र उमराव सिंह 20. मनोज सिंह पुत्र दयाल सिंह 21. राजेश्वरी देवी पत्नी राजेन्द्र सिंह 22. शैलेन्द्र सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह 23. संजय सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह 24. सन्दीप सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह 25. रेनू पत्नी प्रदीप पुत्रवधू शिवप्रसाद 26. अभिषेक पुत्र प्रदीप पोता शिवप्रसाद 27. अनिल पुत्र शिवप्रसाद 28. सुनील पुत्र शिवप्रसाद 29. पंकज पुत्र शिवप्रसाद 30. भवदेश पुत्र केशवा नन्द 31. भुवनेश्वरी पत्नी गुलाब सिंह 32. सुरेन्द्र सिंह पुत्र जीत सिंह 33. पुनीत नेगी पुत्र वीरेन्द्र सिंह 34. बिन्देश्वरी देवी पत्नी वीरेन्द्र सिंह 35. दीपा रमोला द्वारा रवीन्द्र सिंह रमोला 36. रेवाधर मिश्रा पुत्र परमानन्द मिश्रा 37. संजय जोशी पुत्र भगवती प्रसाद 38. अजय जोशी पुत्र भगवती प्रसाद 39. रामचन्द्र पुत्र चैतराम 40. राजेश्वरी भण्डारी पत्नी स्व0 विक्रम सिंह 41. आयुष पुत्र स्व0 विक्रम सिंह 42. श्रीमती विमला पत्नी श्री दिलबर सिंह 43. सतीश चन्द्र पुत्र गुणानन्द 44. सरोज पुत्र सतीश चन्द्र 45. दिनेश सिंह पुत्र गुलाब सिंह 46. कौशल्या देवी पत्नी महिपाल सिंह 47. कु० सृष्टि पुत्री दिनेश सिंह / संरक्षक दिनेश सिंह 48. कु० कीर्ति पुत्री दिनेश सिंह / संरक्षक दिनेश सिंह **निवासीगण उपरोक्त ग्राम पौड़ी, पट्टी नान्दलस्यूँ, तहसील पौड़ी, जिला पौड़ी गढ़वाल** 49. धीरेन्द्र सिंह पुत्र शंकर सिंह निवासी ग्राम तिमली, पट्टी खातस्यूँ, तहसील पौड़ी, जिला पौड़ी गढ़वाल 50. अर्चना देवली पत्नी श्री पुरूषोत्तम देवली निवासी - रतूड़ी भवन कण्डोलिया रोड़ पौड़ी, तहसील पौड़ी, जनपद पौड़ी गढ़वाल 51. दुर्गावती देवी पत्नी कुलदीप सिंह निवासी ग्राम गिदरासू, पट्टी पटवालस्यूँ 52. राजीव रावत पुत्र इन्द्र सिंह रावत निवासी- सारथी विहार, रिस्पना पुल नेहरू ग्राम देहरादून, जनपद देहरादून 53. राजेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 केदार सिंह निवासी - निकट हार्टीकल्चर ऑफिस श्रीनगर रोड़, वार्ड नं0 9 54. दिनेश डोभाल पुत्र स्व0 विशेश्वर दत्त निवासी ग्राम -गेण्ड, पट्टी बनेलस्यूँ, जिला पौड़ी गढ़वाल ।

चूंकि वादी ने एक राजस्व वाद ग्राम -पौड़ी, पट्टी नान्दलस्यूं, तहसील पौड़ी जिला पौड़ी गढ़वाल के वर्तमान खतौनी खाता सं0 149 के खसरा सं0 2147 मध्ये रक्वा 0.004 हे० (3 मुट्ठी) भूमि पर प्रतिकूल कब्जे के आधार पर भूमिधरी अधिकारों की घोषणा व राजस्व अभिलेखों में अपने नाम दर्ज करवाने बावत इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है, जिसमें सुनवाई हेतु दिनांक 08/06/20206 की तिथि नियत है।

यदि उपरोक्त मामले में किसी भी सहखातेदार / प्रतिवादी को कोई आपत्ति हो तो उपरोक्त नियत तिथि पर ठीक 01:00 बजे अपराह्न माननीय न्यायालय के समक्ष स्वयं या बजरिये अधिवक्ता प्रस्तुत करें अन्यथा मामले में एक पक्षीय सुनवाई के आदेश पारित किया जायेगा।

आज दिनांक 25/05/2026 न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से जारी ।

आज्ञा से
असिस्टेंट कलेक्टर ( बारहस्यू )
जिला पौड़ी गढ़वाल ।

# जोशी ने टपकेश्वर महादेव मंदिर में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ की पूजा अर्चना

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को देहरादून के गढ़ी कैंट स्थित टपकेश्वर महादेव मंदिर में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) अजेय कुमार के साथ भगवान भोलेनाथ के दर्शन पूजन कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर मसूरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक उनका स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के उत्तराखण्ड आगमन से पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन की मजबूती का आधार उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं और राष्ट्रीय नेतृत्व का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को जनसेवा के लिए निरंतर प्रेरित करता है।

कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार जनकल्याण और विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है तथा संगठन के सभी कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का यह दौरा संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है और इससे प्रदेश में पार्टी को और अधिक मजबूती मिलेगी।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और संगठन महामंत्री अजेय रहे मौजूद

## वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त ने किया रुद्रप्रयाग के मतदेय स्थलों का निरीक्षण



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग ने अपने जनपद भ्रमण कार्यक्रम के तहत रुद्रप्रयाग के विभिन्न मतदेय स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर निर्वाचन तैयारियों एवं उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त ने मतदान केंद्रों की भौतिक स्थिति, पहुंच मार्ग, पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था तथा दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाओं का गहन अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मतदाताओं को मतदान के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाएं। गर्ग ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों से अद्यतन जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी, सुगम और प्रभावी बनाने के लिए सभी कार्यों को पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ संपादित करने पर बल दिया। इस अवसर पर सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहस. ीलदार रुद्रप्रयाग जगदीश सिंह नेगी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, बूथ लेवल अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता पी0एम0जी0एस0वाई, सिं0ख0, पुरोला ( उत्तरकाशी )**
**Office of the Eæecutive Engineer PMGSY, I.D. Purola (Uttarkashi)**
**E-Mail : eepmgsypurola@rediffmail.com, Tel-.No. : 01373-223730**

पत्रांक-702/पी०एम०जी०एस०वाई० / सिं० ख०      दिनांक : 26/05/2026

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहीम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड सरकार की और से अधिशासी अभियन्ता पी०एम०जी०एस०वाई सिं०ख० पुरोला द्वारा निम्नलिखित कार्य की शील्ड निविदा दिनॉक 10.06.2026 को आमंत्रित कि जाति है। निविदा प्रपत्र दिनॉक 1.06.2026 से दिनॉक 9.06. 2026 तक किसी भी कार्य दिवस में 5:00 बजे तक निम्न कार्यालय में निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त की जा सकती है, जो दिनॉक 10.06. 2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक कार्यालय मे जमा कि जायेगी। प्राप्त निविदाओं को दिनॉक 10.06.2026 को अपरान्ह 3:30 बजे निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय मे खोली जायेगी - अन्य शर्ते निविदाओं के साथ देखी जा सकती है। किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा ।

| क्र सं | कार्य का नाम | जमानत की धनराशि | निविदा का मूल्य + ( जी0एस0टी0 ) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों की पंजीकृत श्रेणी | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | धनावंटन की प्रत्याश में मोटर मार्गो पर यातायात सुचारू रखने हेतु मुख्यालय बडकोट में जे0सी0बी0तैनात करने हेतु। | 15000.00 | 500.00 + जी0एस0टी0 | 45 दिवस | 03 माह | डी एंव उच्चतर | |
| 2 | धनावंटन की प्रत्याश में मोटर मार्गो पर यातायात सुचारू रखने हेतु मुख्यालय पुरोला में जे०सी०बी० तैनात करने हेतु । | 15000.00 | 500.00 + जी0एस0टी0 | 45 दिवस | 03 माह | डी एंव उच्चतर | |
| 3 | धनावंटन की प्रत्याश में मोटर मार्गो पर यातायात सुचारू रखने हेतु मुख्यालय नैटवाड में जे०सी०बी० तैनात करने हेतु । | 15000.00 | 500.00 + जी0एस0टी0 | 45 दिवस | 03 माह | डी एंव उच्चतर | |
| 4 | धनावंटन की प्रत्याश में मोटर मार्गो पर यातायात सुचारू रखने हेतु मुख्यालय आराकोट में जे०सी०बी० तैनात करने हेतु । | 15000.00 | 500.00 + जी0एस0टी0 | 45 दिवस | 03 माह | डी एंव उच्चतर | |
| 5 | धनावंटन की प्रत्याश में मोटर मार्गो पर यातायात सुचारू रखने हेतु मुख्यालय नौगाव में जे०सी०बी० तैनात करने हेतु । | 15000.00 | 500.00 + जी0एस0टी0 | 45 दिवस | 03 माह | डी एंव उच्चतर | |
| 6 | धनावंटन की प्रत्याश में मोटर मार्गो पर यातायात सुचारू रखने हेतु मुख्यालय सांकरी में जे०सी०बी० तैनात करने हेतु । | 15000.00 | 500.00 + जी0एस0टी0 | 45 दिवस | 03 माह | डी एंव उच्चतर | |
| 7 | धनावंटन की प्रत्याश में मोटर मार्गो पर यातायात सुचारू रखने हेतु मुख्यालय मोरी में जे०सी०बी० तैनात करने हेतु । | 15000.00 | 500.00 + जी0एस0टी0 | 45 दिवस | 03 माह | डी एंव उच्चतर | |

**अन्य शर्ते-**

1. निविदा ठेकेदार लोक निर्माण विभाग उत्तराखण्ड में श्रेणी डी में पंजीकृत होना चाहिए । ठेकेदार के नाम जे०सी०बी० एक्सवेटर मशीन का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र होना चाहिए, जो निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा । निविदा अलग-अलग मशीन व कार्यस्थल के अनुसार देनी होगी ।
2. जे0सी0बी0 एक्सवेटर मोडल चार वर्ष से पूर्व का नही होना चाहिए ।
3. मशीन को सदैव अच्छी दशा में रखना होगा एंव टूट-फूट का व्यय स्वंय मशीन स्वामी का होगा एंव पैन न० टिन नं0 अंकित करना आवश्यक होगा
4. मशीन का तेल, चालक का वेतन एंव अन्य खर्चे जे०सी०बी० मशीन स्वामी का होगा ।
5. यदि मशीन आइडियल खडी रहती है तो उस अवधि के लिए भूगतान नही किया जायेगा ।
6. मशीन एक दिन खराब होने पर रू0 2000.00 का अर्थदण्ड वसूला जायेगा ।
7. जे0सी0बी0 मशीन में जी०पी०एस० लगा होना अनिवार्य है / निविदा के साथ शपथ पत्र संलग्न करना होगा भुगतान जी०पी०एस० रिर्कोडिग उपलब्ध कराने के पश्चात ही किया जायेगा जिसका उत्तरदायी मशीन मालिक का होगा।
8. सभी निर्धारित टैक्सेस देयको से काटे जायेंगे ।
9. निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00 का स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट सहित जमा करना अनिवार्य होगा ।
10. अनुबन्ध कर्ता को विभाग से मशीन की लॉग बुक निर्गत करवानी अनिर्वाय होगी ।
11. निविदा बिक्री एंव खुलने की तिथी में यदि कोई राजकीय अवकाश हो जाता है तो उक्त दिनॉक स्वत: ही एक - एक दिन आगे बडी मानी जायेगी ।

अधिशासी अभियन्ता
पी0एम0जी0एस0 वार्ड सिं0 ख0
पुरोला उत्तरकाशी

**पावर ट्रॉंसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
अधिशासी अभियन्ता (परियोजना मुख्यालय भुगतान इकाई), कार्यालय विद्युत भवन, नजदीक आई०एस०बी०टी० क्रासिंग, सहारनपुर रोड़, माजरा, देहरादून-248002
दूरभाष नं. 0135-2646000-212 फैक्स नं0 0135-2643050 email:- hqpu@ptcul.org

**निविदा सूचना**

इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु निविदायें दिनांक **25.06.2026** को 14.00 बजे तक पंजीकृत/स्पीडपोस्ट द्वारा आमन्त्रित की जाती हैं, जो उसी दिन 15:00 बजे उपस्थित निविदादाताओ के सम्मुख खोली जायेगी। प्रतिष्ठित निविदादाता जो सम्बन्धित कार्यों का अनुभव प्रमाणपत्र रखते है व इनकम टैक्स/जी.एस. टी./ ई.पी.एफ. में रजिस्टर्ड है, के द्वारा निविदा प्रपत्र दिनांक **23.06.2026** तक किसी भी कार्य दिवस में अनुरोध पत्र के साथ निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 100.00 +18% जी.एस.टी० अर्थात् रू0 118.00 (प्रतिदेय) का किसी भी राष्ट्रीय बैंक द्वारा जारी बैंक ड्राफ्ट जो General Manager Project, Office PTCUL, Dehradun के पक्ष में देय हो, जमाकर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा की धरोहर धनराशि रू० 3,000.00 हैं।

1) **T-06/2026-27:** पिटकुल परियोजना मुख्यालय के अधीनस्थ परियोजना कार्यालयों में Printer Cartridges उपलब्ध करवाने का कार्य।
2) **T-07/2026-27:** पिटकुल मुख्यालय विद्युत भवन में Vertical Blinds की आपूर्ति व पूर्ण फिटिंग सहित स्थापना का कार्य।
3) **T-08/2026-27:** पिटकुल परियोजना मुख्यालय के अधीनस्थ परियोजना कार्यालयों में साफ-सफाई से सम्बन्धित सफाई का सामान उपलब्ध करवाने का कार्य।
4) **T-09/2026-27:** पिटकुल परियोजना मुख्यालय के अधीनस्थ परियोजना कार्यालयों में Stationary Items उपलब्ध करवाने का कार्य।
5) **T-10/2026-27:** पिटकुल परियोजना मुख्यालय के अधीनस्थ परियोजना कार्यालयों में Alex ACP की आपूर्ति व पूर्ण फिटिंग सहित स्थापना का कार्य।

पत्रांक: 290/प0मु0भु0इ0/पिटकुल/विज्ञापन
दिनांक: 30.05.2026
**अधिशासी अभियन्ता (प0मु0भु0ई0)**

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक-459      **अल्पकालीन निविदा सूचना**      दिनांक- 30/05/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (उत्पादन), तिलोथ विद्युत गृह, उत्तरकाशी, इच्छुक निविदादाताओं से निविदा आमंत्रित करता है। निविदाओ का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है:

**निविदा सं0 05/अ0अ0(उ0)/ति0वि0गृ0/2026-27**-तिलोथ विद्युत गृह हेतु लोग बुक्क का डिजाइन, प्रिंटिंग एवं आपूर्ति का कार्य।
**अनुमानित लागत:** रू0 2,47,200.00/ कर अतिरिक्त।
**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि:** 30.05.2026 को 16:00 बजे से
**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि:** 08.06.2026 को 15:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट देखें। निविदाप्रपत्र निगम की वेबसाईट www.ujvnl.com से डाउनलोड किये जा सकते है।

**अधिशासी अभियन्ता (उत्पादन)**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालय: "उज्जवल" महारानी बाग, जी० एम० एस० रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स नं0: 0135-2763508,
CIN No. U40101UR2001SGC025866 वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक: 461      **निविदा आमंत्रण सूचना**      दि0: 30.05.2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, परियोजना जानपद अनुरक्षण (गंगावैली), मायापुर, हरिद्वार द्वारा इच्छुक निविदादाताओं से मोहरबन्द एवं पृथक निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है: -

1. **निविदा सूचना सन्दर्भ:- निविदा संख्या:-** 08/2026-27/अधि0अभि0/पीसीएम(जीवी)/ मायापुर :- चीला स्थित द्वितीय श्रेणी आवासों (क्लब साइड) की छतों के लीकेज उपचार से सम्बन्धित कार्य।
2. **निविदा लागत:-** रू0 24,98,699.19 मात्र, जी0एस0टी0 अतिरिक्त। ।
3. **वेबसाइट पर निविदा की उपलब्धता की तिथि एवं समय:-** 30 मई, 2026 13:00 बजे से।
4. **निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय:**-20 जून, 2026 13:00 बजे तक।

उक्तकार्य के निविदाप्रपत्र निगम की वेबसाइट http://ujvnl.com से सीधे डाउनलोड किये जा सकते हैं और निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा जमा करते समय अदा किया जायेगा। पात्रता मापदंड एवं विस्तृत विवरण हेतु कृपया निगम की वेबसाईट देखें।

**अधिशासी अभियन्ता, परि0जान0अनु0 (गंगावैली), मायापुर, हरिद्वार**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम), विक्टोरिया क्रॉस विजेता गबर सिंह सिंह ऊर्जा भवन कॉवली रोड, देहरादून- 246001
दूरभाष: 91-135-2763672-76, फैक्स: 91-135-2760289, कॉरपोरेट आई0डी0 संख्या (CIN) U40109UR2001SGC025867/2358, वेबसाईट: www.uktenders.gov.in

No:- 388/EE(cm)/UPCL/A-2      **ई-निविदा सूचना**      दिनांक: 30.05.2026

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०, देहरादून निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित करता है, जिसका विवरण निम्नवत् है :-

| क्र0 स0 | सामग्री का नाम | निविदा विशिष्टीकरण संख्या | मात्रा | अनुमानित लागत (₹ में) | विगत तीन वित्तीय वर्षों का औसत टर्न ओवर i.e. 2022-2023, 2023-2024 & 2024-2025 (₹ में) | धरोहर राशि (₹ में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी०एस०टी० सहित (₹ में) | आनलाईन माध्यम से निविदा पूर्व आयोजित सभा की तिथि एवं समय | निविदा हेतु आनलाईन आवेदन करने एवं आनलाईन एवं आफ लाईन जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | आनलाईन एवं आफ लाईन निविदा भाग-एक खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 11 के०वी० जी ओ स्वीच 400Amp | सीसी पी-I /7/2026-2027 | 700 नग | 70,98,000.00 | 1,50,00,000.00 | 1,42,000.00 | 5,900.00 | 11.6.2026 को 12:00 बजे | 20.6.2026 को 17:00 बजे तक | 21.6.2026 को 15:30 बजे |
| 02 | जी आई वार्यर 5mm (6SWG) | सी सी पी-I /8/2026-2027 | 100 एम टी | 95,92,220.00 | 1,91,84,440.00 | 1,92,000.00 | 5,900.00 | | 20.6.2026 को 17:00 बजे तक | 21.6.2026 को 15:45 बजे |

अन्य विवरण के लिए कृपया वेबसाइट www.uktenders.gov.in को देखें।
अधीक्षण अभियन्ता
कारपोरेट (अनुबन्ध एवं क्रय-प्रथम)

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल0ई0डी0 बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं0 1912) विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाइन भुगतान हेत www.upcl.org पर जाए। (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं0 1800 180 4185/फैक्स संख्या 0135-2760911 पर दें।)

### प्रेस क्लब में हिंदी पत्रकारिता दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

# एआई के युग में भी प्रिंट मीडिया के बिना रह नहीं सकते : भगत सिंह कोश्यारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हिंदी पत्रकारिता दिवस पर प्रेस क्लब हरिद्वार द्वारा द्विशताब्दी समारोह एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी मुख्य अतिथि तथा मीडिया सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रो. गोविंद सिंह मुख्य वक्ता रहे। अध्यक्षता निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी ने की। इस दौरान पत्रकारिता के क्षेत्र में विशेष कार्य करने वाले पत्रकारों को सम्मानित किया गया। वरिष्ठ पत्रकार गोपाल रावत को स्व. मधुकांत प्रेमी एवं राहुल वर्मा को स्व. पीएस चौहान स्मृति पुरूस्कार प्रदान किया। साथ ही पत्रकारिता की पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता मीडिया सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर गोविंद सिंह ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रमों की श्रंखला आयोजित करने पर प्रेस क्लब हरिद्वार बधाई का पात्र है। उन्होंने कहा कि हिंदी पत्रकारिता का इतिहास संघर्षपूर्ण रहा है। उस समय अंग्रेजी के अखबार चलते थे जिसमें सभी कर्मचारी और पाठक भी अंग्रेज ही होते थे। उसके बाद बंगला, फारसी और उर्दू के अखबार शुरू हुए। कोलकाता को अखबारों की जननी कहा जाता था, वहां से जुगल किशोर शुक्ल ने 1826 में उदंत मार्तंड नाम से पहला हिंदी भाषी साप्ताहिक अखबार शुरू किया। डेढ़ साल चलने वाले इस अखबार ने अपने मापदंड और छाप छोड़ दी। उसके बाद 1857 की क्रांति में भी हिंदी पत्रकारिता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1935 के बाद अखबारों ने आजादी की लड़ाई में ऐतिहासिक कार्य किए थे। इसके बाद बड़ी संख्या में हिंदी के अखबार शुरू हुए क्योंकि लोगो को उम्मीद थी कि हिंदी भारत की राजभाषा बन जाएगी। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि एआई के युग में भी प्रिंट मीडिया की आवश्यकता बनी रहेगी। उन्होंने भारतीय भाषाओं के संरक्षण और हिंदी के बढ़ते प्रभाव पर बल दिया। प्रो. गोविंद सिंह ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता का 200 वर्षों का इतिहास संघर्ष, स्वतंत्रता आंदोलन और सामाजिक जागरूकता से जुड़ा रहा है तथा 1857 की क्रांति में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि पत्रकारिता समाज को आईना दिखाने का काम करती है। समाज में घट रही घटनाओं को विश्वसनीयता से रखना ही सच्ची पत्रकारिता कहलाती है। निर्भीक होकर अपने मिशन को पूरा करना चाहिए। सच्चाई समाज के आगे आएगी तो देश मजबूत होगा। प्रेस क्लब से जुड़े पत्रकार समाज के सजग प्रहरी के रूप में अपना योगदान दे रहे हैं। हिंदी पत्रकारिता के दो सौ वर्ष गौरव पूर्ण रहे हैं। अगली पीढ़ी का दायित्व है कि इस गौरव को और आगे ले जाए। प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी एवं महामंत्री सूर्यकांत बेलवाल ने हिंदी पत्रकारिता के गौरवपूर्ण इतिहास को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार दीपक नौटियाल ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# सोशल मीडिया पर भड़काऊ कॉमेंट्स करने वाले बादशाह गैंग के 5 युवक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** थाना क्षेत्र में कथित बादशाह गैंग के बीच सोशल मीडिया पर भड़काऊ कॉमेंट्स,पोस्ट व स्टेटस लगा रहे कुछ युवकों चिन्हित कर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी युवकों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह द्वारा ऑपरेशन प्रहार के तहत अपराधिक तत्वों और समाज का माहौल खराब करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के संबंध में दिए गए निर्देशों पर पथरी पुलिस में वर्चस्व को दिखाने को लेकर कुछ व्यक्तियों द्वारा एक गैंग बनाकर सोशल मीडिया पर भड़काऊ कॉमेंट्स, पोस्ट व स्टेटस लगा रहे कुछ युवकों को चिन्हित कर पूछताछ के लिए फेरुपुर चौकी बुलाने पर अभी एक दूसरे के साथ में लड़ाई झगड़ा करने पर उतारू हो गये, पुलिस द्वारा समझाने का प्रयास करने पर युवक पुलिस के साथ भी उलझने लगे,पुलिस ने पांचों बादशाह गैंग के युवकों को गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है। एसओ रविन्द्र कुमार ने बताया सोशल मीडिया पर भड़काऊ कॉमेंट्स, पोस्ट व स्टेटस लगाने को लेकर बादशाह गैंग के पाँच युवकों को गिरफ्तार किया है। सभी को न्यायालय में पेश किया गया है।




## संक्षिप्त खबर

### आवारा गोवंश छोड़ने पर पशुपालक के खिलाफ केस दर्ज

**हरिद्वार।** नगर निगम ने गोवंश को आवारा अवस्था में छोड़ने के मामले में एक पशुपालक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। उप नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी की शिकायत पर शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि तहरीर के अनुसार नगर निगम क्षेत्र के सुभाष घाट पर एक आवारा गोवंश पाया गया। गोवंश के कान में लगे टैग के आधार पर उसकी पहचान की गई। जांच में गोवंश का स्वामी प्रवेश निवासी भूरे की खोल का निकला। जिसके बाद स्थलीय जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि प्रवेश ने गोवंश को खुले में छोड़ रखा है, जिसके चलते वह नगर निगम क्षेत्र में आवारा घूम रहा था। आवारा गोवंश के सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर घूमने से आमजन, श्रद्धालुओं तथा यातायात के लिए दुर्घटना का खतरा बना रहता है। इससे जनसुरक्षा और लोक व्यवस्था भी प्रभावित होती है। पुलिस ने उत्तराखण्ड गोवंश संरक्षण अधिनियम-2007 के तहत शनिवार को केस दर्ज कर लिया है।

### अवैध रूप से शराब के धंधे मे संलिप्त दो गिरफ्तार

**हरिद्वार।** कोतवाली नगर पुलिस ने अवैध रूप से शराब के धंधे में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। अलग-अलग स्थान से गिरफ्तार किए गए आरोपियों के कब्जे से देशी शराब के 65 पव्वे बरामद हुए हैं। पुलिस मुख्यालय से चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत अवैध शराब के धंधे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने सूरज पुत्र मान सिंह निवासी रेल पटरी के पास झुग्गी झोंपडी ब्रहमपुरी को देशी शराब के 28 टैट्रा पैक व सोहन लाल पुत्र रामकुमार निवासी महेश का मकान टाटा मोटर्स वाली गली लोधामण्डी को देशी शराब के 37 टैट्रा पैक समेत दबोच लिया। दोनो आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकद्मा दर्ज किया गया है। पुलिस टीम में एसआई खेमेंद्र गंगवार, कां. अमित भट्ट व सुमित कुमार शामिल रहे।

### बीमा पॉलिसी की 29 लाख की रकम हड़पने का आरोप

**हरिद्वार।** जिला कारागार रोशनाबाद में बंद एक बंदी ने अपनी बेटी और उसके मित्र पर बीमा पॉलिसियों की करीब 29.33 लाख रुपये की धनराशि धोखाधड़ी और षड्यंत्र के तहत हड़पने का आरोप लगाया है। रानीपुर कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर मनोहर भंडारी के मुताबिक सेक्टर बीएचईएल रानीपुर निवासी अरुण वालिया पुत्र मोहन लाल वालिया ने शिकायत कर बताया कि वह वर्तमान में जिला कारागार रोशनाबाद में है। कहा है कि बीएचईएल से सेवानिवृत्ति के दौरान उन्होंने भारतीय जीवन बीमा निगम की चार पॉलिसियों में लगभग 32.20 लाख रुपये जमा किए थे। आरोप है कि उनकी पुत्री मुस्कान वालिया और उसके मित्र हिमांशु ने उनकी पत्नी अनुराधा वालिया के साथ मिलकर साजिश रची और उन्हें एक आपराधिक मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवाने के बाद बीमा पॉलिसियों की रकम निकाल ली। अप्रैल से जुलाई 2022 के बीच विभिन्न यूपीआई और बैंक ट्रांजेक्शन के माध्यम से लाखों रुपये अपने तथा रिश्तेदारों के खातों में स्थानांतरित किए गए। दावा है कि हिमांशु के खाते में विभिन्न किश्तों में कुल 5.08 लाख रुपये और मुस्कान वालिया द्वारा रिश्तेदारों एवं परिचितों को लगभग 24.25 लाख रुपये स्थानांतरित किए गए। करीब 29.33 लाख रुपये की धनराशि कथित रूप से हड़प ली गई। बताया कि उन्होंने वर्ष 2024 और 2026 में पुलिस अधिकारियों को शिकायतें भेजीं, लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने न्यायालय की शरण ली। जिसके बाद पुलिस ने शनिवार को केस दर्ज कर लिया है।

# बाजार में कपड़ों की दुकान में लगी आग, बड़ा हादसा टला

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र के कटहरा बाजार स्थित जामा मस्जिद के निकट एक कपड़ों की दुकान में शनिवार दोपहर अचानक आग लगने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन मायापुर की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाकर बड़ा नुकसान होने से बचा लिया। जानकारी के अनुसार शनिवार को करीब 3:25 बजे फायर स्टेशन मायापुर को सूचना मिली कि कटहरा बाजार में जामा मस्जिद के पास स्थित फैशन गैलरी नामक कपड़ों की दुकान में आग लग गई है। सूचना पर एक अग्निशमन वाहन तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। मौके पर पहुंची टीम ने देखा कि प्रथम तल पर स्थित कपड़ों की दुकान में आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। अग्निशमन कर्मियों ने होजरील की सहायता से आग बुझाने का अभियान शुरू किया और कुछ ही समय में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। अग्निकांड में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। फायर कर्मियों की त्वरित कार्रवाई के चलते आग आसपास की दुकानों तक नहीं फैल सकी, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। अग्निशमन अभियान में लीडिंग फायरमैन जयवीर सिंह, फायर सर्विस चालक संजय कैन्तुरा तथा फायरमैन मातबर सिंह, खुशहाल राणा और सुरेश कुमार शामिल रहे।



# तेज आंधी तूफान से आम की फसल हुई बर्बाद, किसान मायूस

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** क्षेत्र में शनिवार दोपहर आए तेज आंधी-तूफान ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया तेज हवाओं के चलते आम के पेड़ों से बड़ी संख्या में फल टूटकर जमीन पर गिर गए, जिससे पैदावार को भारी नुकसान हुआ है। अचानक आए आंधी तूफान ने किसानों की उम्मीदों को बड़ा झटका दिया है जिसके बाद उन्हें आर्थिकी की चिंता सता रही है। किसानों के अनुसार, तूफान इतना तेज था कि पेड़ों पर लगे कच्चे आम बड़ी संख्या में टूटकर जमीन पर गिर गए। तूफान रुकने पर जब किसान अपने बाग में पहुंचे तो हर तरफ गिरे हुए आम दिखाई दिए, जिसे देखकर उनकी चिंता और बढ़ गई।

स्थानीय किसान ललित, अरुण, विरेन्द्र का कहना है कि इस समय आम की पैदावार तैयार होने के करीब थी और बाजार में अच्छे दाम मिलने की उम्मीद थी। लेकिन अचानक आए इस तूफान ने उनकी उम्मीदों को बड़ा झटका दे दिया अन्य किसानों ने बताया कि उनके बाग में भारी मात्रा में आम गिरकर खराब हो गए हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा किसानों का कहना है कि आम की पैदावार सालभर की मेहनत का नतीजा होती है लेकिन एक ही दिन में आई इस प्राकृतिक आपदा ने उनकी पूरी मेहनत पर पानी फेर दिया कई जगहों पर पेड़ों की डालियां भी टूट गई हैं, जिससे आने वाले समय में भी उत्पादन पर असर पड़ सकता है। आंधी तूफान ने बागवानी को काफी क्षति पहुंचाने के साथ ही किसानों की चिंता को बढ़ा दिया है किसानों को इस बार पैदावार से काफी उम्मीदें थी। किसान प्रशासन से क्षति का आकलन कर मुआवजे की मांग कर रहे हैं, जिससे उन्हें राहत मिल सके।

# तेज आंधी में गिरे बिजली के खंबे व पेड़

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शनिवार दोपहर बाद आयी तेज आंधी के चलते जगजीतपुर के राजविहार फेस-2 में बिजली के दो खंभे और एक विशाल पेड़ जड़ से उखड़ गए। सड़क पर बिजली के खंबे और पेड़ गिरने से काफी समय तक यातायात बाधित रहा। पूरे इलाके में बिजली भी गुल हो गयी। बिजली के तार आसपास की गलियों में फैल गए। जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल बन गया। जिस मार्ग पर बिजली के खंबे और पेड़ गिरने की घटना हुई है। उस मार्ग पर दिन भर कालोनी वासियों और वाहनों चालकों की आवाजाही रहती है। गनीमत रही कि तेज हवाएं चलने के दौरान लोग अपने घरों में थे। जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। क्षेत्र निवासियों का कहना है कि हवा का दबाव इतना तेज था कि विशाल पेड़ व सीमेंट से बने बिजली के खंबे सहन नही कर पाए और उखड़ गए।



# जूस की दुकान पर युवकों का हमला, सात नामजद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शिवालिक नगर स्थित अटल वाटिका चौक के पास जूस पी रहे दो युवकों पर कथित रूप से लोहे की रॉड और बेसबॉल बैट से हमला करने का मामला सामने आया है। घायल युवक के पिता ने कोतवाली रानीपुर में तहरीर देकर सात नामजद समेत 12 से 15 युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर मनोहर भंडारी के मुताबिक पी-232, शिवालिक नगर, भेल रानीपुर निवासी रघुवंशी पुत्र वीरेंद्र सिंह ने शिकायत कर बताया कि उनका पुत्र कार्तिके रघुवंशी 28 मई की शाम अपने मित्र शिवांश चौधरी के साथ जिम से लौटने के बाद अटल वाटिका चौक के निकट एक जूस की दुकान पर खड़ा था। आरोप है कि इसी दौरान मोटरसाइकिलों और बुलेट पर सवार होकर पहुंचे युवकों ने दोनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि दिव्यम पटेल के हाथ में लोहे की रॉड थी, जबकि अन्य युवकों के पास बेसबॉल बैट थे। आरोप है कि दिव्यम पटेल ने कार्तिके रघुवंशी के सिर और कमर पर लोहे की रॉड से हमला किया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और काफी खून बहने लगा। बीच-बचाव करने पहुंचे शिवांश चौधरी के साथ भी मारपीट की गई। घटना में दिव्यम पटेल, तेजस गर्ग, सागर धाकड़, केशव भारद्वाज, कार्तिक शुक्ला, अपूर्व भट्ट और रघु धाकड़ को नामजद किया गया है। इसके कई अन्य युवक भी थे। घायल कार्तिके को उपचार के लिए पहले निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसके सिर पर टांके लगाए गए। बाद में सरकारी अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया, जहां से उसे एक्स-रे और सीटी स्कैन के लिए दून अस्पताल रेफर किया गया। कोतवाल मनोहर भंडारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# राज्यमंत्री ओमप्रकाश जमदग्नि ने चारधाम यात्रा पंजीकरण केंद्र का किया निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर पर्यटन सलाहकार परिषद के उपाध्यक्ष दर्जाधारी राज्यमंत्री ओम प्रकाश जमदग्नि ने शनिवार को ऋषिकुल मैदान स्थित चारधाम यात्रा पंजीकरण केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पानी के खाली कैंपर, बंद पंखे और केन्द्र में फैली अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने पर्यटन अधिकारी सुशील नौटियाल और सिटी मजिस्ट्रेट हरगिरि को व्यवस्थाओं में सुधार के निदेश दिये। निरीक्षण के दौरान राज्यमंत्री ओमप्रकाश जमदग्नि ने यात्रियों से भी जानकारी ली और उनकी समस्याएं सुनी। यात्रियों ने बताया कि पंजीकरण की गति बहुत धीमी गति है। अन्य व्यवस्थाएं भी ठीक नहीं है। ओमप्रकाश जमदग्नि ने कहा कि प्रदेश सरकार चारधाम यात्रा करने आए यात्रीयों को सभी सुविधा उपलब्ध करा रही है। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने व्यवस्थाओं में सुधार करने के निर्देश भी दिए। जिला पर्यटन अधिकारी सुशील नौटियाल ने उन्हें व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी। ओमप्रकाश जमदग्नि ने कहा कि शिकायतों को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश के बाद उन्होंने औचक निरीक्षण किया है। जिसमें कुछ खामियां मिली हैं। सिटी मजिस्ट्रेट को अगले दो दिनों में जांच रिपोर्ट देने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि पंजीकरण बंद किए जाने की खबरों को लेकर भी वे गंभीर हैं।




### सार्वजनिक सूचना

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी संपत्ति जो प्लॉट संख्या 28, कुल क्षेत्रफल 1020 वर्ग फुट अर्थात 94.79 वर्ग मीटर है जो कि स्थित ग्राम नूरपुर पंजनहेड़ी, परगना ज्वालापुर, तहसील एवं जनपद हरिद्वार है। इस संपत्ति से संबंधित एक असल विक्रय पत्र जो दिनांकित 02/09/2015 को उप-निबंधक कार्यालय, हरिद्वार में पंजीकृत है जिसकी बही संख्या 01, जिल्द संख्या 3459, पृष्ठ संख्या 91 से 104 तथा दस्तावेज संख्या 5005 है। वास्तव में कहीं गुम हो गया है। इस संबंध में पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गयी है। उक्त असल विक्रय पत्र को किसी भी बैंक अथवा वित्तीय संस्था के पास गिरवी नहीं रखा गया है तथा न ही इसका किसी प्रकार का दुरुपयोग किया गया है। श्रीमती रीता खुराना पत्नी श्री विनोद खुराना. निवासी : 216, गली संख्या 01, अम्बेडकर नगर, ज्वालापुर, तहसील एवं जनपद हरिद्वार।**


# एनडीआरएफ ने आपदा राहत व रेस्क्यू के गुर सिखाए

शाह टाइम्स संवाददाता


**हरिद्वार।** एनडीआरएफ टीम ने पुलिस लाइन रोशनाबाद में प्रशिक्षण ले रहे रिक्रूट कांस्टेबल को आपदा राहत व रेस्क्यू के गुर सिखाए। एनडीआरएफ टीम ने पुलिस कांस्टेबल को आपदा के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरणों के बारे में भी जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार नवनीत सिंह के प्रयासों से 15 बीएन एनडीआरएफ टीम ने पुलिस लाइन रोशनाबाद ट्रेनिंग सेंटर में कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में टीम ने प्रशिक्षण ले रहे रिक्रुट आरक्षियों को आपदाकाल में फंसे लोगों तक अपनी पहुंच बनाने, खाद्य सामग्री पहुंचाने, उन्हे रेस्क्यू करने, सुरक्षित रुप से बाहर निकालने एवं आवश्यकता पड़ने पर मौके पर प्राथमिक उपचार देने के संबंध में प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान प्रशिक्षुओं को आपदा के दौरान इस्तेमाल होने वाले विभिन्न उपकरणों की प्रयोग की विधि, उपकरणों में समस्या आने पर समस्याओं को तत्कालिक रुप से सही करने सहित विभिन्न जानकारियों को सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक रुप से जानकारी दी गयी। एसएसपी नवनीत सिंह ने कहा कि उत्तराखंड राज्य अधिकांश पर्वतीय भुभाग से आच्छादित और अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र होने के कारण भविष्य में उत्तराखंड पुलिस की बागडोर संभालने के लिए तैयार किए जा रहे रिक्रुट आरक्षियों के लिए पुलिस ट्रेनिंग के साथ आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण बेहद सकारात्मक, उपयोगी एवं महत्वपूर्ण है।



# धर्म सत्ता के बिना अधूरी है राज सत्ता : अरूण गिरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री संजय सिंह ने आह्वान अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरूण गिरी के सानिध्य में दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया और उनसे आशीर्वाद लिया। स्वामी अरूण गिरी ने शॉल ओढ़ाकर संजय सिंह का स्वागत किया और अगले वर्ष हरिद्वार में होने वाले कुंभ मेले में शामिल होने का निमंत्रण देते हुए कहा कि धर्म सत्ता के बिना राज सत्ता अधूरी है। संतों के आशीर्वाद और सानिध्य में सनातन संस्कृति के मार्ग पर चलकर ही देश को आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और बिहार की भाजपा सरकार सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कदम उठा रही है। जिससे भारत शीघ्र ही विश्व गुरू की पदवी पर आसीन होकर पूरी दुनिया का मार्गदर्शन करेगा। कैबिनेट मंत्री संजय सिंह ने कहा कि गंगा तट पर संतों का सानिध्य सौभाग्य से प्राप्त होता है। संतों के सानिध्य में प्राप्त आध्यात्मिक ज्ञान से व्यक्ति के कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरूण गिरी विद्वान संत हैं। सनातन संस्कृति के प्रचार प्रसार और भक्तों को धर्म व अध्यात्म का ज्ञान प्रदान करने के साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनके प्रयासों से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। संजय सिंह ने कहा कि अगले वर्ष होने वाले कुंभ मेले में अपनी टीम के साथ स्वामी अरूण गिरी की पर्यावरण संरक्षण की मुहिम को आगे बढ़ाने में सहयोग करेंगे। इस दौरान राजा सुधीर सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।




### न्यायालय श्रीमान सिविल जज जे.डी. महोदय, हरिद्वार।

मूलवाद संख्या 60 सन 2026

1. किंकर राय पुत्र स्व0 श्री सुजीत राय, निवासी 72 चौक बाजार कनखल, तहसील व जिला हरिद्वार। 2. महाशक्ति पुत्र स्व0 श्री सुजीत राय, निवासी घासमण्डी पहाडी बाजार, कनखल, जिला हरिद्वार। ........ वादीगण।

**बनाम**

1. नगर निगम हरिद्वार द्वारा श्रीमान नगर आयुक्त, नगर निगम, हरिद्वार। 2. आम जनता।

उपरोक्त वाद वादी की ओर से माननीय न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया है। अत: आप प्रतिवादीगण/आम को न्यायालय के आदेशानुसार सूचित किया जाता है कि यदि किसी को इस सम्बन्ध कोई इतराज हो तो न्यायालय में नियत दिनांक 31/07/2026 को समय प्रात: 10 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उक्त वाद में एतराज प्रस्तुत करें। अन्यथा उक्त वाद में नियत दिनांक को सुनवाई कर प्रार्थनापत्र की कार्यवाही एक पक्षीय रूप से अग्रसरित कर विधिनुसार निस्तारित कर दिया जायेगा।

**प्रबन्धक**
**सिविल जज जे.डी. हरिद्वार।**


# भेल लेडीज क्लब के कर्मचारियों का फूटा गुस्सा, वेतन, पेंशन व पहचान को लेकर उठाए गंभीर सवाल, किया विरोध प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भेल लेडीज क्लब में कार्यरत कर्मचारियों ने अपनी सेवा शर्तों, अधिकारों और विभागीय नीतियों को लेकर प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कर्मचारियों का आरोप है कि लंबे समय से उनकी जायज मांगों को नजरअंदाज किया जा रहा है, जिससे उनके भीतर अपनी पहचान और भविष्य को लेकर गहरा असंतोष है। कर्मचारियों का कहना है कि उनका सरकारी पीएफ नियमित रूप से कटता है। इसके बावजूद, उनकी सेवानिवृत्ति की आयु मात्र 58 वर्ष तय की गई है, जबकि भेल के अन्य सभी विभागों में यह आयु सीमा 60 वर्ष है। कर्मचारियों ने इस दोहरे मानदंड पर कड़ा ऐतराज जताया है। कहना है कि बढ़ती महंगाई के इस दौर में कर्मचारी आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। उनका आरोप है कि पिछले कई वर्षों से उनके महंगाई भत्ते और मूल वेतन में कोई उचित वृद्धि नहीं की गई है, जिसके कारण दैनिक खर्चों को पूरा करना भी अब एक बड़ी चुनौती बन गया है। कर्मचारियों ने प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें विभागीय नियमों और नियमित प्रक्रियाओं से जानबूझकर वंचित रखा गया है। विभाग में किसी भी प्रकार का स्पष्ट सर्कुलर या लिखित नीतियाँ जारी नहीं की जाती हैं। उन्हें यह भी नहीं पता कि हमारे वास्तविक अधिकार क्या हैं, जिससे कर्मचारियों में अपनी पहचान को लेकर लगातार भ्रम बना हुआ है। कर्मचारियों के अनुसार, उन्होंने इन सभी समस्याओं के समाधान और स्पष्टीकरण के लिए कई बार संबंधित अधिकारियों के सामने अपनी बात रखी और लिखित जवाब मांगा। लेकिन हर बार उन्हें केवल आश्वासन मिला, कोई संतोषजनक उत्तर या कार्रवाई नहीं हुई। वही, अधिकारियों के उदासीन रवैये से तंग आकर अब भेल लेडीज क्लब के कर्मचारियों ने आर-पार की लड़ाई का मूड बना लिया है। उन्होंने प्रबंधन से मांग की है कि उनकी सेवा अवधि और सेवानिवृत्ति आयु की समीक्षा की जाए। वेतन, पीएफ और पेंशन से जुड़ी विसंगतियों को तुरंत दूर किया जाए। विभागीय नीतियों को लिखित रूप में सार्वजनिक कर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। इस दौरान कौशल्या, रोशन, मीरा, काशो, बृजेश, नरेंद्र आदि मौजूद रहे।

### मेयर किरण जैसल एवं विधायक आदेश चौहान ने किया सड़क का लोकार्पण

**हरिद्वार।** मेयर किरण जैसल एवं रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने वार्ड 45 तपोवन नगर में श्रीराम गली के समर्पित नवनिर्मित सड़क का लोकार्पण किया। मेयर किरण जैसल ने कहा कि शहर का समग्र विकास, सुगम यातायात और जनसुविधाओं का विस्तार कर नगर निगम के सभी वार्डो को सुविधा संपन्न बनाना उनका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि सड़क बनने से स्थानीय लोगों को सुविधा मिलेगी। रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने कहा कि जनसेवा और विकास सरकार का संकल्प है। नगर निगम के साथ सरकार के इस संकल्प को आगे बढ़ाते हुए निरंतर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। पार्षद योगेंद्र सैनी ने मेयर किरण जैसल एवं विधायक आदेश चौहान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वार्ड की समस्याओं के समाधान और लोगों को सुविधा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज गौतम, डा.राजकुमार, रमेश पाठक, महिला मोर्चा अध्यक्ष चंचल कौर, भीम सिंह कंडारी, बृजेश शर्मा आदि मौजूद रहे।




## उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड ज्वालापुर हरिद्वार। मोबाईल नं0. 9412073716

पत्रांकः– 3691 / वि0.वि0.ख0ज्वा0 / ह0 / शटडाउन / ई0ई0 / दिनांक– 30.05.2026

### विद्युत बन्दी सूचना

खण्ड के अन्तर्गत आने वाले सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि निम्न तालिका में वर्णित तिथि व समय में 33 / 11 के०वी० विद्युत उपसंस्थान, बहादराबाद के क्षेत्रान्तर्गत तार बदलने का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। अतः तालिका में वर्णित क्षेत्रों से सम्बन्धित सम्मानित उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति उल्लिखित तिथि व समय पर आंशिक / पूर्ण रूप से बाधित रहेगी।

| क्रम सं0 | उपसंस्थान का नाम | पोषक का नाम | दिनांक व दिन | समय | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 33 / 11 के0वी0 विद्युत उपसंस्थान, बहादराबाद। | 11 के0वी0 आर0एल0 | 01.06.2026 / सोमवार | 10:00 बजे से 14:00 बजे तक। | बौंगला, रोहाल्की, अलीपुर, इब्राहिमपुर एवं उक्त पोषक से पोषित होने वाले समस्त घरेलू, अघरेलू व औद्योगिक उपभोक्ता। |
| | | | 05.06.2026 / शुक्रवार | | |
| | | | 09.06.2026 / मंगलवार | | |
| | | 11 के0वी0 भरत सिंह | 02.06.2026 / मंगलवार | | खेडली, बेगमपुर, कमालपुर सैनीवास, राधिका एन्क्लेव, शिव विहार कालोनी, हरिओम एन्क्लेव एवं उक्त पोषक से पोषित होने वाले सभी घरेलू, अघरेलू व औद्योगिक उपभोक्ता। |
| | | | 06.06.2026 / शनिवार | | |
| | | | 10.06.2026 / बुधवार | | |
| | | 11 के0वी0 रोशनाबाद | 04.06.2026 / बृहस्पतिवार | | रोशनाबाद, आन्नेकी हेतमपुर, शिवम विहार, एल०बी०पी०एस० कालोनी एवं उक्त पोषक से पोषित होने वाली सभी घरेलू, अघरेलू व औद्योगिक उपभोक्ता। |
| | | | 08.06.2026 / सोमवार | | |
| | | | 11.06.2026/बृहस्पतिवार | | |
| | | | 13.06.2026 / शनिवार | | |

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त समय में विद्युत एवं पानी की वैकल्पिक व्यवस्था अपने स्तर से करने की कृपा करें। विद्युत बन्दी के समय सम्मानित उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है।

'विद्युत बिलो के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं*
Toll free No- 1800-419-0405

**अधिशासी अभियन्ता**
''राष्ट्रहित में विद्युत बचायें''



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# खारसी-खाटवा क्षेत्र में कहर बनकर बरसे ओले

## किसानों की मेहनत पर फिरा पानी, खड़ी फसलें हुई बुरी तरह प्रभावित

**बागवानी फसलों को भी पहुंचा भारी नुकसान**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** चकराता विकासखंड के खारसी, खाटवा तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को हुई भीषण ओलावृष्टि ने किसानों और बागवानों को भारी नुकसान पहुंचाया है। तेज हवाओं, गर्जना और बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि से खेतों में खड़ी फसलें बुरी तरह प्रभावित हो गई, जबकि बागवानी फसलों को भी व्यापक क्षति पहुंची है।

स्थानीय निवासी अमित चौहान,मोहन सिंह ,शूरवीर सिंह, सचिन पवार,रणवीर सिंह ने बताया कि दोपहर के समय अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी के साथ बड़े आकार के ओले गिरने लगे। कुछ ही देर में खेतों में तैयार खड़ी फसलें बिछ गई और पेड़ों पर लगे कच्चे फल टूटकर जमीन पर गिर गए। उन्होंने कहा कि इस प्राकृतिक आपदा ने किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। ग्रामीणों के अनुसार ओलावृष्टि इतनी तीव्र थी कि कई स्थानों पर फसलें पूरी तरह नष्ट हो गईं। खेतों में गेहूं, सब्जियां और अन्य मौसमी फसलें प्रभावित हुई हैं, जबकि फल उत्पादकों को भी भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। अचानक तापमान में आई गिरावट से पूरे क्षेत्र में ठंड का एहसास बढ़ गया है।

किसानों का कहना है कि पहले से बढ़ती लागत और मौसम की अनिश्चितता के बीच यह नुकसान उनके लिए बड़ी चुनौती बन गया है। कई परिवारों की आजी. विका कृषि और बागवानी पर निर्भर है, ऐसे में फसलों के नष्ट होने से आर्थिक संकट गहरा सकता है। प्रभावित किसानों और बागवानों ने प्रशासन से नुकसान का शीघ्र सर्वेक्षण कराकर उचित मुआवजा देने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि समय पर राहत नहीं मिलने पर उन्हें गंभीर आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

# आजीविका मिशन: कालसी ब्लॉक में महिला समूहों का सम्मान

**28 लाख के निवेश से महिलाओं ने कमाया 3 लाख का लाभांश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिया।** कालसी ब्लॉक के अंतर्गत न्याय पंचायत भंजरा के पजिटीलानी में शनिवार को प्रगति सीएलएफ आजीविका मिशन द्वारा महिला सशक्तीकरण को समर्पित एक भव्य सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र की उन महिलाओं को सम्मानित किया गया, जो स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर न केवल आत्मनिर्भर बन रही हैं, बल्कि अपनी आर्थिकी को भी मजबूत कर रही हैं।

कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि आजीविका मिशन के तहत क्षेत्र की महिला समूह कृषि, अचार निर्माण और मशरूम उत्पादन जैसे विविध कार्य कर रही हैं। इन कार्यों के लिए मिशन द्वारा समूहों को लगभग 28 लाख की धनराशि उपलब्ध कराई गई थी। इस निवेश का सकारात्मक परिणाम यह रहा कि समूहों ने करीब 3 लाख का लाभांश अर्जित किया है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में महिलाओं को पारंपरिक 'ढांटू' (सिर पर बांधे जाने वाला वस्त्र) वितरित किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ कालसी ब्लॉक के सहायक खंड विकास अधिकारी प्रकाश भेतवाल ने किया। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी संस्कृति को सहेजने के साथ-साथ उत्पादकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना आवश्यक है। उन्होंने समूह की महिलाओं को आधुनिक उत्पादन तकनीकों की जानकारी दी ताकि भविष्य में उनका लाभांश और बढ़ सके। वहीं आजीविका मिशन के ब्लॉक प्रबंधक सुरेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि पजिटीलानी में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री उद्यमशाला की स्टेट टीम ने भी शिरकत की और महिला समूहों को स्वरोजगार के विस्तृत टिप्स दिए।

नेगी ने विश्वास जताया कि भविष्य में सीएलएफ का लाभांश और बढ़ने पर समूहों से जुड़ी महिलाओं को जौनसारी पारंपरिक पोशाकें, जैसे घाघरा और जगा भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

इस अवसर पर क्षेत्रीय कोऑर्डिनेटर नरेंद्र डोभाल, सीएलएफ अध्यक्ष रीना तोमर, रिपरियोजना से रितम्बरा, रणवीर सिंह चौहान सहित कई गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# औद्योगिक इकाइयों को श्रम कानूनों व कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

**जिला उद्योग केंद्र, कोटद्वार की कार्यशाला में उद्यमियों ने लिया सक्रिय भाग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** जिला उद्योग केंद्र, कोटद्वार द्वारा औद्योगिक आस्थान स्थित औद्योगिक इकाइयों एवं उद्यमियों के लिए श्रम विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और श्रम कानूनों पर आधारित जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य उद्योगों और श्रमिकों को श्रम संबंधी प्रावधानों, अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना था।

कार्यशाला में श्रम विभाग के अधिकारियों ने श्रमिक पंजीकरण, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, श्रमिक कल्याण कार्यक्रमों, कार्यस्थल सुरक्षा मानकों तथा श्रम कानूनों के प्रभावी अनुपालन से संबंधित विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही श्रमिकों एवं नियोक्ताओं को उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं और योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया भी समझाई गई। अधिकारियों ने कहा कि श्रम कानूनों का अनुपालन न केवल श्रमिकों के हितों की रक्षा करता है, बल्कि उद्योगों में बेहतर कार्य वातावरण और उत्पादकता बढ़ाने में भी सहायक होता है।

कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान करते हुए योजनाओं के व्यावहारिक पहलुओं पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में औद्योगिक आस्थान की विभिन्न इकाइयों के प्रतिनिधियों एवं उद्यमियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। इस दौरान श्रमिक कल्याण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, सुरक्षित कार्यस्थल के निर्माण तथा उद्योगों में श्रम कानूनों के अनुपालन को लेकर विचार-विमर्श किया गया ।प्रतिभागियों ने इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों को उद्योगों और श्रमिकों के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए जिला उद्योग केंद्र एवं श्रम विभाग के प्रयासों की सराहना की।

# साहिया कॉलेज की 22 छात्राओं को मिली 30-30 हजार रुपये की अजीम प्रेमजी छात्रवृत्ति



**कालेज में एक दिवसीय फॉलो-अप कार्यशाला का आयोजन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिया।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पीजी कॉलेज, साहिया में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा एक दिवसीय फॉलो-अप कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में छात्रवृत्ति प्राप्त छात्राओं से संवाद कर छात्रवृत्ति के उपयोग एवं उनके शैक्षिक अनुभवों की जानकारी ली गई। मुख्य वक्ता डॉ. चंद्रा ने बताया कि अजीम प्रेमजी छात्रवृत्ति योजना का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों से उत्तीर्ण छात्राओं को उच्च शिक्षा से जोड़ना, महाविद्यालयों में उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना और लैंगिक असमानता को कम करना है। योजना के अंतर्गत पात्र छात्राओं को प्रतिवर्ष 30 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

ब्लॉक समन्वयक संजीव कुमार ने छात्राओं से संवाद करते हुए छात्रवृत्ति के सदुपयोग की जानकारी ली। छात्राओं ने बताया कि उन्होंने इस राशि का उपयोग ट्यूशन फीस, परीक्षा आवेदन शुल्क और ऑनलाइन अध्ययन के लिए स्मार्टफोन खरीदने में किया है। महाविद्यालय की उप-प्राचार्या डॉ. प्रियंका जलाल ने बताया कि वर्तमान सत्र में प्रथम वर्ष की 22 छात्राओं को अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा 30-30 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। महाविद्यालय के चेयरमैन अनिल सिंह तोमर ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि वे इस सहायता का उपयोग अपनी उच्च शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में करें। इस अवसर पर स्वस्थ जीवनशैली एवं पोषण के महत्व पर भी विशेष चर्चा की गई।

## एक नजर .......

### खोह नदी किनारे अवैध अतिक्रमण पर प्रशासन का बड़ा एक्शन

**कोटद्वार।** जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया के निर्देशों के क्रम में राजकीय भूमि पर अतिक्रमण के विरुद्ध प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में खोह नदी तट क्षेत्र में किए गए अवैध अतिक्रमण पर राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं नगर निगम कोटद्वार के संयुक्त दल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया। राजस्व उपनिरीक्षक, पट्टी सनेह द्वारा ग्राम बिशनपुर स्थित खोह नदी किनारे किए गए अतिक्रमण की रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी थी। रिपोर्ट के आधार पर संबंधित व्यक्तियों को नियमानुसार अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किए गए थे। इसके बावजूद निर्धारित समयावधि के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर शुक्रवार को प्रशासन ने संयुक्त अभियान चलाते हुए जेसीबी मशीन की सहायता से तीन अवैध फाउंडेशन तथा एक निर्माणाधीन अवैध भवन को ध्वस्त कर दिया। उपजिलाधिकारी ने कहा कि राजकीय भूमि, सार्वजनिक परिसंपत्तियों, नदी तटों एवं आमजन के आवागमन के मार्गों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में चिन्हीकरण, नोटिस और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के बाद कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक हितों की रक्षा और सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए जनपद में अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा तथा अवैध कब्जों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सुरेन्द्र नेगी ने जाना घायल महिला का हालचाल

**कोटद्वार।** शनिवार प्रातः लगभग साढ़े सात बजे कोटलीढांग-सनेह क्षेत्र, कोटद्वार निवासी रीना देवी पर जंगल की ओर घास काटने जाते समय गुलदार ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गई। स्थानीय लोगों की सहायता से उन्हें तत्काल बेस अस्पताल, कोटद्वार में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी तत्काल बेस अस्पताल पहुंचे और घायल महिला का हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों एवं अस्पताल स्टाफ से वार्ता कर घायल महिला को बेहतर से बेहतर उपचार उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। उन्होंने घायल महिला के परिजनों से भी मुलाकात की तथा उन्हें हरसंभव सहयोग एवं सहायता का भरोसा दिलाया। चिकित्सकों ने उन्हें अवगत कराया कि महिला की स्थिति फिलहाल स्थिर है तथा वह खतरे से बाहर हैं। इस दौरान उन्होंने बेस अस्पताल में भर्ती अन्य मरीजों से भी मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना । उन्होंने मरीजों एवं उनके परिजनों से स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा चिकित्सकों एवं अस्पताल स्टाफ से समुचित स्वास्थ्य व्यवस्थाओं, आवश्यक संसाधनों एवं मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के संबंध में विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बढ़ रही गुलदार की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आए दिन निर्दोष ग्रामीण, महिलाएं और बच्चे वन्यजीव हमलों का शिकार हो रहे हैं। यह अत्यंत गंभीर विषय है, जिस पर सरकार को तत्काल और प्रभावी कदम उठाने चाहिए। कहा कि मानव व वन्यजीव संघर्ष की बढ़ती घटनाएं अब पहाड़ और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही हैं।

### अवैध खनन के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई खनन सामग्री से भरा ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

**कोटद्वार ।** जनपद पौड़ी गढ़वाल में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली कोटद्वार पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध खनन सामग्री के साथ पकड़ा गया। कोतवाली कोटद्वार पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। चेकिंग के दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में बड़ी मात्रा में अवैध रूप से पत्थर, बोल्डर का परिवहन किया जाना पाया गया। वाहन चालक से खनन सामग्री के संबंध में वैध अभिलेख एवं रॉयल्टी प्रपत्र प्रस्तुत करने को कहा गया, किन्तु वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। उक्त वाहन द्वारा अवैध रूप से खनन सामग्री का परिवहन किया जाना पाए जाने पर नियमानुसार ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई तथा अग्रिम कार्यवाही हेतु संबंधित विभाग को भी अवगत कराया जा रहा है। कोतवाली कोटद्वार पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं अवैध परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार कठोर कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# एनसीसी कैडेट्स ने दिखाया अनुशासन



**नेतृत्व और खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट किया प्रदर्शन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** 25 मई से आयोजित एनसीसी संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में शिवालिक एकेडमी के कैडेट्स उत्साह, अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ विद्यालय की शिक्षिका शम्मी चौहान के नेतृत्व में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। शिविर के प्रथम दिवस पर कैडेट्स को आवासीय कक्ष आवंटित किए गए तथा उन्हें शिविर के वातावरण में स्वयं को व्यवस्थित करने का अवसर प्रदान किया गया।

द्वितीय दिवस पर भव्य उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्र आयुष पंत को समारोह के दो पायलटों में से एक के रूप में चयनित किया गया। शिविर का उद्घाटन कमांडिंग ऑफिसर द्वारा किया गया।

उद्घाटन के उपरांत विभिन्न प्रशिक्षण एवं प्रतियोगी गतिविधियों का शुभारंभ हुआ। सभी कैडेट्स को चार कंपनियों अल्फा, ब्रावो, चार्ली एवं डेल्टाकृमें विभाजित किया गया, जिनमें शिवालिक एकेडमी के कैडेट्स को अल्फा कंपनी में स्थान मिला। शिविर के दौरान आयोजित फायरिंग प्रशिक्षण में विद्यालय के कैडेट्स ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रत्येक कैडेट ने पाँच राउंड फायर किए, जिनमें कई विद्यार्थियों ने सभी गोलियाँ लक्ष्य पर साधीं। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रभावित होकर फायरिंग इंचार्ज ने विशेष रूप से शिवालिक एकेडमी के कैडेट्स की सराहना की।

खेल प्रतियोगिताओं में भी शिवा. लिक एकेडमी के कैडेट्स ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। 22 से अधिक विद्यालयों की सहभागिता वाले जेडब्लू/जेडी खो-खो टूर्नामेंट में शिवालिक एकेडमी ने अपने पहले मुकाबले में कैंटबरी बेल, डोईवाला को 17-03 से पराजित किया। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में रेडियंट स्कूल को 13-03 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश सुनिश्चित किया।

# यूजेवीएन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मनाया 'नो व्हीकल डे'

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**देहरादून।** जैविक ईंधन की बचत, ऊर्जा स्रोतों के संरक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यूजेवीएन लिमिटेड द्वारा प्रत्येक शनिवार को लागू किए गए 'नो व्हीकल डे' अभियान के अंतर्गत आज यूजेवीएन लिमिटेड मुख्यालय, देहरादून में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पैदल, साइकिल तथा सार्वजनिक परिवहन के विभिन्न साधनों का उपयोग कर कार्यालय आना-जाना किया तथा इस अभियान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की।

इस अभियान को और अधिक प्रभावी एवं प्रेरणादायी बनाने हेतु यूजेवीएन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री अजय कुमार सिंह ने स्वयं पहल करते हुए सार्वजनिक परिवहन के साधन का उपयोग कर जी.एम.एस. रोड तक यात्रा की तथा वहां से पैदल चलकर निगम मुख्यालय उज्ज्वल पहुंचे। निदेशक परियोजना सुरेश चन्द्र बलूनी भी सार्वजनिक परिवहन के साधन एवं पैदल चलकर अपने कार्यालय पहुंचे।

# सहभोज कार्यक्रम आयोजित, आचार्य परिवार के सदस्यों ने मिल बांटकर खाया भोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज बाबूगढ विकासनगर में सहभोज कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास पूर्वक किया गया जिसमें आचार्य परिवार एवं विद्यालय में कार्यरत सेवक वर्ग के समस्त सदस्य सम्मिलित हुए।

आचार्य परिवार के सदस्यों द्वारा अपने घरों से लाये भोजन को विद्यालय में एक साथ मिलाया गया। एक साथ मिलाये गए भोजन को आचार्य परिवार के सदस्यों द्वारा स्नेहपूर्वक साथ मिल बाँटकर खाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कलीराम भट्ट ने आचार्य परिवार को संबोधित करते हुए कहा कि सहभोज का कार्यक्रम भारतीय कुटुंब व्यवस्था एवं सामाजिक समरसता का संदेश देने वाला उत्कृष्ट कार्यक्रम है। इस तरह के कार्यक्रम विद्यालय, समाज तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं में अनवरत किये जाने चाहिए।

# माया देवी यूनिवर्सिटी में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (एनडीआरएफ) द्वारा माया देवी यूनिवर्सिटी में आपदा प्रबंधन एवं आपदा से बचाव संबंधी विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदाओं के दौरान सतर्कता ,बचाव एवं राहत कार्यों की जानकारी प्रदान करना था प्रशिक्षण के दौरान एनडीआरएफ की एक्सपर्ट ने भूकंप, भूस्खलन बाढ़,आगजनिक तथा अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाये जाने वाले सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी' प्रतिभागियों को प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) खोज एवं बचाव तकनीकी तथा आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया देने के व्यावहारिक तरीके भी सिखाए गए।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए एनडीआरफ इंस्पेक्टर आशीष ने कहा कि आपदा कभी भी और कहीं भी आ सकती है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को आपदा प्रबंधन की मूलभूत जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। सही समय पर सही निर्णय और प्राथमिक बचाव तकनीक की जानक. ारी कई लोगों की जान बचा सकती है। विद्यार्थियों को केवल शिक्षा ही नहीं बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

इस अवसर पर वाइस प्रेसिडेंट प्रो डॉ तृप्ति जुयाल सेमवाल, वाइस चांसलर प्रो. डॉ आशीष सेमवाल, रजिस्ट्रार अंबिका जुयाल, डीन एकेडमिक्स प्रो. डॉ. आर.बी सिंह सहित सभी शिक्षक एवं छात्र उपस्थित थे।

# कालसी-चकराता मार्ग पर जजरेड यात्रियों के लिए बना काल



**भारी बारिश से फिर ठप हुआ यातायात, ग्रामीणों की परेशानी बरकरार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिया।** शनिवार की दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट ली और मौसम विभाग की चेतावनी सच साबित हुई।

शाम करीब 4 बजे हुई मूसलाधार बारिश ने कालसी-चकराता मोटर मार्ग पर स्थित 'जजरेड पहाड़ी' के डेंजर जोन को फिर से सक्रिय कर दिया। पहाड़ी से भारी मलबा और बड़े पत्थर सड़क पर आ गिरने से आवागमन पूरी तरह ठप हो गया।


लैंडस्लाइड के कारण मार्ग बंद होने से सड़क के दोनों ओर यात्री वाहनों और स्थानीय लोगों की लंबी कतारें लग गईं। बारिश के बीच मुसाफिरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मार्ग अवरुद्ध होने की सूचना मिलते ही लोक निर्माण विभाग साहिया की सहायक अभियंता राधिका शर्मा ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मार्ग खोलने के लिए डोजर (मशीन) मौके पर रवाना कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि जजरेड पहाड़ी का भूस्खलन क्षेत्र लंबे समय से यात्रियों के लिए काल बना हुआ है। इस संवेदनशील जोन के स्थायी उपचार (ट्रीटमेंट) के लिए विभाग द्वारा शासन को लगभग 45 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भेजा जा चुका है। अफसोस की बात यह है कि लंबी अवधि बीत जाने के बाद भी इस प्रस्ताव पर शासन स्तर से कोई ठोस कार्रवाई या बजट जारी नहीं हो पाया है।

आगामी कुछ ही दिनों में मानसून की शुरुआत होने वाली है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि बरसात शुरू होने से पहले जजरेड पहाड़ी का वैज्ञानिक तरीके से ट्रीटमेंट नहीं किया गया, तो आने वाले समय में क्षेत्र का संपर्क पूरी तरह कट सकता है। प्रशासन की इस सुस्ती के चलते स्थानीय ग्रामीणों में खासा आक्रोश है। लोगों ने मांग की है कि शासन इस गंभीर समस्या को प्राथमिकता दे ताकि समय रहते यात्रियों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# ब्राइट एंजेल्स स्कूल के छात्रों ने सुंदर मॉडल प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** ब्राइट एंजेल्स स्कूल जीवनगढ़ विकासनगर में सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि इफात उस्मानी व हमाद के द्वारा किया गया।




छात्रों ने उत्तराखंड के चारधाम, गुप्त वंश, मौर्य वंश, आधुनिक कृषि में नवीनीकरण की संभावनाएं, जल पुनर्चक्रण (वाटर रीसाइक्लिंग), नए संसद भवन, लोकसभा और राज्यसभा भवन तथा मसेरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के सुंदर मॉडल प्रस्तुत कर अतिथियों का मन मोह लिया। स्कूल के छात्रों ने 30 मॉडल बनाए सभी की कलाकृतियां अलग अलग थी।

विद्यालय के निदेशक कर्नल कादिर हुसैन, प्रधानाचार्या राणा अल्मास, समन्वय अरीबा हुसैन ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल के निदेशक कर्नल कादिर हुसैन ने कहा कि इस तरीके की प्रदर्शनी से छात्रों के अंदर छिपी हुई जो कला होती है उसका बहुत अच्छे तरीके से उजागर होता है। स्कूल की प्रधानाचार्या राणा अलमास ने छात्रों को बताया कि स्कूल हमेशा से छात्रों को उनकी छिपी हुई अंदर की कला को उजागर करने में योगदान देता रहा है।

# युवा शक्ति ही विकसित भात की सबसे बड़ी ताकत : नितिन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की उपस्थिति में आयोजित "युवा शक्ति संवाद" कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से बड़ी संख्या में युवाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में युवाओं ने राष्ट्र निर्माण, रोजगार, स्टार्टअप, नवाचार, शिक्षा, कौशल विकास तथा उत्तराखंड के भविष्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार एवं सुझाव साझा किए।

मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने युवाओं के साथ आत्मीय संवाद करते हुए उनके प्रश्नों का विस्तार से उत्तर दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव युवाओं को केवल मतदाता नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सबसे महत्वपूर्ण भागीदार मानती रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का युवा आज अवसरों के एक नए युग का साक्षी बन रहा है। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया , मेक इन इंडिया तथा आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों ने युवाओं को अपनी प्रतिभा के अनुरूप आगे बढ़ने के अभूतपूर्व अवसर प्रदान किए हैं।





### युवाओं के हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना

कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में युवाओं के हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। युवाओं ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों के माध्यम से भारत को विश्व की अग्रणी शक्ति बनाने का लक्ष्य निश्चित रूप से प्राप्त होगा।

## युवाओं के सपनों को साकार करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : धामी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति और अमूल्य पूंजी होते हैं। यदि युवाओं को सही दिशा, उचित अवसर और सकारात्मक वातावरण प्राप्त हो तो वे न केवल अपने जीवन को सफल बनाते हैं, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास की नई इबारत भी लिखते हैं।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है और इसी उद्देश्य से केंद्र एवं राज्य



सरकार युवाओं के सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की सबसे युवा शक्ति वाले देशों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री की दूरदर्शी नीतियों के कारण युवाओं को शिक्षा, कौशल विकास, अनुसंधान, नवाचार, डिजिटल तकनीक, स्टार्टअप और स्वरोजगार के क्षेत्र में नए अवसर प्राप्त हुए हैं। आज भारत का युवा नौकरी मांगने वाला नहीं, बल्कि रोजगार सृजित करने वाला बन रहा है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राज्य में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू कर भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की गई है। पिछले चार वर्षों में 32 हजार से अधिक युवाओं को पारदर्शी एवं निष्पक्ष प्रक्रिया के माध्यम से सरक. ारी रोजगार उपलब्ध कराए गए हैं। इसके साथ ही स्वरोजगार, स्टार्टअप, पर्यटन, कृषि, खेल एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में भी युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार का उद्देश्य केवल विकास कार्यों को गति देना नहीं, बल्कि ऐसे अवसरों का निर्माण करना भी है।

# प्रवास के अंतिम दिन बूथ पर पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष, लिया फीड बैक

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

देहरादून। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने देवभूमि प्रवास के अंतिम दिन की शुरुआत टपकेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना से प्रारंभ करते हुए बूथ समिति के साथ बैठक से की। उन्होंने बूथ को संगठन की रीढ़ बताते हुए कार्यकर्ताओं से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया और आगामी कार्यक्रमों को लेकर उनसे जमीनी हकीकत का जायजा लिया।

प्रवास के अंतिम दिन राष्ट्रीय अध्यक्ष सबसे पहले प्रसिद्ध पौराणिक टपकेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे। उन्होंने वहां भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना कर देश और देश प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान समूचा मंदिर परिसर वैदिक मंत्रोच्चार से गुंजायमान होता रहा।

इसके बाद नबीन टपकेश्वर कॉलोनी गढ़ी कैंट के बूथ संख्या 140 पहुंचे। यहाँ उन्होंने बूथ अध्यक्ष किशोर कुमार के आवास पर प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट तथा प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार के साथ सुबह का जलपान किया।





### बूथ कार्यकर्ताओं संग किया संवाद

जलपान के दौरान उन्होंने स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ अनौपचारिक चर्चा की और क्षेत्र के जमीनी हालातों व सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का फीडबैक लिया। साथ ही बूथ अध्यक्ष के परिजनों से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम जानी और व्यक्तिगत बातचीत की।

संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने डाकरा बाजार स्थित बूथ संख्या 138 पहुंचे। यहाँ बूथ अध्यक्ष राजेश कुमार भंडारी के आवास पर उन्होंने बूथ समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में नबीन ने प्रत्येक कार्यकर्ता से संवाद किया और बूथ को सबसे मजबूत इकाई बनाने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि ष्बूथ जीता, तो चुनाव जीताष के संकल्प के साथ हमें जनता के बीच लगातार सक्रिय रहना है। उन्होंने सभी से जमीनी राजनैतिक हकीकत की जानकारी लेते हुए जीत का मंत्र दिया।

इस दौरान प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी और भारी संख्या में कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# छात्रों को मिलेंगे तकनीकी व व्यवसायिक शिक्षा के बेहतर अवसर: डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाने व विद्यार्थियों को आधुनिक एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में शिक्षा विभाग द्वारा दो महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। इंडिया ग्लाइकोल्स लिमिटेड, काशीपुर तथा प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड के साथ हुये समझौता ज्ञापन के तहत सरकार प्रदेश के नौनिहालों को तकनीकी व रोजगारपरक शिक्षा मुहैया कराने के साथ-साथ विद्यालयों में शैक्षिक आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने में जुटी है।

एससीईआरटी सभागार, देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की अध्यक्षता में हुए समझौतों को शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहल माना जा रहा है। इस अवसर पर डॉ. रावत ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य शिक्षा को केवल डिग्री तक सीमित





**शिक्षा विभाग ने किया इंडिया ग्लाइकोल्स लिमिटेड व तकनीकी शिक्षा के साथ एमओयू साइन, कहा, सरकारी स्कूलों में मजबूती होगा शैक्षिक ढांचा, तकनीकी शिक्षा से जुड़ेंगे युवा'**

नहीं रखना है, बल्कि उसे कौशल, तकनीक और रोजगार से जोड़ना है, ताकि विद्यार्थी स्कूली स्तर से ही अपने भविष्य के लिए तैयार हो सकें।

उन्होंने कहा कि प्राविधिक शिक्षा विभाग के साथ हुए समझौते के तहत प्रदेश के राजकीय विद्यालयों एवं इंटर कॉलेजों को निकटवर्ती राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों से जोड़ा जाएगा। इससे विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ बेहतर कैरियर के अवसर प्राप्त होंगे। कक्षा-10 उत्तीर्ण विद्यार्थियों को डिप्लोमा प्रथम वर्ष तथा भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं गणित विषयों के साथ कक्षा-12 उत्तीर्ण विद्यार्थियों को लेटरल एंट्री के माध्यम से डिप्लोमा द्वितीय वर्ष में प्रवेश का अवसर मिलेगा।

डॉ. रावत ने कहा कि यह पहल राज्य में तकनीकी शिक्षा के विस्तार, पॉलीटेक्निक संस्थानों में छात्र संख्या बढ़ाने तथा युवाओं को रोजगारपरक पाठ्यक्रमों से जोड़ने में मील का पत्थर साबित होगी। साथ ही संस्थानों में उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जा सकेगा।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि विद्यालयी शिक्षा विभाग और इंडिया ग्लाइकोल्स लिमिटेड के मध्य हुए समझौते के अंतर्गत कंपनी अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) निधि के माध्यम से सरकारी विद्यालयों में शैक्षिक आधारभूत सुविधाओं के विकास में सहयोग करेगी। इसके तहत विद्यालयों में डिजिटल एवं प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षण प्रणाली को बढ़ावा दिया जाएगा, शिक्षकों के क्षमता विकास कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे तथा सुरक्षित, समावेशी, बाल-अनुकूल और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षण वातावरण विकसित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों को केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि नवाचार, कौशल विकास और अकादमिक उत्कृष्टता के सशक्त मॉडल के रूप में विकसित करना है। इन समझौतों के माध्यम से विद्यालयी शिक्षा व्यवस्था को नई ऊर्जा मिलेगी।

कार्यक्रम में सचिव विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रमन, निदेशक प्राविधिक शिक्षा देशराज, निदेशक एससीईआरटी वंदना गर्ब्याल, सचिव यूबीटीआर डॉ. मुकेश पाण्डेय, प्रभारी निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ. मुकुल कुमार सती, संयुक्त निदेशक आलोक मिश्रा तथा इंडिया ग्लाइकोल्स लिमिटेड के प्रमुख प्रशासन राजेश कुमार सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## फ्लैट्स मैदान में नमाज को लेकर हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड कार्मिक एकता मंच के संस्थापक अध्यक्ष एवं सेवा. निवृत्त सहायक लेखा परीक्षा अधिक. ारी रमेश चंद्र पांडे ने फ्लैट्स मैदान में ईद-उल-अज़हा की नमाज के संबंध में उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा पारित आदेश का स्वागत किया है। उन्होंने न्यायालय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे संवैधानिक मूल्यों, सांप्रदायिक सौहार्द और मौलिक अधिकारों की रक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय बताया। जारी बयान में रमेश चंद्र पांडे ने कहा कि फ्लैट्स मैदान में लगभग एक सदी से सांप्रदायिक सौहार्द के साथ नमाज अदा की जाती रही है। ऐसे में इस वर्ष अनुमति को लेकर उत्पन्न विवाद का न्यायालय तक पहुंचना दुर्भाग्यपूर्ण था। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ने परंपराओं और तथ्यों का संज्ञान लेते हुए नमाज की अनुमति प्रदान की, जिसके बाद कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

उन्होंने राज्य सरकार द्वारा मामले में दायर अपील वापस लिए जाने का भी स्वागत किया और कहा कि इससे न्यायिक समय की बचत हुई है। साथ ही यह संदेश भी गया है कि संवे. दनशील विषयों पर प्रशासन को अधिक सावधानी और संवाद के साथ निर्णय लेने चाहिए। रमेश चंद्र पांडे ने कहा कि भविष्य में धार्मिक एवं सामाजिक मामलों में संवाद, समन्वय और पुरानी परंपराओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, ताकि किसी भी समुदाय को उपेक्षित महसूस न हो और विवाद न्यायालय तक न पहुंचें।

## एक नजर .......

### बारिश से क्षतिग्रस्त पार्क की दीवार का जोशी ने किया निरीक्षण



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को जाखन क्षेत्र पहुंचकर बारिश एवं आंधी-तूफान के कारण क्षतिग्रस्त हुई पार्क की दीवार का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों से घटना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को क्षतिग्रस्त दीवार का शीघ्र पुनर्निर्माण कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में यदि किसी प्रकार की लापरवाही सामने आती है तो संबंधित ठेकेदार से नुकसान की भरपाई सुनिश्चित की जाए। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि भविष्य में होने वाले विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभाग के सहायक अभियंता (एई) एवं कनिष्ठ अभियंता (जेई) को निर्माण कार्यों के दौरान नियमित रूप से मौके पर उपस्थित रहकर कार्यों की निगरानी करने के निर्देश दिए, ताकि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं उच्च गुणवत्ता के साथ संपन्न हो सकें। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि जनता की सुविधाओं और सुरक्षा से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विभागीय अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। इस अवसर पर संजय नौटियाल सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### तम्बाकू छोड़ें, कैंसर को दूर भगाएं: डा. ललित मोहन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों से तम्बाकू और उससे बने उत्पादों से दूरी बनाने की अपील की है। विशेषज्ञों का कहना है कि तम्बाकू का सेवन कैंसर समेत कई गंभीर और जानलेवा बीमारियों का प्रमुख कारण है। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस प्रत्येक वर्ष 31 मई को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और उन्हें इस लत से मुक्त होने के लिए प्रेरित करना है। स्वामी राम कैंसर संस्थान हल्द्वानी के कैंसर विशेषज्ञ एवं एसोसिएट प्रोफेसर डा. ललित मोहन ने कहा कि धूम्रपान, गुटखा, खैनी, जर्दा, पान मसाला और अन्य तम्बाकू उत्पाद कैंसर के प्रमुख कारणों में शामिल है। उन्होंने बताया कि तम्बाकू का सेवन मुंह, जीभ, गले, फेफड़ों, भोजन नली, अग्न्याशय और मूत्राशय सहित शरीर के कई अंगों में कैंसर का खतरा कई गुना बढ़ा देता है। भारत में मुख कैंसर के अधिकांश मामलों के पीछे तम्बाकू उत्पादों का सेवन मुख्य कारण पाया जाता है। कई लोग यह सोचकर तम्बाकू का सेवन जारी रखते है कि उन्हें कोई परेशानी नहीं हो रही है, जबकि शरीर के भीतर धीरे-धीरे गंभीर नुकसान होता रहता है। इसी वजह से कैंसर के कई मामलों की पहचान तब होती है, जब बीमारी काफी बढ़ चुकी होती है।

# सनसनी ने बढ़ाई पत्रकारिता में सत्यता की चुनौतियां: एसएसपी

## हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर संगोष्ठी :-जन सरोकारों का आह्वान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन लालकुआं द्वारा शनिवार को हिंदी पत्रकारिता में सनसनी और पत्रकारों की जिम्मेदारी विषय पर आयोजित संगोष्ठी में व्यापक चर्चा की गई। आयोजित संगोष्ठी का शुभारंभ एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी, यूनियन के प्रदेश महामंत्री प्रयाग पांडे व जिला सूचना. धिकारी गिरजाशंकर जोशी व वरिष्ठ पत्रकार बीसी भट्ट सहित संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने कहा कि समाज में जन जागरूकता लाने एवं क्षेत्र के विकास में पत्रकारों का बहुत योगदान है, पत्रकारिता के



कारण समाज का प्रत्येक वर्ग एवं विभाग गुणवत्ता का ध्यान देता है, आज के दौर में पत्रकारिता में सनसनी पूर्ण खबरों से पत्रकारिता में सत्यता की चुनौतियां बढ़ गई है। उन्होंने समय-समय पर युवा और नये पत्रकारों के प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। जिला सूचनाधिकारी गिरजाशंकर जोशी ने कहा कि आज के दौर में पत्रकारों द्वारा पत्रकारिता संवेदनशीलता के साथ की जानी चाहिए, खबरों में तथ्य एवं संवेदनशीलता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जनपक्षीय पत्रकारिता पर अधिक ध्यान देने का आह्वान करते हुए कहा कि आज समाज में सबसे अधिक विश्वास लोग अखबारों व मीडिया पर कर रहे हैं, जिसके अनुरूप पत्रकारों को भी समाज में व्याप्त बुराइयों के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य करना होगा। उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के प्रदेश महामंत्री प्रयाग पांडे ने हिंदी पत्रकारिता में सनसनी और पत्रकारों की जिम्मेदारी विषय पर प्रकाश डालते हुए युवा पत्रकारों को उनके नैतिक कर्तव्य समझाए। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार राजेंद्र पंत रमाकांत ने किया। इस दौरान उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष बीसी भट्ट, प्रदेश सचिव डा. विपिन चंद्रा, माधव पाल. ीवाल, ओपी पांडे, जगमोहन रौतेला, उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के हल्द्वानी इकाई के अध्यक्ष संजय प्रसाद, महामंत्री दीपक भंडारी, वरिष्ठ पत्रकार भगवान सिंह गंगोला, यूनियन की लालकुआं के अध्यक्ष रंजीत बोरा, महामंत्री दीप जोशी, पत्रकार राजेश नेगी, प्रकाश जोशी, हरीश बिसौती, बसन्त पांडे, जीवन जोशी, अजय उप्रेती, मुकेश कुमार, शैलेंद्र सिंह, अजय अनेजा, अंजलि पन्त, गीता भट्ट, शानू, संजय जोशी, जीवन गोस्वामी, मुकुल आर्य, जफर अंसारी, राजीव गुप्ता, वैभवी भट्ट, जीवन गोस्वामी, हेम जोशी, हरीश पनेरु, मुन्ना अंसारी, दीवान सिंह बिष्ट और हरीश भट्ट आदि मौजूद थे।

### 'जनहित' की दिव्या साह बनीं कार्यकारी अध्यक्ष

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित जनहित संस्था के महासचिव महेश चंद्र आर्य ने बताया कि संस्था के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्यों के आपसी विचार विमर्श के बाद संस्था के कार्यकलापों आदि को गतिमान बनाये रखने के लिए संस्था की वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिव्या साह को संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया है। आर्य के मुताबिक संस्था के वर्तमान अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी की अस्वस्थता व बढ़ती उम्र के मद्देनजर यह फैसला लिया गया है। आर्य ने कहा कि संस्था कार्यकारी अध्यक्ष दिव्या साह से अपेक्षा करती है कि वह समय-समय पर संस्था के संरक्षक जगमोहन सिंह बिष्ट व अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी से मागदर्शन हासिल करती रहेगी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**कार्यालय नगर निगम, ऋषिकेश**

पत्रांक: 807/निविदा-निर्माण/2026-27 दिनांक : 30 मई, 2026

**ई-निविदा विस्तारीकरण / शुद्धिपत्र**

रायवाला में नगर निगम, ऋषिकेश को आवंटित भूमि पर बाउण्ड्री वॉल का निर्माण कार्य कराये जाने हेतु इस कार्यालय के पत्र संख्या 736/ निविदा-निर्माण / 2026-27 दिनांक 26.05.2026 के द्वारा दिनांक 10.06. 2026 के द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की गई थी, जोकि तदिनांक को 3:30 बजे खोली जानी थी, उक्त ई-निविदा का तकनीकी कारण से विस्तारीकरण किया जाता है जो कि दिनांक 15.06.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसकी विस्तृत सूचना / शर्ते दिनांक 01.06.2026 से उत्तराखण्ड शासन की वेबसाईट http://www.uktenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

**(गोपाल राम बिनवाल)**
**नगर आयुक्त,**
**नगर निगम ऋषिकेश।**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद लक्सर जनपद हरिद्वार**

पत्रांक: 174/रैन हार्वेस्टिंग/ 2026-27 दिनांक : 30/05/2026

**निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद लक्सर जनपद – हरिद्वार द्वारा 15वॉ वित्त/राज्य वित्त/निकाय फण्ड के अन्तर्गत निकाय क्षेत्रान्तर्गत निम्न स्थानों मे Ground water Recharge /जल संचयन स्थापित करने हेतु दिनांक 15.06.2026 को समय दोपहर 2.00 बजें तक शील बन्द निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है, जो उसी दिन शाम 3.00 बजें उपस्थित निविदादाताओं की उपस्थिति या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति मे निविदा कमेटी द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिंनाक 12.06.2026 को समय सांय 5.00 बजे तक कय किये जा सकते है। किसी एक निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बतायें स्वीकृत/अस्वीकृत /निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष निविदा कमेटी मे निहित होगा।

| क0 | कार्य का नाम | लागत | जमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Roof Top Rain Water Harvesting System At Community Health Centre & Hospital Laksar Haridwar | 24.76 | 75000 | 2000+GST | 60 Days |
| 02 | Roof Top Rain Water Harvesting System At Office of Block Development Officer & Office of Child Development Project Officer, Laksar Haridwar | 24.81 | 75000 | 2000+GST | 60 Days |

निविदा की शेष शर्ते कार्यालय से कार्यशील दिवस मे जानी जा सकती है।

**(मौ0 कामिल)**
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद लक्सर

**(संजीव कुमार)**
अध्यक्ष,
नगर पालिका परिषद लक्सर

**पावर ट्रॅांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
अधिशासी अभियन्ता (जानपद मुख्यालय), कार्यालय विद्युत भवन, नजदीक आई0एस0बी0टी0 क्रासिंग, सहारनपुर रोड़, माजरा, देहरादून-248002
दूरभाष नं0 0135-2532772 दूरभाष नं0: 7088112452 Email:- hqpu@ptcul.org

**निविदा सूचना**

इस कार्यालय द्वारा रू0 एक लाख तक के अनुमानित लागत के निम्नलिखित कार्य/ आपूर्ति हेतु निविदायें दिनांक **25.06.2026** को 14.00 बजे तक पंजीकृत/ स्पीडपोस्ट द्वारा आमन्त्रित की जाती हैं, जो उसी दिन 15:00 बजे उपस्थित निविदादाताओ के सम्मुख खोली जायेगी। प्रतिष्ठित निविदादाता जो सम्बन्धित कार्यों का अनुभव प्रमाणपत्र रखते है व इनकमटैक्स/जी.एस.टी./ई.पी.एफ. में रजिस्टर्ड है, के द्वारा निविदा प्रपत्र दिनांक **23.06.2026** तक किसी भी कार्य दिवस में अनुरोध पत्र के साथ निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 100.00 +18% जी.एस.टी0 अर्थात् रू0 118.00 (प्रतिदेय) का किसी भी राष्ट्रीय बैंक द्वारा जारी बैंक ड्राफ्ट जो Executive Engineer, HQPU, PTCUL के पक्ष में देय हो, जमाकर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा की धरोहर धनराशि रू0 3,000.00 हैं।

1) **T-06/2026-27**: पिटकुल मुख्यालय, "विद्युत भवन" बिल्डिंग की साफ-सफाई हेतु सफाई सामग्री (Sanitation Items) की आपूर्ति का कार्य एवं अन्य जानपद सम्बन्धित छुटपुट कार्य (अनुमानित लागत रू0 99,500.00)।

2) **T-07/2026-27**: पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" में स्थापित विभिन्न कार्यालयों से आने वाले मांगपत्र के क्रम में A4 Size Paper Ream की आपूर्ति एवं अन्य छुटपुट कार्य (अनुमानित लागत रू0 99,750.00)।

3) **T-08/2026-27**: पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" में स्थापित विभिन्न कार्यालयों से आने वाले मांगपत्र के क्रम में विभिन्न प्रकार की Printer की Cartridges आपूर्ति का कार्य एवं अन्य छुटपुट कार्य (अनुमानित लागत रू0 99,900.00)।

4) **T-09/2026-27**: पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" बिल्डिंग के Facade एवं Glass की साफ-सफाई का कार्य एवं अन्य जानपद सम्बन्धित छुटपुट कार्य (अनुमानित लागत रू0 98,950.00)।

5) **T-10/2026-27**: पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" के विभिन्न तलों पर खराब हुई दीवारों पर पेन्टिंग करवाने का कार्य एवं अन्य जानपद सम्बन्धित अनुरक्षण कार्य (अनुमानित लागत रू0 97,800.00)।

पत्रांक: 38/जा0(मु0)/पिटकुल/विज्ञापन
दिनांक: 30.05.2026

**अधिशासी अभियन्ता, जानपद (मु0)**

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"

## संक्षिप्त खेल समाचार

### चीन की वांग शियायू पहली बार फ्रेंच ओपन के अंतिम 16 में

**पेरिस।** चीन की वांग शियायू शुक्रवार को यूक्रेन की यूलिया स्टारोडुबत्सेवा पर 6-3, 7-5 से जीत के साथ अपने करियर में पहली बार फ्रेंच ओपन महिला सिगल्स के आखिरी 16 में पहुंच गईं।वांग ने धीमी शुरुआत की और पहले सेट में 0-3 से पीछे हो गईं, लेकिन फिर मैच का रुख पलट दिया। चीनी खिलाड़ी ने चौथे गेम में स्टारोडुबत्सेवा की सर्विस तोड़ी और जल्द ही मोमेंटम हासिल कर लिया, लगातार छह गेम जीतकर सेट 6-3 से जीत लिया।दूसरा सेट काफी कड़ा मुकाबला था, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने पूरे समय गेम बदले। वांग ने आखिरी स्टेज में अपना धैर्य बनाए रखा और सेट 7-5 से जीतकर अगले राउंड में जगह पक्की कर ली।

### राष्ट्रीय चैंपियन बनी छत्तीसगढ़ की बालिका बास्केटबॉल टीम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की जूनियर बालिका बास्केटबॉल टीम ने पुड्डुचेरी में आयोजित जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप का खिताब जीतकर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। टीम ने फाइनल मुकाबले में केरल को 55-51 अंकों से हराकर 14 वर्षो बाद राष्ट्रीय चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।प्रतियोगिता का आयोजन बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया ने पुड्डुचेरी बास्केटबॉल एसो.के सहयोग से किया था। खिताबी मुकाबले में छत्तीसगढ़ की ओर से दिव्या रंगारी ने सर्वाधिक 22 अंक जुटाए। टीम की कप्तान अंजली कोडापे ने 14 अंक बनाए।

### शार्दुल संभालेंगे ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स की कमान

**ठाणे।** ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स ने आगामी टी-20 मुंबई लीग 2026 के लिए भारत के स्टार ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को टीम का कप्तान नियुक्त किया है। मुंबई क्रिकेट के सबसे सफल खिलाड़ियों में शुमार शार्दुल ठाकुर भारत का विभिन्न प्रारूपों में पहले भी प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। फ्रेंच. इजी का यह फैसला निश्चित तौर पर पिछले सीजन में सेमीफाइनल में मिली हार की रार से आगे निकलकर ट्रॉफी जीतने के मजबूत इरादे को दर्शाता है।

### भारत की महिला हॉकी टीम फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया से हारी

**पर्थ।** भारतीय महिला हॉकी टीम को शनिवार को खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से 3-2 से हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ यह चार मैचों की सीरीज 2-2 से ड्रॉ रही। पर्थ हॉकी स्टेडियम में दुनिया की 9वें नंबर की टीम भारत के लिए नवनीत कौर और दीपिका सोरेंग ने गोल किए, जबकि हॉकी रैंकिंग में आठवें नंबर की टीम ऑस्ट्रेलिया ने एबी विल्सन ओलिविया डाउन्स और कोर्टनी शोनेल के गोल से जवाब दिया। सलीमा टेटे की लीडरशिप में भारत ने शानदार शुरुआत की और दूसरे ही मिनट में नवनीत कौर के पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल मेहमान टीम को शुरुआती बढ़त दिला दी।

# आरसीबी और गुजरात की नजरें दूसरी बार खिताब जीतने पर

**अहमदाबाद, वार्ता।**

**आईपीएल 2026** का फाइनल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और गुजरात टाइटंस (जीटी) के बीच खेला जाएगा। जीटी अपने किले अहमदाबाद में उतरेगी, जहां उसका जीत प्रतिशत 63 है और यह टीम का तीसरा आईपीएल फाइनल है।

संयोग से उसके तीनों फाइनल का वेन्यू अहमदाबाद ही रहा है। दूसरी तरफ आरसीबी की सबसे बड़ी ताकत उसका सामूहिक प्रदर्शन रहा है। इस सीजन टीम की 10 जीत में 8 अलग अलग खिलाड़ी प्लेयर ऑफ द मैच बने हैं। आरसीबी ने क्वालीफायर 1 में जीटी को बड़े अंतर से हराया था। जीटी की टीम उस हार का बदला लेते हुए अपनी दूसरी ट्रॉफी हासिल करने का प्रयास करेगी। फाइनल में जीटी की उम्मीदें एक बार फिर राशिद खान पर टिकी होंगी, क्योंकि आरसीबी के कई प्रमुख बल्लेबाज उनके खिलाफ संघर्ष करते नजर आए हैं। विराट कोहली ने टी 20 क्रिकेट में राशिद के खिलाफ 12 पारियों में 131 रन बनाए हैं, लेकिन तीन बार अपना विकेट भी गंवाया है। देवदत्त पड़िक्कल का रिकॉर्ड और भी कमजोर रहा है। उन्होंने आईपीएल में राशिद के सामने नौ पारियों में सिर्फ 40 रन बनाए हैं और पांच बार आउट हुए हैं। टिम डेविड भी 17 टी 20 पारियों में राशिद के खिलाफ 70 रन ही बना सके हैं, जबकि तीन बार आउट हुए हैं। नई गेंद से आरसीबी के लिए भुवनेश्वर कुमार सबसे बड़े हथियार साबित हो सकते हैं। जीटी के दोनों प्रमुख बल्लेबाजों के खिलाफ उनका रिकॉर्ड शानदार रहा है। शुभमन गिल ने आईपीएल में भुवनेश्वर के सामने 14 पारियों में सिर्फ 80 रन बनाए हैं और छह बार अपना विकेट गंवाया है, जबकि उनका स्ट्राइक रेट भी महज 101 का रहा है। वहीं जॉस बटलर का रिकॉर्ड भी ज्यादा बेहतर नहीं है। टी 20 क्रिकेट में बटलर ने भुवनेश्वर के खिलाफ 21 पारियों में 123 रन बनाए हैं, लेकिन नौ बार आउट हुए हैं। आरसीबी के शीर्ष क्रम के सामने फाइनल में मोहम्मद सिराज और कगिसो रबाडा की जोड़ी बड़ी चुनौती पेश कर सकती है। टी 20 क्रिकेट में कोहली ने रबाडा के सामने 17 पारियों में 131 रन बनाए हैं, लेकिन पांच बार आउट भी हुए हैं। वहीं पड़िक्कल का रिकॉर्ड सिराज के खिलाफ भी बहुत मजबूत नहीं है। आईपीएल में दोनों की भिड़ंत की आठ पारियों में पड़िक्कल ने 45 रन बनाए हैं और तीन बार अपना विकेट गंवाया है।



आईपीएल 2026 का फाइनल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस के बीच आज खेला जाएगा, जीटी अपने किले अहमदाबाद में उतरेगी, जहां उसका जीत प्रतिशत 63 है

आईपीएल प्लेऑफ में जॉश हेजलवुड ने सिर्फ सात पारियों में 14 विकेट लिए हैं और उनका स्ट्राइक रेट शानदार 11-6 का रहा है। सात प्लेऑफ पारियों में वह पांच बार दो या उससे ज्यादा विकेट ले चुके हैं। सबसे दिलचस्प आंकड़ा उनका फाइनल रिकॉर्ड है। हेजलवुड ने अब तक खेले पांचों टी 20 फाइनल और चारों वनडे फाइनल जीते हैं। इनमें आईपीएल के दो फाइनल भी शामिल हैं।

ऐसे में आरसीबी को उम्मीद होगी कि बड़े मैचों में जीत दिलाने का उनका यह सुनहरा सिलसिला अहमदाबाद में भी जारी रहे। गिल और साई सुदर्शन ने इस सीजन 15 पारियों में 886 रन जोड़े हैं, जो आईपीएल 2026 में किसी भी जोड़ी द्वारा सबसे ज्यादा हैं। इस दौरान उनका औसत 63-3 और स्ट्राइक रेट 177 का रहा है, जबकि चार शतकीय और दो अर्धशतकीय साझेदारियां भी आई हैं। साझेदारी में दोनों का योगदान लगभग बराबर रहा है, लेकिन गिल ने 173 के स्ट्राइक रेट से 421 रन बनाकर थोड़ा ज्यादा आक्रामक भूमिका निभाई है, जबकि साई ने 156 के स्ट्राइक रेट से 406 रन जोड़े हैं। आरसीबी के खिलाफ भी यह जोड़ी तीन पारियों में 187 रन बना चुकी है और अहमदाबाद में तो उनका रिकॉर्ड और भी शानदार है, जहां 23 पारियों में उन्होंने 1384 रन जोड़े हैं।

आईपीएल 2026 में जब जब गिल और सुदर्शन की जोड़ी पांचवें ओवर के बाद तक साथ रही है, तब जीटी ने सात में से छह मैच जीते हैं और सिर्फ एक में हार का सामना किया है। इसके उलट जब यह साझेदारी पांचवें ओवर से पहले टूट गई, तब टीम का रिकॉर्ड चार जीत और चार हार का रहा है। यह आंकड़ा दिखाता है कि जीटी के लिए शुरुआती विकेट कितना बड़ा फैक्टर है। फाइनल में आरस. ीबी की कोशिश नई गेंद से गिल या साई में से किसी एक को जल्दी आउट करने की होगी। क्वालिफायर 1 और क्वालिफायर 2 दोनों में जेसन होल्डर ने दो दो विकेट लिए थे।

# सूर्यवंशी ने 440 गेंदों में आईपीएल में 1000 रन पूरे किए

**नई दिल्ली।** युवा बल्लेबाजी सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल सबसे कम गेंदों में 1000 रन पूरे कर लिए हैं। उन्होंने 440 गेंदें खेलीं, जो सबसे तेज हैं।

आंद्रे रसेल इससे पहले सबसे तेज थे, जिन्होंने इसके लिए 545 गेंदें खेली थीं। सूर्यवंशी आईपीएल में 1000 रन बनाने वाली पारियों के मामले में दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज हैं। शॉन मार्श ने सिर्फ 21 पारियों में यह मुकाम हासिल किया, जबकि लेंडल सिमंस ने 23 पारियों में, जो सूर्यवंशी के बराबर है।आईपीएल 2026 में सूर्यवंशी ने कुल 135 बाउंड्री लगाईं, जिसमें रिकॉर्ड 72 छक्के शामिल हैं, जो किसी भी टी 20 टूर्नामेंट में किसी भी बल्लेबाज द्वारा लगाए गए सबसे ज्यादा छक्के हैं। इससे पहले सबसे ज्यादा 128 बाउंड्री बटलर ने आईपीएल 2022 में लगाई थीं, जिन्होंने 83 चौके और 45 छक्के लगाए थे। सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में 16 पारियों में 776 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 237-30 रहा और इनमें से 684 रन सिर्फ चौकों और छक्कों से आए। सूर्यवंशी पिछली चार पारियों में नर्वस नाइनटीज में 3 बार आउट हुए हैं। वे आईपीएल में नाइनटीज में सबसे ज्यादा आउट होने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

# विनेश फोगाट एशियन गेम्स ट्रायल में हारीं

**नई दिल्ली।** शनिवार यानी 30 मई को विनेश फोगाट एशियन गेम्स 2026 में क्वालीफाई करने से चूक गई हैं। 31 साल की इस रेसलर को मीनाक्षी गोयत ने सेमीफाइनल में 53 केजी वेट कैटिगिरी में 6-4 से हरा दिया। इस हार के साथ अब विनेश फोगाट बाहर हो गई हैं।

इससे पहले विनेश फोगाट ने अपना अनुभव और क्लास दिखाते हुए नीशू को हराया था और सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई थी। वहीं अपने पहले मैच में विनेश ने ज्योति को 7-1 से हराया था। 48 घंटों की उथल-पुथल के बाद विनेश की कोर्ट पर यह दमदार वापसी थी। विनेश की वापसी में सुप्रीम कोर्ट और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की अहम भूमिका रही। ट्रायल में विनेश की भागीदारी की पुष्टि शुक्रवार को ही हुई थी, जब सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति दी थी। जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा की अध्यक्षता वाली पीठ ने टिप्पणी की कि देश के लिए उनके योगदान को देखते हुए, वह इस मौके की हकदार हैं। इससे पहले, डब्ल्यूएफआई ने जोर देकर कहा था कि वह केवल 50 किग्रा वर्ग में ही प्रतिस्पर्धा कर सकती हैं। यह एक ऐसा फैसला था जिसका उन्होंने जोरदार विरोध किया था और महासंघ पर पक्षपात का आरा. ेप लगाया था। भारतीय कुश्ती महासंघ द्धडब्ल्यूएफआईऋ के अध्यक्ष संजय सिंह के दखल और संगठन की ओर से की गई कार्रवाई के बाद, शनिवार सुबह विनेश को 53 किग्रा वर्ग के ट्रायल्स में हिस्सा लेने की इजाजत मिली। मीनाक्षी गोयत भारत की उभरती हुई फ्रीस्टाइल रेसलर हैं, जो 53 केजी वेट कैटेगिरी में कंपीट करती हैं।



मीनाक्षी गोयत ने सेमीफाइनल में 53 केजी वेट कैटिगिरी में 6-4 से हरा दिया, इस हार के साथ अब विनेश फोगाट एशियन गेम्स के लिए नहीं कर सकीं क्वालीफाई

25 साल की इस रेसलर ने पिछले कुछ समय में काफी इम्प्रेस किया है। मीनाक्षी ने भारतीय स्पोर्ट्स के कई बड़े नामों को हराकर सुर्खियां बटोरी हैं। मार्च 2026 में मीनाक्षी गोयत ने नेशनल ट्रायल्स में 2 बार की वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडलिस्ट अंतिम पंघाल को हराकर सबको हैरान कर दिया था ।विनेश फोगाट ने एशियन गेम्स ट्रायल्स में पहला और दूसरा मुकाबला जीता था।

# ऑरेंज कैप में सूर्यवंशी के पास बड़ी बढ़त

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के दौरान ऑरेंज कैप की रेस में लंबे समय तक बने रहने वाले तीन बल्लेबाज शुक्रवार रात न्यू चंडीगढ़ में क्वालीफायर 2 के दौरान मैदान पर थे। ऐसे में यह लगभग तय था कि ऑरेंज कैप की सूची में कोई बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।

वहीं पर्पल कैप की सूची में भी बड़ा बदलाव हुआ और नंबर एक पर अब भुवनेश्वर कुमार नहीं हैं। वैभव सूर्यवंशी, बी साई सुदर्शन और शुभमन गिल तीनों ने बड़े मैच में अपनी छाप छोड़ी। सबसे पहले सूर्यवंशी बल्लेबाजी करने उतरे। पिछले मैच में वह आईपीएल इतिहास का सबसे तेज शतक बनाने के बेहद करीब पहुंचे थे। इस बार परिस्थितियां कुछ अलग थीं और उन्होंने थोड़ा संयम दिखाया, लेकिन फिर भी 47 गेंदों में 96 रन की शानदार पारी खेली। वह अपने सीजन के दूसरे शतक से चूक गए, लेकिन इससे उनके अभियान की चमक कम नहीं हुई। सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 का अंत 776 रन के साथ किया। इससे भी ज्यादा हैरान करने वाली बात उनका 237-30 का स्ट्राइक रेट रहा।हालांकि इस मैच के सबसे बड़े सितारे गिल रहे। उन्होंने जीटी की रन चेज को 53 गेंदों में 104 रन बनाकर आगे बढ़ाया। इस शतक के साथ उनके सीजन के रन 722 हो गए। वह अब भी सूर्यवंशी से 54 रन पीछे हैं, लेकिन उनके पास फाइनल खेलने का मौका बाकी है।साई सुदर्शन भी इसी स्थिति में हैं। उन्होंने गिल के साथ पहले विकेट के लिए 167 रन जोड़े और 32 गेंदों में 58 रन बनाए। हालांकि लगातार दूसरे मैच में वह हिट विकेट होकर आउट हुए। इसके बावजूद उनके नाम अब 710 रन हो चुके हैं। जब जीटी रविवार को फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से भिड़ेगी, तब गिल और सुदर्शन दोनों की नजर आईपीएल ट्रॉफी के साथ ऑरेंज कैप पर भी होगी। वहीं विराट कोहली के लिए ऑरेंज कैप जीतना अब मुश्किल दिखाई देता है। आरसीबी के सबसे सफल बल्लेबाज कोहली फलिहाल 600 रन पर हैं। लंबे समय तक पर्पल कैप अपने पास रखने वाले भुवनेश्वर कुमार आखिरकार शीर्ष स्थान से हट गए हैं। उनके सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी कगिसो रबाडा ने अब पर्पल कैप पर कब्जा कर लिया है। रबाडा ने आरआर की पारी के दूसरे ओवर में ध्रुव जुरेल का विकेट लिया और फिर 18वें ओवर में सूर्यवंशी को आउट किया।इन दो विकेटों के साथ रबाडा के कुल विकेट 28 हो गए हैं। वह भुवनेश्वर से दो विकेट आगे निकल चुके हैं।



फाइनल मुकाबले में गिल और सुदर्शन दोनों की नजर आईपीएल ट्रॉफी के साथ ऑरेंज कैप पर भी होगी

# वेस्टइंडीज ने पाक को हराया

**डबलिन।** आयरलैंड में महिला ट्राई-सीरीज में वेस्टइंडीज को दो में से दो मैच जीतने में मदद करने के लिए कई खिलाड़ियों ने अहम योगदान दिया। गुरुवार को मेजबान टीम के खिलाफ अपना पहला गेम जीतने के बाद, वेस्टइंडीज ने सिर्फ 24 घंटे बाद पाकिस्तान के खिलाफ फिर से अच्छा प्रदर्शन किया और एशियाई टीम को 25 रन से हरा दिया।हालांकि डिएंड्रा डॉटिन और कियाना जोसेफ ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन कप्तान हेली मैथ्यूज ने 20 गेंदों में नौ चौकों की मदद से 40 रन बनाकर अपनी टीम के लिए शुरुआत में ही लय बना दी। मैथ्यूज के जाने के बाद स्टेफनी टेलर ने अच्छा प्रदर्शन जारी रखा, लेकिन 39 रन पर आउट हो गईं। डेथ ओवर्स में, चिनेल हेनरी और जैनिलिया ग्लासगो की जोड़ी ने पाकिस्तान के अटैक की धज्जियां उड़ा दीं और वेस्टइंडीज को 200 रन से एक रन कम बनाने में मदद की। हेनरी 33 रन बनाकर नाबाद रहीं।

# आईसीसी ने डा. रोस रिवाज को नया इंडिपेंडेंट डायरेक्टर नियुक्त किया

**दुबई।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने डा. रोस रिवाज को तीन साल के लिए इंडिपेंडेंट डायरेक्टर नियुक्त किया है, जिसे तीन साल के और कार्यकाल के लिए बढ़ाया जा सकता है।

डा. रिवाज अभी एंग्लियन वॉटर और यूके कंपनीज हाउस के चेयर के तौर पर काम कर रही हैं। अपने पूरे करियर में, डा. रिवाज एक एक्टिव और एंगेज्ड बोर्ड मेंबर रही हैं, उन्होंने सरकारी, कमर्शियल और कम्युनिटी सेक्टर में साइट विजिट और स्टेकहोल्डर से बातचीत की है। गवर्नेंस, कॉर्पोरेट स्ट्रैटेजी और ऑपरेशनल असर की उनकी गहरी समझ, डाइवर्सिटी और इनक्लूजन के प्रति उनके कमिटमेंट से पूरी होती है, जिससे वह आईसीसी बोर्ड का एक मजबूत हिस्सा बन गई हैं। आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने इस अपॉइंटमेंट का स्वागत करते हुए कहा कि डा. रिवाज का इंटरनेशनल लीडरशिप एक्सपीरियंस और गवर्नेंस एक्सपर्टीज काम आएगी। ष्जैसे-जैसे क्रिकेट दुनिया भर में अपनी पहचान बना रहा है और मैदान पर और मैदान के बाहर नए मौके ढूंढ रहा है, उनकी स्ट्रेटेजिक समझ, स्वतंत्र नजरिया और मजबूत गवर्नेंस के लिए कमिटमेंट बहुत कीमती होगा।अपने कॉर्पोरेट रोल के अलावा, डा. रिवाज कम्युनिटी और एजुकेशनल कामों में भी एक्टिव रूप से शामिल रही हैं। उन्होंने युवा महिलाओं को स्टेम एजुकेशन के लिए बढ़ावा देने वाले प्रोग्राम को सपोर्ट किया है, साथ ही कई चैरिटेबल और लोकल कम्युनिटी प्रोजेक्ट में भी योगदान दिया है।

# सिनर के बाद जोकोविच भी फ्रेंच ओपन से हुए बाहर

**पेरिस।** नोवाक जोकोविच फ्रेंच ओपन में ब्राजील के टीनेजर जोआओ फोंसेका से दो सेट की लीड गंवाने के बाद टूर्नामेंट से बाहर होने वाले सबसे नए हाई-प्रोफाइल खिलाड़ी बन गए।

19 साल के फोंसेका ने दो सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन को कोर्ट फिलिप-चैटियर पर चार घंटे 53 मिनट तक चले रोमांचक तीसरे राउंड के मुकाबले में हराया। ब्राजील के यह खिलाड़ी ग्रैंड स्लैम मैच में जोको. विच को हराने वाले पहले टीनेजर बने और पहली बार किसी मेजर के आखिरी 16 में पहुंचे।फोंसेका ने कहा, ष्मैं बस जितनी तेजी से हो सके बॉल को हिट करने की को. शिश कर रहा था। जोकोविच चूकते नहीं हैं, और हमें अब भी

**जोआओ फोंसेका से दो सेट की लीड गंवाने के बाद बाहर होने वाले सबसे नए हाई-प्रोफाइल खिलाड़ी बने**

लगता है कि वह 20 साल के हैं। रिकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लैम सिगल्स टाइटल की तलाश में लगे जोको. विच ने मैच के बाद अपने युवा विरोधी की तारीफ की। 39 साल के अनुभवी खिलाड़ी ने कहा, ष्मैच जीतने के असली हकदार जोआओ को बहुत बड़ा क्रेडिट जाता है। बिना किसी शक के वह जरूरी मौकों पर बेहतर खिलाड़ी थे। सर्बियाई खिलाड़ी के बाहर होने से एक दिन पहले दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जैनिक सिनर को अर्जेंटीना के जुआन मैनुअल सेरुंडोलो से दूसरे राउंड में चौंकाने वाली हार मिली थी।कलाई की चोट की वजह से टूर्नामेंट से पहले डिफेंडिग चैंपियन कार्लोस अल्काराज के हटने के साथ, जो. कोविच और सिनर के जाने से पुरुषों के ड्रॉ में बड़ा बदलाव आया है और यह पक्का हो गया है कि रौलां गैरो इस साल पहली बार पुरुषों का नया ग्रैंड स्लैम चैंपियन बनाएगा।दूसरे सीड अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने फ्रेंचमैन क्वेंटिन हेलिस पर 6-4, 6-3, 5-7, 6-2 से जीत हासिल करके चौथे राउंड में पहुंचने के साथ अपने टाइटल की उम्मीदों को जदि रखा। जर्मन खिलाड़ी, जो 2024 में पेरिस में रनर-अप रहे थे, अब पुरुषों के फील्ड में सबसे आगे चल रहे दावेदारों में से एक हैं। दो बार के फ्रेंच ओपन रनर-अप कैस्पर रूड भी अमेरिकी टॉमी पॉल को पांच सेट में हराकर आगे बढ़े।

## टी-20 करियर में तीसरी बार हिट विकेट आउट होने के बाद बोले साई सुदर्शन

# अब किसी ग्रिप टेक्नोलॉजी का प्रयोग करना होगा

**न्यू चंडीगढ़।** एक बार हिट विकेट होना बदकस्मिती माना जा सकता है, लेकिन लगातार दो मैचों में ऐसा होना बेहद अजीब घटना है। गुजरात टाइटंस (जीटी) के ओपनर साई सुदर्शन अब अपने टी- 20 करियर में तीसरी बार हिट विकेट आउट होने के बाद एक अनचाहे रिकॉर्ड का हिस्सा बन गए हैं।

हालांकि राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ क्वालीफायर 2 में जीत और टीम के आईपीएल 2026 फाइनल में पहुंचने के बाद वह इस पर हंसते हुए भी नजर आए।सुदर्शन ने कहा, ष्मुझे लगता है अब कुछ नया ट्राई करना पड़ेगा। अब शायद मैं कुछ ग्रिप टेक्नोलॉजी आजमाऊंगा। कुछ गेंदें खेलकर देखूंगा कि क्या फर्क पड़ता है। लेकिन सच कहूं तो मेरे पास भी इसका कोई जवाब नहीं है कि ऐसा कैसे हुआ।आरसीबी के खिलाफ क्वालीफायर 1 में सुदर्शन अच्छी लय में दिख रहे थे। लेकिन तीसरे ओवर में जैकब डफी की गेंद पर कट शॉट खेलते समय उनका बल्ला हाथ से छूट गया। गेंद बाउंड्री तक पहुंचती उससे पहले बल्ला उछलकर लेग स्टंप से टकरा गया और वह हिट विकेट आउट हो गए।आरआर के खिलाफ मुकाबले में भी लगभग वही नजारा देखने को मिला। 215 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सुदर्शन एक और बड़ी पारी की ओर बढ़ रहे थे। उन्होंने शुभमन गिल के साथ शानदार ओपनिग साझेदारी की और सिर्फ 32 गेंदों में 58 रन बना डाले। लेकिन बृजेश शर्मा की लो फुल टॉस गेंद को ऑफ साइड में ड्राइव करने के दौरान उनका बल्ला फिर हाथ से निकल गया और सीधे स्टंप्स पर जा लगा।सुदर्शन हैरानी में सिर झुकाए वापस लौटे, जबकि दूसरे छोर पर खड़े गिल घुटनों के बल बैठ गए और यकीन नहीं कर पाए कि अभी क्या हुआ है। साई सुदर्शन पहली बार 2022 में ब्रेबॉर्न स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ हिट विकेट हुए थे। टी-20 क्रिकेट में अब उनके साथ सिर्फ आंद्रे रसेल और शोएब मलिक ही ऐसे बल्लेबाज हैं जो तीन बार हिट विकेट आउट हुए हैं। सुदर्शन ने कहा कि पिछले मैच में बल्ला कुछ बार उछला और फिर स्टंप्स से टकराया था।



गुजरात टाइटंस ( जीटी ) के ओपनर साई सुदर्शन अब अपने टी- 20 करियर में तीसरी बार हिट विकेट आउट होने के बाद एक अनचाहे रिकॉर्ड का हिस्सा बन गए हैं

## मंगलौर पुलिस ने किया पेट्रोल पंप लूट का खुलासा

# एक लुटेरा गिरफ्तार, नकदी बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर पुलिस ने पेट्रोल पम्प पर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से लूटी गई 3,700 रुपये की नकदी बरामद की गई है। पुलिस ने चालान कर आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया है।

पुलिस के अनुसार, लक्सर निवासी मोहम्मद मन्नान की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया था। पीड़ित ने बताया था कि उनके पेट्रोल पम्प पर तीन बदमाशों ने 25,300 रुपये लूट लिए और मारपीट कर फरार हो गए थे। मामले में मुकदमा पंजीकृत कर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के आदेश और पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा-निर्देश पर सीओ मंगलौर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक ने टीम गठित की थी। शातिर अपराधी लगातार ठिकाने बदल रहे थे, लेकिन पुलिस ने पेट्रोल पम्प के ब्ब्न्ट फुटेज खंगालकर आरोपी तक पहुंच बनाई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अंकुश उर्फ भौंदा पुत्र पप्पू, निवासी ग्राम नजरपुरा, मंगलौर के रूप में हुई है। वही पुलिस ने उसके कब्जे से लूटी गई 3,700 रुपये की नकदी बरामद कर ली है। शेष रकम और फरार अन्य दो आरोपियों की तलाश जारी है। आरोपी को नियमानुसार न्यायालय में पेश कर दिया गया है। गिरफ्तारी टीम में उप निरीक्षक कलकान्त रतूडी, कांस्टेबल रोशन, कांस्टेबल पप्पू और कांस्टेबल अंकित शामिल रहे।

❖आरोपी ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर पेट्रोल पंप पर दिया था लूट की वारदात को अंजाम




## भगवानपुर पुलिस का गो तस्करों पर प्रहार

# गोमांस के साथ एक महिला सहित चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** कोतवाली भगवानपुर पुलिस ने गौ तस्करों पर प्रहार करते हुए एक महिला सहित चार आरोपियों को गौमांस के साथ गिरफतार किया है।

भगवानपुर पुलिस का गौकशी करने वाले अपराधियो पर लगातार नकेल कसती जा रही है। इसी के तहत कार्यवाही करते हुए पुलिस ने 01 महिला सहित 04 आरोपितों को धर दबोचा है। पुलिस ने मौके से गौमांस व गौकशी उपकरण बरामद किये है। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार द्वारा नशा तस्करो/गौकशी करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही के दिशा निर्देश दिये गये थे। जिसके क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भगवानपुर के कुशल नेतृव दिनाँक 30/05/2026 को कोतवाली भगवानपुर पुलिस टीम मुखबिर से सूचना प्राप्त हुयी की ग्राम खेलडी में शहजाद पुत्र इलियास के घर पर दबिश दी गई मौके पर एक महिला आरोपित व 03 आरोपितों को गौकशी करते हुए पकडा गया। मौके से गौमांस व गौकशी के उपकरण बरामद किये गये। आरोपितों के विरुद्ध उत्तराखण्ड गो वंश संरक्षण अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। नाम पता आरोपित-महिला निवासी ग्राम खेलडी कोतवली भगवानपुर जिला हरिद्वार-नफीस पुत्र लियाकत निवासी ग्राम खेलडी भगवानपुर जिला हरिद्वार-रिहान पुत्र शहजाद निवासी ग्राम खेलडी, कोतवाली भगवानपुर जिला हरिद्वार। -अयान पुत्र शहजाद निवासी ग्राम खेलडी, कोतवाली भगवानपुर हैं।




# आईपीएल मैचों पर सट्टा लगाते एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** जनपद में अपराध एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत मंगलौर पुलिस ने आईपीएल मैचों पर सट्टा लगाते हुए एक सटोरिये को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नगदी सहित सट्टा संचालन में प्रयुक्त सामग्री बरामद की है।

चौकी प्रभारी नितिन बिष्ट ने बताया कि शुक्रवार देर शाम मुखबिर से सूचना मिली थी कि मोहल्ला मलानपुरा क्षेत्र में आईपीएल मैचों पर सट्टा लगाकर अवैध जुआ संचालित किया जा रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और एक आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शाहबान अंसारी पुत्र रसीद निवासी मोहल्ला मलानपुरा, मंगलौर के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से 1,500 रुपये नकद, सट्टा पर्चियां, पेन तथा गत्ता बरामद किया गया।पुलिस के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने आईपीएल मैचों पर सट्टा लगाकर अवैध रूप से धन अर्जित करने की बात स्वीकार की है। आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मंगलौर पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि कहीं भी सट्टा, जुआ, नशाखोरी या अन्य अवैध गतिविधियों की जानकारी मिले तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णत: गोपनीय रखी जाएगी।पुलिस टीम में: चौकी प्रभारी नितिन बिष्ट सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## एपीएस-वन में ग्रीष्मकालीन अंतरिम कार्यशाला का आयोजन

# शिक्षकों व छात्र-छात्राओं को अनेक मुद्दों पर किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 1 रुड़की में शिक्षकों के सतत व्यावसायिक विकास हेतु छह दिवसीय अंतरिम कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन सुबह का सत्र सुश्री रचना ढींगरा द्वारा योगासन से शुरू किया गया।

कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम विषय पर एक ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन टीम की एडवोकेट सुश्री अपूर्वा ठाकुर द्वारा किया गया। इस सत्र का संचालन एडवोकेट नीतू सिंह ने किया। कम्प्यूटेशनल थिंकिंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इस सत्र का संचालन आईआईटी रुड़की के प्रबंधन अध्ययन के विभागाध्यक्ष डॉ. रजत अग्रवाल द्वारा किया गया। सभी छात्रों को समान शिक्षण अवसर प्रदान करने के महत्व को समझने में शिक्षकों की मदद करने के लिए, जिनमें विविध शिक्षण आवश्यकताओं वाले बच्चे भी शामिल हैं, समावेशी शिक्षा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रत्येक दिन अंतिम सत्र में शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी तथा रोचक बनाने हेतु विभिन्न विभागों



द्वारा कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। जिनमें 'खेल-खेल में गणित', शिक्षण को प्रभावी बनाता गतिविधि आधारित शिक्षण, इंटरएक्टिव डिजिटल मीडिया और सिनेमा के माध्यम से शब्दावली का निर्माण ,विज्ञान अन्वेषण, डिजी कैंप का उपयोग कैसे करें प्रधानाचार्या सुश्री ऋतु डोगरा तथा हेड मिस्ट्रेस सुश्री सुधा सैनी के कुशल दिशा निर्देशन में कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

# ट्रक की टक्कर से बैलगाड़ी सवार पिता-पुत्र गंभीर घायल, बैल की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** रुड़की-लक्सर मार्ग पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने बैलगाड़ी को टक्कर मार दी। हादसे में पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उनकी गंभीर हालत को देखते हुए देहरादून रेफर किया गया। पुलिस ट्रक चालक की तलाश कर रही है।

शनिवार की सुबह ढंढेरा निवासी 60 वर्षीय गुलिस्तार अपने 30 वर्षीय पुत्र गुलशनव्वर उर्फ मोनू के साथ बैलगाड़ी से पशुओं के लिए चारा लेने लंढौरा जा रहे थे। सुबह जब वे लंढौरा बस अड्डे के पास स्थित पेट्रोल पंप के निकट पहुंचे, तभी पीछे से तेज गति से आए एक ट्रक ने उनकी बेलगाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें देहरादून रेफर कर दिया गया। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। चौकी प्रभारी अशोक सिरस्वाल ने बताया कि अभी तक पीड़ित पक्ष की ओर से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# महिला कल्याण विभाग का खाता खाली, 32 कर्मचारियों का वेतन अटका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** महिला कल्याण विभाग में बजट की कमी के कारण गंभीर वित्तीय संकट खड़ा हो गया है। विभाग के खाते में पर्याप्त धनराशि उपलब्ध न होने के कारण हरिद्वार, कलियर, रोशनाबाद और रुड़की स्थित चाइल्ड हेल्प डेस्क पर कार्यरत 32 कर्मचारियों का अप्रैल व मई माह का वेतन अटक गया है। लगातार दो महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों में निराशा और चिंता का माहौल है। अप्रैल में 134 केस हुए हैं और मई में 50 से अधिक केस पर चाइल्ड हेल्प डेस्क काम कर चुका है।

महिला बाल कल्याण विभाग के अंतर्गत जिले में चार चाइल्ड हेल्प डेस्क बने हैं। 32 कर्मचारी चाइल्ड हेल्प डेस्क के माध्यम से बच्चों और जरूरतमंदों को सहायता प्रदान करने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। वेतन न मिलने से उनके सामने परिवार के भरण-पोषण, बच्चों की पढ़ाई और दैनिक खर्चों को पूरा करने जैसी समस्याएं खड़ी हो गई हैं। कर्मचारियों का कहना है कि समय पर वेतन न मिलने से आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है।

बजट संकट से विभागीय कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। वेतन भुगतान के साथ-साथ बजट की कमी का असर विभागीय कार्यों पर भी साफ दिखाई देने लगा है। चाइल्ड हेल्प डेस्क के रखरखाव, स्टेशनरी की व्यवस्था और अन्य आवश्यक गतिविधियों के संचालन में दिक्कतें आ रही हैं। संसाधनों के अभाव में फील्ड वर्क भी प्रभावित होने लगा है जिससे बच्चों और महिलाओं से जुड़े मामलों के निस्तारण पर असर पड़ सकता है। दबी जुबान में जानकारों का कहना है कि यदि जल्द ही विभाग को आवश्यक बजट उपलब्ध नहीं कराया गया तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। कर्मचारियों ने शासन और विभागीय अधिकारियों से जल्द धनराशि जारी कर वेतन भुगतान करने की मांग की है। जिला समन्वय अधिकारी (चाइल्ड हेल्प डेस्क) अनुज सैनी का कहना है कि उच्च अधिकारियों को वेतन जारी करने के संबंध में पत्राचार किया जा चुका है। उम्मीद है दो-चार दिन में वेतन जारी कर दिया जाएगा।

# पुलिस की दहशत : हत्या के प्रयास के आरोपी ने थाने में किया सरेंडर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली गंगनहर पुलिस की दबीश के चलते दबाव में आए जान से मारने की कोशिश करने के आरोपी ने थाने में सरेंडर कर दिया है। वांछित चल रहे आरोपी ने हत्या करने के प्रयास में लोहे की रॉड से सिर पर वार कर युवक को घायल कर दिया था

जानकारी के अनुसार दिनांक 11/05/2026 को सैनिक कालोनी महिला ने कोतवाली गंगनहर में लिखित शिकायत देकर बताया कि 3-4 अज्ञात लडकों ने उनके नाती एकांश को घर से बाहर बुलाकर उसके सर पर जान से मारने की नियत से लोहे की रॉड से जानलेवा हमलाकर उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया। प्राप्त शिकायत के आधार पर कोतवाली गंगनहर पर मु0अ0सं0 169/2026 धारा 117(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। जनपद मे बढ रही आपराधिक घटनाओ पर अंकुश लगाने हेतु एसएसपी नवनीत सिंह द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों पर अमल करते हुए कोतवाली गंगनहर पुलिस ने चिकित्सक के बयान व मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मुकदमे में धारा 109 बीएनएस की बढोत्तरी की तथा विवेचना में प्रकाश में आए आरोपी प्रथम उर्फ मनु को तलाशने के लिए लगातार उसके घर तथा अन्य संभावित ठिकानो पर दबिश दी गई। लगातार पुलिस की छापेमारी से परेशान होकर वांछित आरोपी ने स्वंय ही कोतवाली गंगनहर आकर सरेण्डर कर दिया जिसे नियमानुसार पुलिस हिरासत में लिया गया। आज न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। विवरण वांछित आरोपी-प्रथम उर्फ मनु पुत्र भूपेन्द्र निवासी सैनिक कालोनी गली नं-07 कोतवाली गंगनहर रुडकी हरिद्वार है।

# सट्टा पर्ची व नकदी सहित एक सटोरिया दबोचा

**पिरान कलियर।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए पकड़ा है जिसके पास से सट्टा पर्ची पेन गत्ता डायरी ओर नगदी बरामद की है पुलिस ने जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

कलियर कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया है कि पुलिस क्षेत्र में चौकिंग कर रही थी।इसी बीच मुखबिर ने सूचना दी कि दरगाह क्षेत्र में एक युवक सट्टे की खाईबाड़ी कर रहा है सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर युवक ने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया तलाशी लेने पर उसके पास से 1650 रुपए की नगदी ओर सट्टा पर्ची पेन गत्ता बरामद हुआ पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम अरकान निवासी सवाजपुरा थाना रायसती संभल बताया है। पुलिस ने उसके खिलाफ जुआ अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया है।

# सबमर्सिबल लगाने को लेकर दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे, छह घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कोतवाली क्षेत्र के मेंहवड़ कला गांव में दुकानों के सामने सबमर्सिबल लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया जिसमें जमकर लाठी-डंडे चल गए। मारपीट में दोनों पक्षों के करीब छह लोग घायल हो गए जिनमें से दो की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर किया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया।

जानकारी के अनुसार मेंहवड़ कला गांव निवासी विनय दुकानों के सामने सबमर्सिबल लगवा रहा था। इसी दौरान दूसरे पक्ष ने इसका विरोध किया जिस पर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और गाली-गलौज के बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इस दौरान जमकर लाठी-डंडे चले।मारपीट में एक पक्ष के प्रिंस, पूनम, बबली और अनिल घायल हो गए जबकि दूसरे पक्ष के विनय, अलका और विशाल को भी चोटें आई हैं। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। प्रिंस और पूनम की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया।कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि सबमर्सिबल लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद में घायलों का मेडिकल के लिए भेजा है। फिलहाल किसी पक्ष की ओर से तहरीर नही मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# जेएम दीपक रामचन्द्र सेठ एसआईआर को लकर आवाम से किया आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जेएम दीपम रामचंद्र सेठ ने एसआईआर को लकर आवाम से खास आहवान करते हुए कहा कि इस प्रक्रिया में गंभीरता से काम लेना है। और प्रशासन को सहयोग करना है। जेएम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु युवाओं, छात्रों एवं जागरूक नागरिकों से अपील की जाती है कि वे अपने क्षेत्र के बीएलओ के साथ जुड़कर गणना प्रपत्र के डिजिटलीकरण में तकनीकी सहयोग प्रदान करें। आपका यह सहयोग



मतदाता सूची को अधिक सटीक, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यदि आपके पास स्मार्टफोन, कंप्यूटर अथवा डिजिटल कार्यों का सामान्य ज्ञान है, तो आप इस जनहितकारी अभियान का हिस्सा बन सकते हैं-अपने क्षेत्र के मतदाताओं की सहायता करें, लोकतंत्र को सशक्त बनाने में योगदान दें, निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाएँ, जिला प्रशासन द्वारा प्रशंसा प्रमाण पत्र प्राप्त करें, स्वयंसेवक के रूप में पंजीकरण करने के लिए नीचे दिए गए लिंक पर अपना विवरणभरें:https://crcroorkee-in/sir/आइए, लोकतंत्र के इस महाअभियान में सहभागी बनें और अपने क्षेत्र के बीएलओ के तकनीकी सहयोगी के रूप में महत्वपूर्ण योगदान दें।

# कुमराड़ी से दो किशोर लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली क्षेत्र के कुमराड़ी गांव से दो किशोर संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गए हैं। 24 घंटों से अधिक समय बीत जाने के बाद भी बच्चों का कोई सुराग न लगने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्राम कुमराड़ी निवासी मेहरबान का पुत्र सुहैल (16) और मुन्ना का पुत्र अरसलान (15) शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे से लापता है। परिजनों ने बताया कि दोनों बच्चे घर से निकले थे लेकिन देर शाम तक नहीं लौटे। आसपास के रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर तलाश करने के बाद भी जब बच्चों का कुछ पता नहीं चला तो परिवार ने पुलिस को सूचना दी है। कोतवाल भगवान सिंह मेहर ने बताया कि पुलिस दोनों किशोरों की तलाश में जुट गई है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगालने के साथ ही स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है।

## लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं व ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुए

# मंगलौर पालिका बस अड्डे पर लगाएगी रेड लाइट व स्पीड ब्रेकर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** नगर पालिका परिषद मंगलौर ने बस अड्डे पर लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं और ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुए बड़ा कदम उठाने का निर्णय लिया है। पालिका प्रशासन ने बस अड्डे पर रेड लाइट स्थापित करने और वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप स्पीड ब्रेकर बनाने की योजना तैयार की है। इस पहल का उद्देश्य सड़क सुरक्षा को मजबूत करना, यातायात को व्यवस्थित करना और पैदल यात्रियों को सुरक्षित आवागमन उपलब्ध कराना है।

पालिका अध्यक्ष मोहयउद्दीन अंसारी ने बताया कि बस अड्डा क्षेत्र में दिल्ली और हरियाणा की ओर से आने-जाने वाले वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। कई वाहन तेज गति से गुजरते हैं, जिसके कारण यहां आए दिन छोटे-बड़े हादसे होते रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सड़क पार करते समय उठानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए बस अड्डे पर ऐसे स्पीड ब्रेकर बनाए जाएंगे जो वाहन चालकों को गति नियंत्रित करने के लिए मजबूर करेंगे। साथ ही



रेड लाइट लगाए जाने से यातायात का संचालन अधिक व्यवस्थित होगा और पैदल यात्रियों को सड़क पार करने में सुविधा मिलेगी। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि वर्तमान में दिन के समय बस अड्डे पर जाम की स्थिति गंभीर हो जाती है। वाहनों के अत्यधिक दबाव के कारण पुलिस और प्रशासन को यातायात सुचारू बनाए रखने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद ट्रैफिक संचालन बेहतर होगा और जाम की समस्या में भी काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है। वहीं मंगलौर के सीओ अभिनय चौधरी ने नगर पालिका के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि बस अड्डा हाईवे से जुड़ा होने के कारण यहां वाहनों की रफ्तार सामान्य से अधिक रहती है। रेड लाइट और स्पीड ब्रेकर स्थापित होने से वाहन चालक सतर्क रहेंगे तथा दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए ऐसे कदम बेहद जरूरी हैं और पुलिस विभाग इस व्यवस्था को सफल बनाने में पूरा सहयोग करेगा।नगर पालिका के इस फैसले का स्थानीय लोगों ने भी स्वागत किया है। बस अड्डे के आसपास रहने वाले नागरिकों और व्यापारियों का कहना है कि लंबे समय से इस क्षेत्र में सड़क सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की जा रही थी। स्थानीय दुकानदार सफीक ने बताया कि आए दिन होने वाले हादसों से लोगों में भय का माहौल रहता था, लेकिन नई व्यवस्था लागू होने के बाद स्थिति में सुधार की उम्मीद है।

# अनियंत्रित कार चाय की दुकान में घुसी, आपस में निपटा मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** कस्बे के सीमली मोहल्ले मेंशनिवारकोउससमयअफरा-तफरी मच गई, जब एक तेज रफ्तार कार अनियंझत्रित होकर सीधे एक चाय की दुकान में जा घुसी। हादसे में दुकान का काउंटर और अन्य सामान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे दुकानदार को काफी नुकसान उठाना पड़ाप्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, शनिवार को एक वैगनआर कार चालक सीमली मोहल्ले की तरफ जा रहा था। जैसे ही वह रेलवे पुल के पास पहुंचा, अचानक कार पर से उसका नियंत्रण खो गया और कार सड़क किनारे स्थित चाय की दुकान में जा घुसी। टक्कर लगते ही दुकानदार ने शोर मचाना शुरू कर दिया, जिसे सुनकर भारी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गएमौके पर ही हुआ फैसलाहादसे के बाद मौके पर जुटे लोगों ने बीच-बचाव किया। स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में कार चालक और पीड़ित दुकानदार के बीच बातचीत हुई, जिसके बाद दोनों पक्षों में आपसी समझौता हो गया। कार चालक द्वारा नुकसान की भरपाई का आश्वासन मिलने के बाद मामले को शांत हुआ।

**लक्सर तहसील क्षेत्र में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**

**इस्लाम अंसारी**
**संवाददाता मो. नं.** 9368942735, 9759860322
**विनित भैया**
**संवाददाता मो. नं.** 9837277814

# स्मार्ट पुलिसिंग व डिजिटल सिस्टम पर ज़ोर

## पर्यटकों, श्रद्धालुओं से शालीन व्यवहार, हुड़दंगियों पर करे सख्त कार्रवाई: एसएसपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आगामी पर्यटन व कैंची मेले के मद्देनजर यातायात और स्मार्ट पुलिसिंग पर विशेष फोकस व पर्यटकों और श्रद्धालुओं के साथ शालीन व्यवहार के साथ ही हुड़दंगियों पर सख्त कार्रवाई को लेकर शनिवार को एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने कोतवाली हल्द्वानी मीटिंग हॉल के सभागार में मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी के दौरान पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।



उन्होंने कहा ड्यूटी के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। एसएसपी ने अपराधों की समीक्षा के साथ-साथ आगामी पर्यटन सीजन, ग्रीष्मकालीन अवक.ाश एवं विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम मेले को देखते हुए कानून व्यवस्था और यातायात प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा की गई। गोष्ठी से पूर्व एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने पुलिस कर्मचारियों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

इसके पश्चात उन्होंने सभी थाना प्रभारियों एवं अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था, स्मार्ट पुलिसिंग और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

एसएसपी ने सभी थानों में सीसीटीएनएस प्रणाली को शत-प्रतिशत अपडेट रखने, ई-साइ.निंग प्रक्रिया पूर्ण करने तथा लंबित विवेचनाओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिन विवेचकों के पास 15 से अधिक मामले लंबित हैं, उनका निस्तारण थाना प्रभारी स्वयं पर्यवेक्षण में कराएं। इसके साथ ही सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से खोए मोबाइलों की रिकवरी बढ़ाने, एनसीआरपी पोर्टल पर साइबर शिकायतों के त्वरित निस्तारण, एनडीपीएस मामलों के डेटा अपडेट तथा ई-साक्ष्य एवं आई-आरएडी ऐप के प्रभावी उपयोग पर भी विशेष बल दिया गया। आगामी पर्यटन सीजन और कैंची धाम मेले के दौरान भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को प्रभावी मैनपावर प्रबंधन के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सुबह से ही अपने-अपने क्षेत्रों के बॉटलनेक, बैरियर, डाइवर्जन और पार्किंग स्थलों पर मौजूद रहकर यातायात व्यवस्था संभालेंगे। एसएसपी ने स्पष्ट कहा कि पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के साथ शालीन एवं सहयोगात्मक व्यवहार किया जाए, जबकि अराजकता, हुड़दंग या कानून व्यवस्था भंग करने वालों पर सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एसपी क्राइम/यातायात डा. जगद.ीश चंद्र, एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, एसपी संचार रेवाधर मठपाल, सीओ हल्द्वानी अमित कुमार, सीओ भवाली रविकांत सेमवाल, सीओ नैनीताल अंजना नेगी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार सहित समस्त थाना, शाखा, यातायात, सीपीयू प्रभारी एवं पीएसी अधिकारी मौजूद रहे।

### 39 पुलिसकर्मी उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित

गोष्ठी के दौरान अप्रैल माह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कुल 39 पुलिसकर्मियों को एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित पुलिसकर्मियों में एसआई मीनू गौतम, एसआई कृपाल सिंह, आशा बिष्ट, अपर उप निरीक्षक कैलाश चंद्र जोशी, हेड कांस्टेबल वीरेंद्र राम, ललित बिष्ट, महिला कांस्टेबल नयनतारा, भावना जोशी, वंदना नेगी सहित 39 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। विशेष रूप से हेड कांस्टेबल वीरेंद्र राम कोतवाली बनभूलपुरा द्वारा 222 लंबित मालों का निस्तारण, महिला कांस्टेबल नयनतारा कोतवाली हल्द्वानी द्वारा 200 लंबित मामलों का निस्तारण तथा हेड कांस्टेबल ललित बिष्ट कोतवाली कालाढूंगी द्वारा 35 लंबित मामलों के निस्तारण के लिए उनकी सराहना की गई।

# जल्द सुधारी जाएं सड़कें: बाजपेयी

## यूयूएसडीए परियोजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एडीबी सहायतित उत्तराखंड शहरी क्षेत्र विकास एजेंसी (यूयूएसडीए) परियोजना के अंतर्गत चल रहे सीवरेज, पेयजल, सड़क पुनर्निर्माण एवं वर्षा जल प्रबंधन कार्यों की समीक्षा बैठक में अधिका.रियों को लंबित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी एवं नगर आयुक्त परितोष वर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को नगर निगम सभागार में बैठक हुई। बैठक में यूयूएसडीए की उप कार्यक्रम निदेशक मृदुला सिंह ने बताया कि परियोजना के तहत अब तक 216 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है, जबकि 94 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य अभी शेष है। इनमें 64 किलोमीटर बिटुमिनस (बीटी) और 30 किलोमीटर सीसी सड़क का निर्माण किया जाना है। अधिकारियों ने सीवर कार्यों से प्रभावित 10 किलोमीटर सड़क को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने तथा शेष सभी सड़क निर्माण कार्य 20 जून से पहले समाप्त करने के निर्देश दिए। साथ ही कुसुमखेड़ा, कठघरिया और ऊंचापुल चौराहे पर चल रहे कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने और तीनपानी से मंडी तक के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। शनि बाजार नाले के डायवर्सन कार्य के लिए रेलवे विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र



(एनओसी) प्राप्त करने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने और रेलवे अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। वही देवखड़ी नाले की डिसिल्टिंग का लगभग 30 प्रतिशत कार्य पूरा होने की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने कार्य में और तेजी लाने के लिए अतिरिक्त मशीनरी और वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। जीएसटी कार्यालय के पास देवखड़ी नाले और सिंचाई नहर के संगम स्थल पर सुरक्षा उपायों के तहत साइफन निर्माण की संभावनाओं का परीक्षण करने के निर्देश भी दिए गए। विद्युत विभाग को गौला पुल से नरीमन चौराहे तक नई विद्युत लाइन को एक जून से चार्ज करने और पुराने विद्युत पोल हटाने के निर्देश दिए गए। वहीं तीनपानी से मंडी तक 33 केवी लाइन को भूमिगत करने के लिए संयुक्त निरीक्षण कर एक माह के भीतर कार्य पूरा करने को कहा गया। बैठक में राजपुरा और सुभाष नगर क्षेत्रों में पेयजल लाइन बिछाने और सड़क पुनर्निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा ऊंचापुल चौराहे पर सिंचाई नहर को डायवर्ट कर चौराहे के निर्माण कार्य को जल्द शुरू करने पर जोर दिया गया। सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी ने कहा कि शहर के विकास कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में उप कार्यक्रम निदेशक मृदुला सिंह, परियोजना प्रबंधक कुलदीप सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड नगर प्रदीप कुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड ग्रामीण एसके गुप्ता, अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड हल्द्वानी दिनेश रावत, अधिशासी अभियंता पेयजल निगम शशिभूषण शाह, जल संस्थान रवि लोशाली, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग ललित तिवारी रहे।

## फिर से जुड़ी रिश्तों की डोर: 14 मामलों की सुनवाई, तीन में बनी सहमति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** महिलाओं से जुड़े उत्पीड़न और पारिवारिक विवादों के मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को पुलिस बहुद्देशीय भवन में महिला ऐच्छिक ब्यूरो का मासिक काउंसलिंग सत्र आयोजित किया गया। सत्र की अध्यक्षता एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने की। बैठक में महिलाओं से संबंधित शिकायतों और प्रकरणों की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की बात विस्तार से सुनी गई। काउंसलिंग सत्र में ऐच्छिक ब्यूरो की सदस्य एवं मनोवैज्ञानिक काउंसलर डा. रश्मि पंत, शिक्षाविद डा. प्रभा पंत तथा अधिवक्ता राम सिंह बसेड़ा भी मौजूद रहे। महिला समाधान केंद्र हल्द्वानी की प्रभारी उपनिरीक्षक सुनीता कुंवर ने कुल 14 प्रकरण ऐच्छिक ब्यूरो के समक्ष प्रस्तुत किए। सभी मामलों में दोनों पक्ष काउंस.लिंग के लिए उपस्थित हुए और उनकी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। काउंसलिंग के दौरान आठ मामलों में मुकदमा दर्ज करने के आदेश जारी किए गए। वहीं तीन मामलों में दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से समझौता कराया गया। इसके अलावा तीन मामलों को अग्रिम कार्रवाई और आदेश के लिए न्यायालय को भेज दिया गया। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और न्याय सुनिश्चित करना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि महिलाओं से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित जांच और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पारिवारिक विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए महिला ऐच्छिक ब्यूरो के माध्यम से नियमित रूप से काउंसलिंग सत्र आयोजित किए जा रहे है।

## फर्नीचर शोरूम में हुई चोरी का खुलासा, दो धरे

**हल्द्वानी।** बीते दिनों बरेली रोड स्थित एक फर्नीचर शोरूम में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने चोरी किया हुआ विद्युत और कॉपर का सामान भी बरामद किया है। पुलिस ने दोनो शातिर चोरो के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से दोनो को जेल भेजा दिया। जानकारी के बीते 28 मई को गोल्ज्यू फर्नीचर इंडस्ट्रीज बरेली रोड मोतीनगर के संचालक मयंक मित्तल ने कोतवाली हल्द्वानी में तहरीर देकर बताया था कि बीती 25 मई की रात अज्ञात चोर उनके शोरूम से बिजली की केबल, एसी की कॉपर पाइप लाइन, विद्युत तार और अन्य बिजली का सामान चोरी कर ले गए। तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी। जांच के दौरान मंडी क्षेत्र से पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिनके पास से चोरी किया हुआ सफेद रंग के केबल तारों के गुच्छे, काले रंग का एल्यूमीनियम विद्युत तार, कॉपर तार का गुच्छा तथा नीले रंग के विद्युत तार बरामद किए है। पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम सूर्य प्रकाश मौर्य उर्फ जुल्फि पुत्र रामपाल मौर्य निवासी बहेड़ी बरेली और दयाल सिंह गड़िया उर्फ धीरज पुत्र कुंवर सिंह गड़िया निवासी कपकोट बागेश्वर बताया। जो वर्तमान में गोरापड़ाव क्षेत्र में रह रहे थे।

# नशामुक्ति केन्द्र का एसडीएम मोनिका ने किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** साईं कृपा ट्रस्ट द्वारा संचा.लित नशा मुक्ति केंद्र का शनिवार को जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने निरीक्षण किया। जांच के दौरान लाइसेंस और अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित कई कमियां सामने आने पर संस्थान प्रबंधन को निर्धारित समय सीमा के भीतर उन्हें दूर करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम मोनिका आर्य के नेतृत्व में हुए निरीक्षण में टीम ने केंद्र में उपलब्ध अभिलेखों, लाइसेंस संबंधी दस्तावेजों, आधारभूत सुविधाओं और अन्य व्यवस्थाओं का विस्तृत परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि संस्थान के पास नियमित लाइसेंस उपलब्ध नहीं है और केंद्र वर्तमान में प्रोविजनल लाइसेंस के आधार पर संचालित किया जा रहा है। इसके अलावा केंद्र में कार्यरत पांच कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन भी पूर्ण नहीं पाया गया। संयुक्त निरीक्षण दल ने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया, जिसमें विभिन्न कमियां परिलक्षित हुई। अधिकारियों ने संस्थान प्रबंधन को आवश्यक अभिलेख अद्यतन रखने तथा सभी कमियों को निर्धारित समयावधि के भीतर दूर करने के निर्देश दिए। एसडीएम मोनिका ने कहा कि नशा मुक्ति केंद्रों का संचालन शासन द्वारा निर्धारित मानकों और नियमों के अनुरूप होना अनिवार्य है। उपचाररत व्यक्तियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण को देखते हुए किसी भी प्रकार की अनियमितता को गंभीरता से लिया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के आधार पर तैयार की गई विस्तृत जांच रिपोर्ट आगे की कार्रवाई के लिए डीएम ललित मोहन रयाल को भेजी गयी है।

## इंस्टाग्राम पर बाल यौन शोषण संबंधी वीडियो साझा करने के आरोप में युवक पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सोशल मीडिया पर बाल यौन शोषण से संबंधित आपत्तिजनक वीडियो प्रसारित करने के मामले में नैनीताल पुलिस ने हल्द्वानी निवासी एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी पर इंस्टाग्राम के माध्यम से बाल अश्लीलता से जुड़ी सामग्री साझा करने का आरोप है। मामले का खुलासा उस समय हुआ जब भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा संचालित नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से एक शिकायत एसएसपी नैनीताल को प्राप्त हुई। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच साइबर सेल नैनीताल को सौंपी गई। साइबर सेल प्रभारी मीनू गौतम के नेतृत्व में टीम ने तकनीकी जांच शुरू की। जांच के दौरान संदिग्ध इंस्टाग्राम प्रोफाइल की गतिविधियों का विश्लेषण किया गया। जांच में पाया गया कि वार्ड नंबर-22, किदवई नगर हल्द्वानी निवासी आशु अहमद मलिक ने 28 दिसंबर 2025 को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से बाल यौन शोषण से संबंधित अत्यंत आपत्तिजनक और अश्लील सामग्री इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रसारित की थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# कमल पपनै अध्यक्ष अशोक बने महामंत्री

## उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के निर्विरोध चुनाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के प्रदेश स्तरीय चुनाव एन-2 ग्रीन वेंडिंग प्वाइंट, देहरादून में निर्विरोध रूप से सम्पन्न हुए। चुनाव अधिकारी राज सिंह राठी, रामअवध



यादव एवं दीपक साह के दिशा-निर्देश में प्रदेश भर से आए पदाधिकारियों की सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनाव में कमल पपनै को प्रदेश अध्यक्ष तथा अशोक चौधरी को महामंत्री चुना गया। वहीं केपी सिंह को कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा उपाध्यक्ष पद पर उदयवीर सिंह, दयाल जोशी, बलदेव सिंह एवं हरीश जोशी को चुना गया। उपमहामंत्री पद पर एलडी पालीवाल, प्रांतीय संयुक्त मंत्री पद पर ललित प्रसाद, गुरुवेल सिंह, गोपेश्वर श्रीवास्तव, जितेंद्र कुमार एवं प्रवीण सैनी को जिम्मेदारी दी गई। प्रांतीय संगठन मंत्री के रूप में अबरार अहमद, प्रांतीय प्रवक्ता कृष्णपाल सिंह, कार्यालय सचिव रविश गौतम, कोषाध्यक्ष कमल धामा को चुना गया। मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी मुकेश शर्मा को सौंपी गई। जबकि कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अख्तर चौधरी, नवीन लोहनी, जितेंद्र कुमार मिंटू, भूपेंद्र राठी, सचिन राठी, ममता बिष्ट, कैलाश कांडपाल, अवनीत कुमार एवं अंकित खोकर को शामिल किया गया। नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै एवं महामंत्री अशोक चौधरी ने चुनाव के बाद प्रदेश भर के कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों ने जो विश्वास जताया है, उस पर वे खरा उतरने का प्रयास करेंगे और यूनियन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए संघर्ष करेंगे। उन्होंने बताया कि यूनियन की प्रमुख मांगों में परिवहन निगम के लिए 2000 नई बसों का बेड़ा शामिल करना, जिसमें अधिकतम इलेक्ट्रिक बसें हों, शामिल है। इसके साथ ही विशेष श्रेणी, संविदा, तथा वेतनमान में 2000 ग्रेड पे को बढ़ाकर 2400 किए जाने की मांग का संकल्प भी लिया है। इस मौके पर देहरादून, नैनीताल एवं टनकपुर मंडलों के विभिन्न डिपो से सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।

### हरेंद्र कुमार हुए सेवानिवृत्त

हल्द्वानी। उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के पूर्व प्रदेश उपमहामंत्री एवं केंद्र प्रभारी हरेंद्र कुमार शनिवार को 37 वर्षों की लंबी सेवा के बाद सेवा.निवृत्त हो गए। इस अवसर पर देहराद.ून स्थित इंटो ग्रीन वेडिंग प्वाइंट में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों कर्मचारियों ने शामिल होकर हरेंद्र कुमार को भावभीनी विदाई दी और उनके सेवाकाल को यादगार बताया। पूरे समारोह में भावनात्मक माहौल देखने को मिला, जहां सहकर्मियों ने उनके योगदान और संगठन के प्रति समर्पण को सराहा। इस मौके पर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै, महामंत्री अशोक चौधरी, सहायक महाप्रबंधक प्रतीक जैन, सहायक महाप्रबंधक शिव प्रताप मनराल, अजित सिंह आदि थे।

# नदी संरक्षण कार्य में तेजी लाएं: रॉय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम सभागार में जिला गंगा समिति की समीक्षा बैठक शनिवार को अपर जिलाधिकारी विवेक राय की अध्यक्षता में वीडियो, भौतिक एवं वर्चुअल माध्यम से सम्पन्न हुई। बैठक में गंगा नदी एवं उसकी सहायक नदियों के संरक्षण तथा प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि नदियों में छोड़े जाने वाले जल को पूर्णत: शुद्ध एवं स्वच्छ किया जाए, ताकि गंगा नदी को प्रदूषण से सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण प्रणाली को नियमित एवं सुदृढ़ करने पर जोर दिया।



एडीएम विवेक राय ने एसटीपी कैंचीधाम की प्रगति की भी समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों से अद्यतन जानकारी प्राप्त की। उन्होंने परियोजना कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि जिला गंगा समिति से संबंधित प्रगति रिपोर्ट प्रत्येक माह नियमित रूप से प्रस्तुत की जाए, ताकि विभिन्न योजनाओं एवं कार्यो की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जा सके। बैठक में सदस्य सचिव एवं प्रभागीय वनाधिक.ारी हिमांशु बागरी, अधिशासी अभियंता पेयजल निगम राशि भूषण साह, उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से आयुष नेगी, पर्यावरण कार्यकर्ता चन्दन सिंह नयाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मौजूद रहे।

# सिंथिया में मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 47 छात्रों की हौंसला अफज़ाही




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सीबीएसई की कक्षा 10 और 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. प्रवीन्द्र कुमार रौतेला ने अभिभावकों के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में कक्षा 10 के 31 और कक्षा 12 के 16 विद्यार्थियों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डा. रौतेला ने छात्रों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में केवल अंकों का महत्व नहीं होता, बल्कि संस्कार, व्यवहार और कार्यकुशलता भी सफलता की महत्वपूर्ण आधारशिला है। परीक्षा में प्राप्त अंक समय के साथ पीछे छूट जाते है, लेकिन जीवन को बेहतर ढंग से जीने के लिए अर्जित संस्कार और कौशल हमेशा साथ रहते है। समारोह में विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना, नृत्य और संगीत की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। विद्यालय स्तर पर कक्षा 12 में सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाली अंशिका गर्ग तथा कक्षा 10 में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली मानवी शर्मा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अलावा प्रेरणा, निकिता, शौर्य, कृष्णा, पंकज, विनीत, भावेश, हिमांशु, तानु, वैभव, ऋतिक, गौरव, प्रणव, शुभम, वर्तिका, निहारिका, दीपक, वंशिका, सृष्टि, काशवी, प्राची, विशेष, निशा, मानस, योगेश, तक्षिता, गौरव गोस्वामी, आदित्य, मिताली, दिव्यांश, महाश्री, अदिति, मानसी, निश्चय, ज्योतिरादित्य, नेहा, शौर्य हर्बोला, खुशी, साक्षी, गुंजन, प्रियंक, अनामिका, मेधा, सर्वेश और तन्वी को भी विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अभिभावक, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## पार्किंग की आड़ में रोड क्रॉसिंग शुल्क की अवैध वसूली

**भीमताल।** पर्यटन नगरी भीमताल में रोड क्रॉसिंग शुल्क के नाम पर हो रही अवैध वसूली के मामले में सीडीओ नैनीताल ने कड़ा रुख अपनाया है। सामा.जिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी द्वारा इस संबंध में सौंपी गई 22 पन्नों की विस्तृत फाइल को सीडीओ ने हर साक्ष्य सहित गौर से पढ़ा और मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं।

GMVN
गढ़वाल मण्डल विकास निगम लि0
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
पंजीकृत कार्यालय-74/1 राजपुर रोड़, देहरादून।
E-Mail: gmvngstming@gmail.com, Ph.: 0135- 2744408, 2746817, 2749308
पत्रांक: 120/दस/तीन-05 दिनांक: 30.05.2026

अल्पकालीन ई-निविदा

गढ़वाल मण्ड़ल विकास निगम द्वारा जनपद टिहरी क्षेत्रान्तर्गत आवंटित एवं पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त राजस्व लॉट श्रीपुर में अल्पकालीन ई-निविदा प्रकिया के माध्यम से चुगान संक्रियाओं के संचालन हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित की जाती है। अल्पकालीन ई-निविदा में प्रतिभाग हेतु पात्रता, लॉटों का विवरण, धरोहर धनराशि, हैसियत धनराशि, एवं निविदा प्रपत्र प्राप्त करने, जमा करने एवं पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तों तथा अन्य शर्तों एवं प्रतिबन्धों की जानकारी उत्तराखण्ड राज्य की अधिकृत वेबसाइट www.uktenders.gov.in एवं प्रभारी खनन, गढ़वाल मण्ड़ल विकास निगम लि0, 65 डी राजपुर रोड, देहरादून से दिनांक 01.06.2026 से दिनांक 08.06.2026 अपरान्ह 2.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदादाता ई-निविदा डालने से पूर्व लॉट का निरीक्षण कर उपखनिज की मात्रा, क्षेत्र की स्थिति एवं निकासी मार्ग आदि की जानकारी प्राप्त कर लें।

प्रबन्धक निदेशक

पावर ट्रॉंसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
अधिशासी अभियन्ता (मुख्यालय भुगतान इकाई), कार्यालय विद्युत भवन, नजदीक आई०एस०बी०टी० क्रासिंग, सहारनपुर रोड़, माजरा, देहरादून-248002
दूरभाष नं0 0135-2646000-212 फैक्स नं0 0135-2643050 Email:- hqpu@ptcul.org
PTCUL

निविदा सूचना

इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु निविदायें दिनांक **25.06.2026** को 14.00 बजे तक पंजीकृत/स्पीडपोस्ट द्वारा आमन्त्रित की जाती हैं, जो उसी दिन 15:00 बजे उपस्थित निविदादाताओ के सम्मुख खोली जायेगी। प्रतिष्ठित निविदादाता जो सम्बन्धित कार्यों का अनुभव प्रमाणपत्र रखते है व इनकम टैक्स/जी.एस. टी./ ई.पी.एफ. में रजिस्टर्ड है, के द्वारा निविदा प्रपत्र दिनांक **23.06.2026** तक किसी भी कार्य दिवस में अनुरोध पत्र के साथ निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 100.00 +18% जी.एस.टी० अर्थात् रू0 118.00 (प्रतिदेय) का किसी भी राष्ट्रीय बैंक द्वारा जारी बैंक ड्राफ्ट जो Executive Engineer, HQPU, PTCUL के पक्ष में देय हो, जमाकर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा की धरोहर धनराशि रू० 3,000.00 हैं।

1) **T-06/2026-27:** पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" बिल्डिंग के द्वितीय तल पर Cabin Partion करवाने का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित अनुरक्षण कार्य (अनुमानित लागत रू0 99,700.00)।
2) **T-07/2026-27:** पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" विभिन्न तलों पर स्थापित कार्यालयों में PVC Paneling स्थापित करवाने का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित अनुरक्षण कार्य (अनुमानित लागत रू0 98,700.00)।
3) **T-08/2026-27:** पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" में स्थापित विभिन्न कार्यालय में उपलब्ध विभिन्न प्रकार की टूटी हुई फर्नीचर सामग्री की मरम्मत करवाने का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य (अनुमानित लागत रू0 98,500.00)
4) **T-09/2026-27:** पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" बिल्डिंग परिसर में खराब Street Light के स्थान पर नई Street Light की आपूर्ति एवं मरम्मत का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य (अनुमानित लागत रू0 99,500.00)।
5) **T-10/2026-27:** पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" बिल्डिंग में विभिन्न तलों पर स्थापित कार्यालयों एवं कोरिडोर / गैलेरी हेतु 10 नं0 CCTV Cameras, Lan Cable सहित क्रय करने तथा स्थापित करवाने का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य (अनुमानित लागत रू0 99,600.00)।

पत्रांक: 926/मु0भु0इ0/पिटकुल/विज्ञापन
दिनांक: 30.05.2026

अधिशासी अभियन्ता
(मु0भु0इ0)

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"

# नैनीताल जनपद की झीलों का होगा पुनर्विकास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड शासन के आवास एवं राज्य संपति विभाग के सचिव डा. आर राजेश कुमार ने शनिवार को नैनीताल जिले में विभिन्न विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान झीलों के पुनर्विकास, पर्यटन सुविधाओं के विस्तार एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु संचालित एवं प्रस्तावित परियोजनाओं की प्रगति का विस्तृत अवलोकन किया गया। इस दौरान भीमताल झील के पुनर्विकास एवं सौंदर्यीकरण हेतु लगभग 25.67 करोड़ की डीपीआर तैयार की गई। इस योजना के अंतर्गत झील के आसपास स्थित प्रमुख पार्कों का पुनर्विकास, दीनदयाल पार्क के समीप बोटिंग डॉक का विकास, झील



किनारे 4210 मीटर लंबा कॉबल स्टोन पैदल मार्ग, उद्यानों का सौंदर्यीकरण, पार्किंग व्यवस्था में सुधार, सोलर स्ट्रीट लाइटिंग एवं स्ट्रीट फर्नीचर की स्थापना जैसे कार्य प्रस्तावित हैं। निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा इन सभी कार्यों को प्रस्तावित मानकों के अनुरूप शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिका.रियों को दिए गए जबकि नौकुचियाताल झील के सौंदर्यीकरण हेतु लगभग 20.97 करोड़ की योजना के अंतर्गत बोटिंग स्टैंड, प्रतीक्षालय एवं टिकट काउंटर, पार्किंग सुविधा, फ्लोटिंग जेट्ट तथा 2089 मीटर लंबा पैदल मार्ग, गज़ीबो निर्माण, व्यूपॉइंट्स, लैंडस्केपिंग एवं सोलर लाइटिंग जैसी सुविधाओं का विकास प्रस्तावित है। कमलताल क्षेत्र में ओपन शॉपिंग सेंटर 50 मीटर लंबा पैदल पुल, 100 मीटर पैदल मार्ग, पार्किंग व्यवस्था, सोलर लाइटिंग एवं लैंडस्केपिंग जैसे कार्य प्रस्तावित हैं। इसके साथ ही भवाली में लकड़ी टाल क्षेत्र में मल्टीलेवल कार पार्किंग एवं व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

इस परियोजना में बेसमेंट में पार्किंग तथा भूतल एवं प्रथम तल पर लगभग 40 दुकानों का निर्माण प्रस्तावित है। कार्य की प्रगति लगभग 96 प्रतिशत पूर्ण हो चुकी है और पूर्ण होने पर यहां 124 वाहनों के लिए पार्किंग सुविधा मुहैया होगी। अधिकारियों को शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कर संचालन प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। नैनीताल के मल्लीताल क्षेत्र में सरोवर पार्किंग निर्माण हेतु लगभग 42.77 करोड़ की परियोजना स्वीकृत है जिसके अंतर्गत 605 चार पहिया एवं 202 दो पहिया वाहनों के लिए पार्किंग सुविधा विक.सित की जाएगी।

इसके अतिरिक्त नैनीताल क्लब के समीप नगर पालिका भूमि पर ऑटोमेटेड पार्किंग हेतु 30.43 करोड़ की परियोजना प्रस्तावित है जिससे 202 चार पहिया एवं 96 दो पहिया वाहनों के लिए पार्किंग सुविधा मुहैया होगी। निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्ता एवं निर्धारित समयसीमा के अनुरूप पूर्ण किया जाए। नैनीताल-हल्द्वानी मार्ग स्थित अशोक पार्किंग स्थल का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया गया कि पूर्व में स्वीकृत धनराशि का उपयोग करते हुए पार्किंग निर्माण हेतु आवश्यक कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित की जाए ताकि यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाया जा सके। निरीक्षण के दौरान डीडीए सचिव विजयनाथ शुक्ल, प्रोजेक्ट मैनेजर उत्तराखंड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम संदीप सिंह रावत, प्रोजेक्ट मैनेजर उत्तराखंड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम दिवाकर बडोनी, अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग कमलेश जोशी, प्रोजेक्ट सेल ऑफिसर जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण अनिल कुमार तड़ागी, सहायक अभियंता डीडीए शिवम धीमान, अभिषेक कुमार तथा अवर अभियंता अभिषेक कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# श्रद्धा कपूर का माइकल जैक्सन के गाने पर फनी डांस

## कथित बॉयफ्रेंड को टैग कर लिखाः कोई ऐसा ढूंढो जो आपका ऐसा डांस निकाल पाए

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपना एक फनी डांस वीडियो शेयर किया। वीडियो में वह पजामा पहनकर डांस करती नजर आईं। श्रद्धा ने माइकल जैक्सन के गाने बैड पर डांस किया।

जिसमें उनके मजेदार और एनर्जेटिक मूव्स दिख रहे हैं। हालांकि, वीडियो के साथ-साथ उनके कैप्शन ने लोगों का ध्यान खींचा। अपने कथित बायफ्रेंड राहुल मोदी को टैग करते हुए उन्होंने लिखा, 'कोई ऐसा ढूंढो जो आपका ऐसा डांस निकाल पाए।' जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह वीडियो राहुल मोदी ने रिकार्ड किया है। श्रद्धा और राहुल के रिश्ते की चर्चा पहली बार 2024 की शुरुआत में तब हुई, जब दोनों को मुंबई में एक डिनर डेट के बाद साथ देखा गया था। हालांकि, दोनों ने अपने रिश्ते को सार्वजनिक रूप से कभी स्वीकार नहीं किया है, लेकिन उन्हें अक्सर साथ स्पाट किया गया है। वहीं, इसी साल जनवरी के महीने में सोशल मीडिया पर श्रद्धा की शादी की चर्चाएं तेज हुई थीं। दावा किया गया था कि श्रद्धा अपने कथित बायफ्रेंड राहुल मोदी के साथ जल्द ही शादी के बंधन में बंध सकती हैं। दरअसल, एक पोस्ट में दावा किया गया था कि श्रद्धा और राहुल की शादी राजस्थान के उदयपुर में हो सकती है। जिसके बाद इन दावों पर श्रद्धा के भाई और एक्टर सिद्धांत कपूर ने मजेदार अंदाज में प्रतिक्रिया दी थी। सिद्धांत ने इंस्टाग्राम पर वायरल हो रही एक पोस्ट के कमेंट सेक्शन में हैरानी और हंसी वाले इमा. जी के साथ लिखा था, 'ये तो मेरे लिए भी न्यूज है।


**दावा किया गया था कि श्रद्धा अपने कथित बायफ्रेंड राहुल मोदी के साथ जल्द ही शादी के बंधन में बंध सकती हैं। दरअसल, एक पोस्ट में दावा किया गया था कि श्रद्धा और राहुल की शादी राजस्थान के उदयपुर में हो सकती है।**

# बंदर के किरदार से है बॉबी देओल का गहरा कनेक्शन



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल ने अपनी आगामी फिल्म बंदर में निभाए जा रहे किरदार को लेकर अपने अनुभव साझा किए हैं। फिल्म का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है, जिसके बाद इसे लेकर दर्शकों में उत्साह बढ़ गया है।फिल्म का निर्देशन अनुराग कश्यप ने किया है और इसे निखिल द्विवेदी के सैफरन मैजिकवर्क्स तथा जी स्टूडियोस के सहयोग से बनाया गया है। बॉबी देओल ने कहा कि वह जिस माहौल में बड़े हुए हैं, वहां उन्होंने हमेशा अपने परिवार, विशेषकर बहनों की सुरक्षा और उनके भविष्य को लेकर चिंता महसूस की। उन्होंने बताया कि पुरुष-प्रधान समाज में पले-बढ़े होने के कारण उनके भीतर एक अलग तरह की संवेदनशीलता विकसित हुई है, जो उनके इस किरदार में भी दिखाई देती है। फिल्म में बॉबी देओल समीर मेहरा का किरदार निभा रहे हैं, जो एक ढलता हुआ पॉप स्टार है और यौन शोषण के आरोपों के बाद कोर्टरूम ड्रामा और मीडिया ट्रायल का सामना करता है। कहानी एक जटिल कानूनी और सामाजिक संघर्ष को दर्शाती है, जिसमें वह खुद को निर्दोष साबित करने की कोशिश करता है। 'बंदर' को सुदीप शर्मा और अभिषेक बनर्जी ने लिखा है, जो 'पाताल लोक', 'कोहरा' और 'उड़ता पंजाब' जैसी सराही गई कहानियों के पीछे की मशहूर जोड़ी हैं।

# पारुल गुलाटी ने सूफी बिस्मिल के साथ मनवा मेरा में एक नया म्यूजिक वीडियो जारी किया



**मुंबई।** अभिनेत्री और उद्यमी पारुल गुलाटी ने मशहूर भारतीय सूफी सिगर बिस्मिल के साथ रिलीज हुए नए म्यूजकि वीडियो 'मनवा मेरा' में अपनी दमदार मौजूदगी से दर्शकों का दिल जीत लिया है। 29 मई को रिलीज हुए इस गाने ने सोशल मीडिया पर आते ही चर्चा बटोरनी शुरू कर दी है। फैंस इस भावनात्मक जुड़ाव और म्यूजकि वीडियो की शानदार विजुअल स्टोरीटेलिग की जमकर तारीफ कर रहे हैं। मनवा मेरा एक रोमांटिक म्यूजकिल अनुभव है, जिसमें प्यार, जलन, तड़प और पजे. सिवनेस जैसी भावनाओं को खूबसूरती से दिखाया गया है। बिस्मिल की सूफियाना आवाज और शानदार विजुअल्स मिलकर इस गाने को बेहद इमोशनल और इंटेंस बनाते हैं। इस म्यूजकि वीडियो की सबसे बड़ी खासियत पारुल गुलाटी का अलग-अलग लुक्स और शेड्स में नजर आना है, जो उनके किरदार के कई पहलुओं को सामने लाता है। यह पारुल गुलाटी और बिस्मिल का पहला साथ काम करने वाला प्रोजेक्ट है, जिसमें दो अलग-अलग क्रिएटिव दुनिया के कलाकार एक साथ आए हैं। जहां बिस्मिल की सूफी गायकी गाने को गहराई देती है, वहीं पारुल की स्क्रीन प्रेजेंस और स्टाइलिग वीडियो को और भी खास बनाती है।

# होम्बले फिल्मस ने किया एलो का नाय पहला वार का ऐलान

**मुंबई।** मशहूर प्रोडक्शन हाउस 'होम्बले फिल्म्स' ने आधिकारिक तौर पर अपनी पहली हिप-हॉप म्यूजिकल स्टोरी 'एतो का नाय' का एलान कर दिया है।

अलग-अलग संस्कृतियों और भाषाओं में अपनी कहानियों का दायरा बढ़ाते हुए, प्रोडक्शन हाउस ने इस फिल्म के हिंदी वर्जन एतो का नाय-पहला वार की भी घोषणा की है। यह युवाओं के कल्चर, रिदम, इमोशन और असलियत से सजी एक बेहद फ्रेश और एनर्जेटिक म्यूजिकल जर्नी की शुरुआत है, जिसकी पूरी कहानी सपनों के शहर मुंबई के बैकड्रॉप पर आधारित है। अलग-अलग फिल्म इंडस्ट्रीज में लगातार सफलता का परचम लहराने वाले 'होम्बले फिल्म्स' ने भारत के अग्रणी कंटेंट-ड्रिवन प्रोडक्शन बैनर्स में अपनी एक मजबूत जगह बनाई है। यह बैनर क्षेत्रीय कहानियों को उनके इमोशनल और सांस्कृतिक वजूद को बरकरार रखते हुए एक बड़े सिनेमाई स्तर पर लाने के लिए जाना जाता है।

# शादी और उम्र पर ट्रोल करने पर भड़कीं शमिता

**मुंबई।** शिल्पा शेट्टी की बहन और एक्ट्रेस शमिता शेट्टी ने सोशल मीडिया पर अपनी उम्र और शादी को लेकर कमेंट करने वाले ट्रोलर्स को कड़ा जवाब दिया है। इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक स्क्रीनशाट शेयर करते हुए शमिता ने उन लोगों पर निशाना साधा जो सिंगल महिलाओं को ऐज-शेम करते हैं। 47 वर्षीय शमिता ने कहा कि वे शादी करने की किसी जल्दबाजी में नहीं हैं और अपनी जिंदगी में बेहद फिट और खुश हैं। उन्होंने ट्रोलर्स की पुरुष-प्रधान और पिछड़ी सोच पर आपत्ति जताते हुए उन्हें तुरंत अनफालो करने की सलाह दी है। शमिता शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक ट्रोलर की पोस्ट का स्क्रीनशाट शेयर किया। इसमें यूजर ने लिखा था कि आपकी उम्र हो गई है और अब पहले वाली बात नहीं रही। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए शमिता ने लिखा, श्हां, मैं अब अलग दिखूंगी। समय के साथ चीजें बदलती हैं और यह जीवन का प्राकृतिक नियम है। शारीरिक बनावट सहित कुछ भी हमेशा के लिए एक जैसा नहीं रहता। लेकिन अपनी उम्र के हिसाब से मैं पूरी तरह स्वस्थ, फिट और खुश हूं। मेरे लिए सिर्फ यही मायने रखता है। यूजर ने शमिता की शादी को लेकर भी टिप्पणी की थी कि अगर समय पर शादी कर लेतीं तो आज बच्चे बड़े हो गए होते।

## मैं ओपन रिलेशनशिप में हूं: शहाना गोस्वामी

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस शहाना गोस्वामी ने हाल ही में बताया कि वह बिना किसी प्राइमरी पार्टनर के ओपन रिलेशनशिप में हैं। सिद्धार्थ कन्नन को दिए इंटरव्यू में शहाना ने कहा कि फिलहाल मेरी जिंदगी में ऐसा कोई एक खास पार्टनर नहीं है। मेरी जिंदगी में कई लोग हैं, जिनसे मेरा लंबे समय से जुड़ाव है, लेकिन ये रिश्ते कैजुअल नहीं हैं। मेरे लिए कोई भी रिश्ता हल्का या टाइमपास नहीं होता।'

उन्होंने आगे कहा कि मेरे लिए ओपननेस का मतलब यह है कि किसी एक इंसान के साथ तय रिश्ता जरूरी नहीं है, लेकिन लोगों के साथ जुड़ाव और अपना. पन बना रहता है। कभी वह सिर्फ दोस्ती होती है, कभी रिश्ता थोड़ा और गहरा भी हो सकता है। हर चीज को किसी एक नाम या दिशा में बांधना जरूरी नहीं है।


यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108


## माधुरी दीक्षित का फेक वीडियो वायरल

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक्ट्रेस एक रिवीलिंग ब्लैक ड्रेस में दिख रही हैं, जिसे देखकर कई लोगों ने उनके पहनावे पर कमेंट करने शुरू कर दिए। हालांकि, वीडियो को लेकर पत्रकार जयदीप पांडेय ने दावा किया कि यह वीडियो फेक एआई वीडियो है। जयदीप ने एक यूजर को रिप्लाई करते हुए लिखा, श्यह माधुरी दीक्षित का एआई से बनाया गया फर्जी वीडियो है। कृपया ऐसी कोई भी चीज पोस्ट या शेयर करने से पहले उसकी सच्चाई की जांच जरूर कर लें। वायरल वीडियो में माधुरी दीक्षित जिस तरह की ड्रेस में दिख रही हैं, वैसी ही ड्रेस उन्होंने 2026 में न्यूज 18 के अवार्ड शो में पहनी थी। कई यूजर्स ने इस वीडियो को शेयर किया। वहीं, एक यूजर की पोस्ट पर कम्यूनिटी नोट जारी कर एक्स (पूर्व में ट्विटर) ने कहा कि वीडियो पूरी तरह से एआई की मदद से तैयार किया गया है।



# कंगना रनौत ने आम इंसान को बताया असली भारत भाग्य विधाता

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने आम इंसान को असली 'भारत भाग्य विधाता' बताया है। कंगना रनौत इन दिनों अपनी नई फिल्म भारत भाग्य विधाता को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस बीच उन्होंने फिल्म के विषय और संदेश पर खुलकर बात की और कई महत्वपूर्ण बातें साझा कीं। फिल्म के बारे में बात करते हुए कंगना ने कहा कि यदि एक दिन के लिए अस्पतालों में नर्सें काम पर न आएं, स्कूलों में स्टाफ न पहुंचे, रेलवे का संचालन ठप हो जाए, शहर की सफाई व्यवस्था बंद हो जाए और सिनेमाघरों का स्टाफ भी छुट्टी पर चला जाए, तो पूरा सिस्टम पूरी तरह रुक सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिन लोगों पर पूरा सिस्टम चलता है, उन्हें हम 'आम आदमी' क्यों कहते हैं। कंगना के अनुसार, यही लोग प्रतिदिन अपने कार्यों से देश और समाज को चलाते हैं, और वास्तविकता में वही देश की असली ताकत हैं, जिन्हें 'भारत भाग्य विधाता' कहा जाना चाहिए। निर्माण पेन स्टूडियो, मणिकर्णिका फिल्म्स, परमहंस क्रिएशन्स, यूनोइया फिल्म्स एलएलपी और फ्लोटिंग रॉक्स एंटरटेनमेंट के सहयोग से किया गया है।

## 'रामायणम्' के सीन्स कोरियोग्राफ करेंगे हॉलीवुड के दिग्गज

**मुंबई।** फिल्म 'रामायणम्' के मेकर्स ने अपने इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को बड़े पैमाने पर और अंतर्राष्ट्रीय स्तर का सिनेमाई अनुभव देने के लिए हॉलीवुड के प्रसिद्ध एक्शन कोरियोग्राफर्स को भी टीम से जोड़ लिया है। 'रामायणम्' भारतीय सिनेमा के अब तक के सबसे भव्य और महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट्स में से एक के रूप में उभर रही है। दो भागों की इस महागाथा का उद्देश्य भारतीय महाकाव्य 'रामायण' को एक नए और वैश्विक सिनेमाई स्तर पर प्रस्तुत करना है, जिसमें दमदार कहानी और वर्ल्ड-क्लास विजुअल्स का शानदार संगम देखने को मिलेगा। रणबीर कपूर, यश, साई पल्लवी और सनी देओल जैसे बड़े सितारों से सजी फिल्म को लेकर दर्शकों में पहले ही जबरदस्त उत्सुकता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर के स्टंट और एक्शन आर्टिस्ट्स में टेरी नोटरी और गाय नॉरिस जैसे नाम शामिल हैं। टेरी नोटरी ने 'प्लैनेट ऑफ द एप्स' और 'द एवेंजर्स' जैसी फिल्मों में काम किया है, जबकि गाय नॉरिस 'मैड मैक्सः फ्यूरी रोड', फ्युरिओसा: ए मैड मैक्स सागा और 'द सुसाइड स्क्वाड' जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। इनका जुड़ना फिल्म के भव्य विजन को और अधिक वैश्विक आयाम देता है।